

7

पुलिस अधिकारी का...

www.swatantramat.com

# स्वतंत्र मत

■ वर्ष 31 अंक 233 ■ जबलपुर शनिवार 14 फरवरी 2026 ■ पृष्ठ 12 ■ मूल्य रु. 3.00



11

जनगणना से ही हर व्यक्ति...

# 'सिंधिया के कारण गई हमारी सत्ता'

## अजय सिंह बोले- यूजीसी को लेकर जनता भ्रम की स्थिति में, समर्थन कैसे करें

भिंड

मध्यप्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह (राहुल भैया) शुक्रवार शाम भिंड पहुंचे। यहां उन्होंने कांग्रेस के नए जिला कार्यालय का विधिवत शुभारंभ किया। कार्यक्रम के बाद उन्होंने पत्रकारों से औपचारिक बातचीत करते हुए केंद्र सरकार की नीतियों और यूजीसी को लेकर कड़ी प्रतिक्रिया दी। अजय सिंह ने कहा कि यूजीसी को लेकर देश की जनता भ्रम की स्थिति में है। आम लोग यह समझ ही नहीं पा रहे हैं कि यह व्यवस्था किस दिशा में जा रही है और इसका समर्थन कैसे किया जाए। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार बिना व्यापक संवाद के ऐसे फैसले ले रही है, जो समाज में नई खाई पैदा कर सकते हैं। उन्होंने मध्यप्रदेश की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि प्रदेश में लंबे समय से भारतीय जनता



पार्टी की सरकार होने के कारण सत्ता का अहंकार साफ नजर आने लगा है। मंत्री और विधायक जनता और पत्रकारों के सवालों का सीधा जवाब देने के बजाय गोलमोल और असंतुलित बयान देते हैं, जिससे सरकार की नीयत और कार्यशैली दोनों पर सवाल खड़े होते हैं।

### जन विश्वास के साथ हुआ धोखा

ग्वालियर-चंबल संभाग में कांग्रेस की पूर्व स्थिति को लेकर पूछे गए सवाल पर अजय सिंह ने कहा कि इस अंचल के कुछ नेताओं ने ही कांग्रेस को नुकसान पहुंचाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जनता से किए गए वादों के साथ छल हुआ, जिसका खामियाजा पार्टी को सत्ता गंवाकर भुगतना पड़ा। उन्होंने सीधे तौर पर केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया पर निशाना साधते हुए कहा कि सिंधिया के कारण ही कांग्रेस के हाथ से सत्ता गई। यह जनता के विश्वास के साथ धोखा था, जिसे प्रदेश की जनता कभी नहीं भूलेगी।

### ग्वालियर-चंबल संभाग के दौरे का जिक्र

अजय सिंह ने बताया कि वे बीते तीन दिनों से ग्वालियर-चंबल संभाग के विभिन्न जिलों और क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की और संगठन की वास्तविक स्थिति को जाना। उन्होंने दावा किया कि ग्वालियर-चंबल संभाग ही नहीं, बल्कि पूरे प्रदेश में बदलाव की लहर साफ दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता अब भाजपा से निराश हो चुकी है और कांग्रेस को एक मजबूत विकल्प के रूप में देख रही है।

### कार्यकर्ताओं में भरपूर ऊर्जा

वर्ष 2028 के विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आने वाले चुनाव में कांग्रेस निश्चित रूप से सत्ता में वापसी करेगी। जनता अब ऐसे दल की तलाश में है, जो उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुने और समाधान करे। अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भरपूर ऊर्जा है। वे जनता के मुद्दों को पूरी दमदारी से उठा रहे हैं। अजय सिंह ने कहा कि कांग्रेस आने वाले समय में संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करेगी और जनता के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष जारी रखेगी।



# 'सेवा तीर्थ' में शिफ्ट होते ही प्रधानमंत्री ने किए बड़े एलान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री कार्यालय आज से सेवा तीर्थ में शिफ्ट हो गया है। 'सेवा तीर्थ' के उद्घाटन के बाद पीएम मोदी ने सबसे पहले महिलाओं, युवाओं और कमजोर नागरिकों के लिए जरूरी फैसलों से जुड़ी फाइलों पर साइन किए। हर नागरिक के लिए जीवन रक्षक सुरक्षा के लिए प्रधानमंत्री ने पीएम राहत स्कीम शुरू करने की मंजूरी दे दी है। इस पहल के तहत, दुर्घटना के शिकार लोगों को 1.5 लाख तक का कैशलेस इलाज मिलेगा। इससे यह सुनिश्चित हो सकेगा कि तुरंत मेडिकल मदद न मिलने से किसी की जान न जाए। प्रधानमंत्री मोदी ने 3 करोड़ लखपति दीदियों का लैंडमार्क पार कर लिया है, जो ओरिजिनल मार्च 2027 टाइमलाइन से एक साल से भी ज्यादा पहले है। प्रधानमंत्री ने अब मार्च 2029 तक 6 करोड़ लखपति दीदियों का एक नया, बड़ा टारगेट रखा है, जिससे स्केल और एस्पिरेशन दोनों दोगुना हो गए हैं। भारत की पूरी एग्रीकल्चर वैल्यू चेन को मजबूत करने के मकसद से, पीएम मोदी ने एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर फंड के खर्च को 1 लाख करोड़ रुपये से बढ़ाकर दोगुना करके 2 लाख करोड़ करने की मंजूरी दी है। भारत के इनोवेशन इकोसिस्टम को पावर देने के लिए, खासकर डीप टेक, शुरुआती स्टेज के आइडिया, एडवांस्ड मैन्युफैक्चरिंग और ब्रेकथ्रू टेक्नोलॉजी में, प्रधानमंत्री ने 10,000 करोड़ के कॉर्पस के साथ स्टार्टअप इंडिया फंड ऑफ फंड 2.0 को मंजूरी दी है।

### 'सेवा तीर्थ' बनाने का खर्च?

यह परिसर विजय चौक के पास बनाया गया है। नए प्रधानमंत्री कार्यालय में तीन मुख्य इमारतें हैं। इस सेवा तीर्थ को बनाने में 1,189 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। सेवा तीर्थ 1, जो कि प्रधानमंत्री का ऑफिस है। सेवा तीर्थ 2, कैबिनेट सचिवालय और सेवा तीर्थ 3, यहां राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तथा राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद सचिवालय के कार्यालय हैं।

### 7 दिन बाद बेऊर जेल से निकले सांसद पप्पू यादव



**पटना।** पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को शुक्रवार को कोर्ट ने तीन मामलों में बेल दे दी। शाम करीब 6 बजे वे बेऊर जेल से बाहर आ गए। कोर्ट ने जमानत देते हुए आदेश दिया कि जब भी मामले की सुनवाई होगी तो उन्हें सशरीर उपस्थित होना होगा। जेल से बाहर आने के बाद पप्पू यादव ने कहा, 'सच बोलना इतना तकलीफदेह होगा कि कोर्ट और थाने के चक्कर काटने पड़ेंगे। ये मुझे नहीं पता था। मुझे नहीं पता कि प्रशासन ने ऐसा क्यों किया। सरकार में एक दो लोग हैं जिन्होंने बदमाशी की है। ... एक दिल्ली के नेता, एक बिहार के नेता और एक पूर्णिया के नेता की ये साजिश थी।

### चार जिलों की कांग्रेस कार्यकारिणी होल्ड

**भोपाल।** जीतू पटवारी के निर्देश पर बनाई गई जिला कांग्रेस कमेटियों में जिला पदाधिकारियों की संख्या अधिक होने पर एआईसीसी ने आपत्ति लेते हुए 4 जिलों छिंदवाड़ा, मऊगंज, झाबुआ और सागर की कार्यकारिणी होल्ड कर दी है। पिछले महीने 30 जनवरी को इन जिलों की कांग्रेस कमेटी घोषित की गई थीं। इस लिस्ट में छिंदवाड़ा की जिला कांग्रेस कमेटी में 250 से ज्यादा पदाधिकारी शामिल थे। जबकि सागर की जिला कार्यकारिणी में 141, मऊगंज की डीसीसी में 59 पदाधिकारी शामिल थे।

### मंत्रालय में पकड़ा गया फर्जी आईएएस

भोपाल। मंत्रालय में हाई सिक्योरिटी के बीच योगेन्द्र सिंह चौहान नाम के एक युवक ने खुद को आईएएस अफसर बताते हुए अपना तबादला कराने के लिए जीएडी के अफसरों से मुलाकात कर ली। जीएडी के अफसरों को सवाल जवाब के दौरान उसकी हरकतें देख समझ में आ गया कि वह फर्जी आईएएस बनकर आया है। इसके बाद उसे मंत्रालय सुरक्षा बल के हवाले कर दिया गया।

### तालाब में गिरी कार, 3 बारातियों की मौत

**विदिशा।** मध्यप्रदेश के विदिशा में गुरुवार देर रात बारातियों से भरी तेज रफ्तार टवेरा कार सूखे तालाब में जा गिरी। हादसे में 3 बारातियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि 7 लोग घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक गैरतगंज से जाफरखेड़ी निवासी दशरथ सिंह के यहां बारात आ रही थी। टवेरा कार में कुल 10 लोग सवार थे।

### एक्टर विजय की रैली में समर्थक की मौत

चेन्नई। तमिलनाडु के सलेम में तमिलगा वेत्री कझगम चीफ विजय की रैली में शुक्रवार को 37 साल के एक समर्थक की हीटस्ट्रोक के कारण मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि महाराष्ट्र का रहने वाला सूरज, विजय से मिलने गया था। वह रैली के दौरान सीने में दर्द की शिकायत के बाद गिर पड़ा।

# एमएसपी को लीगल कब बनाएंगे: कांग्रेस

## लोकसभा में लगे हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे, संसद की कार्यवाही 9 मार्च तक स्थगित

नई दिल्ली



बजट सत्र के 13वें दिन लोकसभा और राज्यसभा की कार्यवाही पूरे दिन नहीं चल पाई। लोकसभा की कार्यवाही करीब 10 मिनट ही चल पाई। वहीं, राज्यसभा की कार्यवाही दो घंटे तक चल पाई। अब दोनों सदनों की कार्यवाही 9 मार्च से शुरू होगी। शुक्रवार को सुबह 11 बजे सदन शुरू होते ही विपक्षी सांसदों ने हरदीप पुरी इस्तीफा दो के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके 5 मिनट बाद ही सदन स्थगित कर दी गई। 12 बजे सदन की कार्यवाही दोबारा शुरू हुई। इस बार हंगामे के बीच एजुकेशन और कानून मंत्रालय से जुड़े कुछ बिल पेश किए। इसके बाद चेयर पर मौजूद संध्या राय ने लोकसभा 9 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। कांग्रेस सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि पंजाब में किसान परेशान हैं। मंत्रीजी बताएं कि एमएसपी को लीगल कब बनाएंगे, इसका सीधा जवाब दें। इस पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा- हमने लागत में 50 फीसदी लाभ जोड़कर एमएसपी तय की है। इनकी सरकार में ऐसा कुछ नहीं था। अब किसान फायदे में हैं। इसलिए खुश भी हैं। बता दें कि, संसद का बजट सत्र दो चरण में हो रहा है। पहला- 28 जनवरी से 13 फरवरी तक है। दूसरा चरण 23 दिन के ब्रेक के बाद 9 मार्च से शुरू होगा, जो 2 अप्रैल तक चलेगा।

### शिवराज ने दिग्विजय सिंह को कहा धन्यवाद

मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के सीहोर, रायसेन और नर्मदापुरम में मूंग की फसल के सवाल के जवाब में कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा- मैं मप्र के पूर्व मुख्यमंत्री को धन्यवाद देना चाहता हूं कि उन्हें मेरे संसदीय क्षेत्र की इतनी चिंता है। सीहोर, रायसेन और हरदा में मूंग की भरपूर पैदावार हो रही है। इसलिए उसके लिए अलग से क्लस्टर की जरूरत नहीं है। मूंग की फसल की वृद्धि के प्रयास हमारी सरकार ने ही किए थे और आज भी हम कर रहे हैं।

### तेज रफ्तार स्कॉर्पियो पेड़ से टकराई, 5 की मौत

**चंडीगढ़।** हरियाणा के गोहाना में बरोदा रोड पर गांव भावड़ के पास एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार स्कॉर्पियो गाड़ी असंतुलित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसे में पांच युवकों की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी युवक एक शादी समारोह से लौट रहे थे. जानकारी के मुताबिक, स्कॉर्पियो में कुल सात युवक सवार थे। सभी गांव भावड़ में शादी में गए थे और वापसी के दौरान यह हादसा हुआ। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

# राहुल गांधी का समर्थन और तेजस्वी यादव पर हमला

मुजफ्फरपुर



बिहार नव निर्माण अभियान की शुरुआत से पहले जन सुराज के सूत्रधार प्रशांत किशोर ने अपने बयानों से राज्य की राजनीति में नई हलचल पैदा कर दी है। एक ओर उन्होंने पूर्वी चंपारण में कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी का समर्थन करते हुए उन्हें संसद में बोलने देने की वकालत की, वहीं मुजफ्फरपुर पहुंचकर राजद नेता तेजस्वी यादव पर भ्रष्टाचार के मुद्दे को लेकर तीखा हमला बोला। राजनीतिक जानकार इसे उनकी भविष्य की राजनीतिक दिशा का संकेत मान रहे हैं। मुजफ्फरपुर के पावर हाउस चौक रोड स्थित एक होटल में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक के दौरान प्रशांत किशोर ने कहा कि आज वोट जनहित के मुद्दों पर नहीं, बल्कि पाकिस्तान और चीन के नाम पर मांगे जा रहे हैं। जनता को यह तय करना है कि उसे सोने का अंडा देने वाली मुर्गी चाहिए या एक बार में पूरी मुर्गी। उन्होंने कहा कि जन सुराज की लड़ाई जनता के हित में है और आगे भी जारी रहेगी। जनता को वोट लेकर ठगा गया है ।

### राहुल गांधी ने किसान नेताओं से कहा

# किसान हितों से समझौता नहीं

नई दिल्ली

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने शुक्रवार को संसद भवन परिसर में देशभर के किसान संगठनों के नेताओं से मुलाकात की। इस बैठक में भारत-अमेरिका अंतरिम व्यापार समझौते के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन शुरू करने और किसानों व खेत मजदूरों की रोजी-रोटी बचाने की जरूरत पर बात हुई। किसान नेताओं ने इस व्यापार समझौते का विरोध किया। उनका कहना था कि समझौते से मक्का, सोयाबीन, कपास, फल और मेवे उगाने वाले किसानों की रोजी-रोटी पर असर पड़ेगा। कांग्रेस के अनुसार, राहुल गांधी ने कहा कि इस समझौते से कृषि उत्पादों के आयात का रास्ता खुल गया है। आगे अन्य फसलें भी इससे प्रभावित हो सकती हैं। बैठक में इस समझौते के विरोध में बड़े स्तर पर राष्ट्रीय आंदोलन करने पर बात हुई। राहुल गांधी से मिलने वालों में अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के



प्रमुख सुखपाल एस खैरा, हरियाणा के भारतीय किसान मजदूर यूनियन के अशोक बलहारा, बीकेयू क्रांतिकारी के बलदेव एस जीरा, प्रोग्रेसिव फार्मर्स फ्रंट के आर. नंदकुमार, बीकेयू शहीद भगत सिंह के अमरजीत एस मोह्री, किसान मजदूर मोर्चा-इंडिया के गुरमनीत एस मंगत और जम्मू-कश्मीर जमीदारा फोरम के हमीद मलिक सहित कई अन्य नेता शामिल थे। यह बैठक उस बयान के एक दिन बाद हुई, जिसमें राहुल गांधी ने कहा था कि सरकार उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करे, केस करे या विशेषाधिकार प्रस्ताव लाए, लेकिन वे किसानों के साथ मजबूती से खड़े रहेंगे। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर आरोप लगाया कि भारत-अमेरिका व्यापार समझौते के जरिए वे देश को बेच रहे हैं और किसान विरोधी हैं। राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ङ्ग पर एक वीडियो जारी कर सरकार की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि कोई भी ऐसा व्यापार समझौता जो किसानों की रोजी-रोटी छीन ले या देश की खाद्य सुरक्षा को कमजोर करे, वह किसान विरोधी है। उन्होंने यह भी कहा कि वे मोदी सरकार को किसानों के हितों से समझौता नहीं करने देंगे।

### राज्यसभा के रिकॉर्ड से हटाए गए खरगे के भाषण के अंश

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष तथा राज्यसभा में नेता विपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सरकार की नीतियों की आलोचना से जुड़े उनके भाषण के बड़े हिस्से को सदन की कार्यवाही से हटाए जाने पर गंभीर आपत्ति जताते हुए इसे लोकतंत्र एवं अभिव्यक्ति की आजादी के खिलाफ बताया है। सभापति सीपी राधाकृष्णन से भाषण के हटाए अंशों को सदन के रिकार्ड में फिर से शामिल किए जाने की मांग करते हुए खरगे ने कहा है कि ऐसा नहीं हुआ तो भाषण का यह हिस्सा वे जनता के बीच जारी करेंगे। बजट सत्र के पहले चरण के अंतिम दिन राज्यसभा में शुक्रवार को यह मुद्दा सभापति के समक्ष उठाते हुए मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि चार फरवरी को राष्ट्रपति अभिभाषण धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान उनके भाषण का महत्वपूर्ण हिस्सा बिना उचित कारण या औचित्य के रिकार्ड से हटा दिया गया है। राज्यसभा की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भाषण की समीक्षा में उन्होंने पाया कि हटाए गए अंश मुख्य रूप से सरकार के संसदीय कामकाज पर तथ्य-आधारित टिप्पणियों और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कुछ नीतियों की आलोचना से संबंधित थे। खरगे ने कहा कि अगर कुछ नीतियां जनमानस पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रही हैं तो नेता प्रतिपक्ष के तौर पर उनकी आलोचना उनका संवैधानिक दायित्व है। जबकि उनकी बातें पूरी तरह धन्यवाद प्रस्ताव चर्चा के विषय से जुड़ी हुई थीं।



# भारतीय नेताओं की जांच कीजिए

**नई दिल्ली।** एपस्टीन फाइल्स से जुड़ा मामला अब भारत के सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया है। एक पत्र-याचिका के जरिए अदालत से मांग की गई है कि इस पूरे प्रकरण की जांच कोर्ट की निगरानी में कराई जाए। याचिका में कहा गया है कि यह मामला संयुक्त राज्य अमेरिका के न्याय विभाग से जारी कथित दस्तावेजों पर आधारित है, जिन्हें जेफरी एपस्टीन फाइल्स कहा गया है। ये दस्तावेज दिवंगत जेफरी एपस्टीन से जुड़े बताए जाते हैं। याचिका में दावा किया गया है कि इन फाइलों में ईमेल, संपर्क सूचियां, उड़ान लॉग और अन्य रिकॉर्ड शामिल हैं। इन रिकॉर्ड में कुछ भारतीय सार्वजनिक हस्तियों के नाम कथित रूप से सामने आने की बात कही गई है। याचिकाकर्ता ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद 32, 129 और 142 के तहत सुप्रीम कोर्ट से स्वत: संज्ञान लेने की मांग की है. याचिका में यह भी आग्रह किया गया है कि सुप्रीम कोर्ट के किसी जज की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय या विशेष समिति गठित की जाए, जो इन रिपोर्टों और आरोपों की सत्यता की जांच कर सके। याचिका में यह मांग भी की गई है कि कथित बैठकों और संपर्कों के आधिकारिक रिकॉर्ड सार्वजनिक किए जाएं। इसके साथ ही विशेष रूप से हरदीप सिंह पुरी के संदर्भ में प्रशासनिक कार्रवाई करते हुए पद से हटाने जैसे निर्देश देने की अपील की गई है।

**सुप्रीम कोर्ट पहुंचा एपस्टीन फाइल्स केस**

# सरल होंगे कारोबार-उद्योगों के नियम कायदे

## मुख्य सचिव ने 31 मई तक विभागों को बदलाव के प्रस्ताव देने कहा

भोपाल

मुख्य सचिव अनुराग जैन ने प्रदेश में व्यवसाय और उद्योगों सहित जनमानस से जुड़े 28 प्राथमिक क्षेत्रों के नियम-कायदों का सरलीकरण करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा है कि इससे संबंधित विभाग 31 मई तक अनुशंसाएं और आवश्यक परिवर्तन पेश करें ताकि आगे की कार्यवाही का फैसला किया जा सके। इस बैठक में यह जानकारी दी गई कि ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के फर्स्ट फेज में 23 प्राथमिकता क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश में दूसरी रैंक मिली है। केंद्रीय वस्त्र मंत्रालय की सचिव एवं ईज ऑफ डूईंग बिजनेस टास्क फोर्स की चेयरपर्सन नीलम शमी राव की उपस्थिति में शुक्रवार को मंत्रालय में हुई टास्क फोर्स की बैठक में मुख्य सचिव जैन ने कहा कि मध्यप्रदेश ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और अन्य तरह के रिफार्म में अग्रणी है। सीएस कॉन्फ्रेंस में भी मध्यप्रदेश की बेस्ट प्रैक्टिस की तारीफ की गई है। उन्होंने कहा कि देश में मध्यप्रदेश सर्वश्रेष्ठ 5 राज्यों में शामिल हैं, इसलिए जरूरी है कि प्राथमिकता क्षेत्र के नियमों और कानूनों को आसान बनाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय बैंच मार्क के हिसाब से



बदलाव किए जाएं। भारत सरकार के संबंधित विभागों से समन्वय करने के साथ ही उच्च अधिकार समिति से भी मार्गदर्शन लिया जा सकता है। मुख्य सचिव जैन ने टास्क फोर्स की अध्यक्ष को सुझाव दिया कि पीएम प्रगति पोर्टल से परिवेश पोर्टल को जोड़ने से सभी राज्यों में अपनाई जाने वाली बेस्ट प्रैक्टिस और वहां के रिफार्म से सभी को जानकारी मिल सकेगी। उन्होंने स्कूल शिक्षा के लिए सीबीएससी और उच्च शिक्षण संस्थानों के लिए यूजीसी से एक जैसे नियम कानून बनाने की सलाह भी दी। मुख्य सचिव जैन ने बताया कि मध्यप्रदेश ने म.प्र. जन विश्वास संशोधन और प्रावधान एक्ट 2024 और 2025 के माध्यम से प्रदेश में रिफार्म और ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के लिए राज्य के 26 कानूनों में 108 प्रावधान किए हैं। इससे उद्योग और व्यवसाय लगाना और संचालन आसान हुआ है।

### मप्र बना लीडर, मिली दूसरी रैंक

टास्क फोर्स की अध्यक्ष नीलम शमी राव ने ईज ऑफ डूईंग बिजनेस के फर्स्ट फेज में 23 प्राथमिकता क्षेत्र में मध्यप्रदेश को देश में दूसरी रैंक हासिल करने पर बधाई दी। उन्होंने बताया कि दूसरे चरण में 5 और प्राथमिकता क्षेत्रों को शामिल किया गया है। उन्होंने पूर्व के 23 क्षेत्रों के अलावा ऊर्जा, पर्यटन, पर्यावरण शिक्षा और हेल्थ केयर को भी प्राथमिकता क्षेत्र में शामिल होने की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अपने राज्यों की बेस्ट प्रैक्टिस को पोर्टल पर दर्ज करें। टास्क फोर्स ने सभी राज्यों के नियमों के सरलीकरण और रिफार्म के लिए 30 जून 2026 तिथि तय की है।

# जीतू पटवारी की जन आक्रोश रैली हुई फ्लॉप

शहडोल (स्वतंत्र मत)

शहडोल में शुक्रवार को तय समय से एक घंटा लेट पहुंचे कांग्रेस अध्यक्ष जीतू ने मंच से ही देरी के लिए माफ़ी मांगी है। और कहा देश की भाजपा सरकार और प्रदेश की मोहन सरकार ने लोकतंत्र की आवाज दबाने का कुचक्र चला रही है, ऐसा 08 फरवरी को तीन लोगों की गिरफ्तारी को लेकर कहा है। शहडोल में जय स्तंभ चौक पर बने मंच पर कांग्रेस विधायक, प्रदेश पदाधिकारियों एवं जिला पदाधिकारी नज़र आए इस कार्यक्रम का जिस तरीके से सोशल मीडिया पर जंगी प्रदर्शन की बात कही जा रही थी असल में ग्राउंड जीरो पर उसके बिल्कुल विपरीत दिखाई दिया। जन आक्रोश रैली को लेकर एनयूएसआई की फ़ौज मात्र नजर आई। कांग्रेस पार्टी से अजय अवस्थी के जिला अध्यक्ष बनने के फायरब्रांड नेता प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी का पहला दौरा था जो जिला कांग्रेस पार्टी शहडोल के कार्यकर्ताओं में जान फूंकने का काम कर सकती थी। लेकिन ठीक उलट जन आक्रोश रैली अव्यवस्था की भेंट तो चढ़ गई।




जिला कलेक्टर केदार सिंह द्वारा नाबालिग विद्यार्थी पर लाठी डंडे भांजने को और तीन दिनो तक जेल में बंद किया जाने मामले में प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने जिला प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए राजधानी से चुनौती देते हुए अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा था भाजपा सरकार में नाबालिग पर अत्याचार कर रहे हैं शहडोल कलेक्टर हम भी देखना चाहते की आपकी जेल और डंडे में कितना दम। लगातार सोशल मीडिया पर कांग्रेस नेताओं ने इस डंडा काण्ड को लेकर सोशल मीडिया पर समा बांध दिया की अब कोई बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। शहडोल में जन आक्रोश रैली को संबोधित करते हुए शहडोल में भारी मात्रा में रेत, कोयले की अवैध खदानों के संचालन करने की जानकारी प्राप्त हुई उन्होंने प्रशासन को आड़े हाथों लेते हुए बताया की यहां हर अवैध खनन परिवहन वाली गाड़ी की गिनती शुरू है कलेक्टर एसपी को उसका पैसा आता है। जीतू पटवारी ने अमेरिका की एपस्टीन सैक्स स्कैंडल मामले में शहडोल की जनता को बताया है कि देश के प्रधानमंत्री का नाम भी उस लिस्ट में शामिल हैं। जनता शहडोल की बड़ी भोली-भाली है जीतू पटवारी और सोशल मीडिया पर वायरल कैंपेन को देखकर विपक्षी दलों के नेताओं को सरकार समझकर अपना दुखड़ा सुनाने लगी। हालांकि प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सरकार को खरी-खोटी सुनाने की खातिर जनसुनवाई मंच पर शुरू कर दी। कांग्रेस बाकायदा फुटेज बटोरती नज़र आई। लेकिन सवाल इस बात का है जो काम जिला अध्यक्ष को करना चाहिए वो अगर प्रदेश अध्यक्ष करेंगे तो शहडोल की जनता को अपनी तकलीफ भोपाल प्रदेश अध्यक्ष के बंगले में सुनने जाएगी।

जीतू पटवारी सहित कलेक्टर कार्यालय का बाहरी गेट पर पुलिस बल? को धक्का देकर अंदर पहुंच गए वहां एसपी शहडोल को ज्ञापन सौंपने के दरमियान एसपी को ललकारते हुए कहा इस बार मैं शांतिपूर्ण तरीके से ज्ञापन सौंपने आया हूं भविष्य में हमारे कोई कार्यकर्ता के साथ ऐसा व्यवहार हुआ तो मैं कलेक्टर कार्यालय और पुलिस अधीक्षक कार्यालय के भीतर बैठकर धरना दूंगा। जीतू पटवारी के तय कार्यक्रम के मुताबिक पत्रकारवार्ता जिला मुख्यालय के सर्किट हाउस में होनी थी लेकिन पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन के बाद चबूतरे पर ही पत्रकारों को बुलाया और सवाल लेनें लगे। पत्रकारों ने जैसे ही सवाल दागे तो जीतू पटवारी गोल-मोल जवाब देने लगे एक पत्रकार ने सीधे तौर पर कहा की जब आप भाजपा सरकार को माफियाओं की सरकार कह रहे हैं तो यह बताइए आपके जिला अध्यक्ष कितने पाक-साफ है। इसका कोई जवाब नहीं दे पाए। वही एक साथ 18 पत्रकारों का जिला बदर कलेक्टर केदार सिंह ने किया था तो आपकी कांग्रेस पार्टी क्यूं चुप्पी साध रखी थी। इसका भी पटवारी कोई जवाब नहीं दे पाए और आगे बढ़ कर सवालों से दूरी बना ली है

## माध्यमिक शिक्षा मण्डल की 12वीं की परीक्षा में शामिल हुए 7204 परीक्षार्थी

### जिले में गठित विभिन्न पैनलों द्वारा परीक्षा केन्द्रों का किया गया औचक निरीक्षण

शहडोल (स्वतंत्र मत)




माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा आज कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र तथा एनीमल हसबैन्डरी विषयों की परीक्षाएं सम्पन्न हुईं। इन विषयों की परीक्षा हेतु पंजीकृत 7290 विद्यार्थियों में से 7204 विद्यार्थी परीक्षा शामिल हुए, जबकि 86 विद्यार्थी अनुपस्थित रहे। जिले में कोई भी नकल प्रकरण दर्ज नहीं किया गया। कलेक्टर द्वारा गठित विभिन्न पैनलों द्वारा विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला शिक्षा अधिकारी अमरनाथ सिंह के नेतृत्व में गठित पैनल द्वारा परीक्षा केन्द्र करकी, टिहकी, भारतीयम विद्यालय ब्यौहारी, सरस्वती स्कूल ब्यौहारी का, डीपीसी पैनल द्वारा महिला समिति शहडोल, रघुराज स्कूल क्र. 01, भारत माता विद्यालय शहडोल, सरस्वती स्कूल शहडोल, कन्या सोहागपुर तथा बालक सोहागपुर का निरीक्षण किया गया। एसडीएम जयसिंहनगर के पैनल द्वारा परीक्षा केन्द्र सीधी, बनसुकली एवं अमझोर का तथा एसडीएम ब्यौहारी के पैनल द्वारा मॉडल स्कूल खड़हुली, बाणसागर तथा भारतीयम ब्यौहारी का निरीक्षण किया गया। जिले में शान्ति पूर्ण तरीके से हुआ

## समर्पण सेवा अभियान अंतर्गत आकांक्षी में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों हेतु विशेष शिविर आयोजित

**डिंडौरी (स्वतंत्र मत)** कलेक्टर के मार्गदर्शन में समर्पण सेवा अभियान के अंतर्गत आकांक्षी विकासखंड बजाग, जिला डिण्डौरी में दिव्यांगजन एवं वरिष्ठजनों के लिए विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य पात्र हितग्राहियों को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करना एवं उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण करना रहा। शिविर में कुल 318 हितग्राहियों का पंजीयन किया गया। इस दौरान 48 हितग्राहियों के मेडिकल प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 48 हितग्राहियों के कार्ड तैयार किए गए। साथ ही 132 नवीन पेंशन प्रकरण दर्ज किए गए



एवं 39 पेंशन संबंधी समस्याओं का मौके पर निराकरण किया गया। इसके अतिरिक्त 23 हितग्राहियों को सहायक उपकरण प्रदाय हेतु चिन्हित किया गया तथा 13 हितग्राहियों को आवश्यक चिकित्सीय जांच के लिए संदर्भित किया गया।

## सिर्फ कागजों में हुए निर्माण कार्य: लाखों की राशि आहरण कर निर्माण कार्य नहीं कराने का आरोप

### ग्रामीणों ने जनसुनवाई में कलेक्टर से की जांच व वसूली की मांग

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

आदिवासी बाहुल्य डिंडौरी जिले में विकास और निर्माण कार्यों में भ्रष्टाचार का मकड़जाल इस कदर फैला हुआ है कि कागजों में सड़क, पुलिया, स्टॉपडेम से लेकर भवन तक कागजों में सिमट रहे हैं वहीं दूसरी और जिम्मेदार अधिकारी ग्रामीणों द्वारा शिकायत किए जाने के बावजूद जांच और कार्रवाई की वजाय टाल मटोल कर दिन काटते हुए दिखाई देते हैं। जिससे कागजों में तो विकास की गंगा बह रही है लेकिन धरातल में भ्रष्टाचार का दीमक ग्रामीणों के बुनियादी सुविधाओं को खोखला कर रहा है। कुछ ऐसा ही मामला ग्राम पंचायत धवाडोंगरी, विकासखंड करंजिया, जिला डिण्डौरी में सामने आया है, ग्रामीणों ने जनसुनवाई में शिकायत करते हुए पूर्व सरपंच पर शासकीय निर्माण कार्यों की राशि आहरण कर कार्य नहीं कराने का गंभीर आरोप लगाते हुए कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों के अनुसार ग्राम पंचायत धवाडोंगरी में पूर्व सरपंच दूजा बाई मसराम द्वारा विभिन्न वर्षों में सीसी रोड, पुलिया और स्टॉप डेम निर्माण कार्यों की स्वीकृति ली गई तथा लाखों रुपये की राशि आहरित कर ली गई, लेकिन मौके पर निर्माण कार्य नहीं कराया गया। शिकायत में इसे शासन के नियमों के विरुद्ध बताते हुए आम जनता के साथ आर्थिक शोषण बताया गया है।



– वर्षों पहले राशि गबन, निर्माण कार्य गायब..?

ग्रामीणों द्वारा दिए गए आवेदन में निम्नलिखित कार्यों का उल्लेख किया गया है कि वर्ष 2021-22 ङ्क दीपक के घर से नंदलाल के घर तक सीसी रोड निर्माण हेतु लगभग 2,50,000 रुपये आहरित किए गए, परंतु स्थल पर निर्माण कार्य नहीं हुआ। वर्ष 2017 ङ्क धनसाय के घर से हिन्दू के घर तक सीसी रोड निर्माण के नाम पर 5,84,000 रुपये निकाले गए, लेकिन कार्य अधूरा या नगण्य बताया गया है। वर्ष 2016 ङ्क भुरी टोला रोड पर देवसिंह के खेत के पास पुलिया निर्माण के लिए 1,50,000 रुपये आहरित किए गए, जबकि मौके पर पुलिया निर्माण नहीं कराया गया। वर्ष 2016 ङ्क जनभागीदारी योजना अंतर्गत पटपरहा नाला, टिमकी टोला में स्टॉप डेम निर्माण के लिए लगभग 10,00,000 रुपये की राशि निकाली गई, परंतु ग्रामीणों का आरोप है कि स्थल पर कोई निर्माण कार्य नहीं हुआ।

ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि उक्त सभी कार्यों में पूरी राशि आहरित कर ली गई, जबकि जमीनी स्तर पर कार्य या तो नहीं हुआ या नाममात्र का हुआ है। इस संबंध में पूर्व में भी शासन-प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

समस्त ग्रामवासियों की ओर से दिए गए आवेदन में मांग की गई है कि संबंधित निर्माण स्थलों की तकनीकी एवं वित्तीय जांच कराई जाए, वास्तविक स्थिति का पंचनामा तैयार किया जाए तथा यदि अनियमितता प्रमाणित हो तो आहरित राशि की वसूली कर वैधानिक कार्रवाई की जाए।

## पंडित शंभूनाथ शुक्ला विश्वविद्यालय के छात्र प्रियांशु ने किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व

शहडोल (स्वतंत्र मत)

पंडित शंभूनाथ शुक्ल विश्वविद्यालय, शहडोल के राजनीति विज्ञान विभाग के मेधावी छात्र प्रियांशु अग्रवाल ने देश के प्रतिष्ठित संवाद कार्यक्रम च्विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026च्च में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर न केवल विश्वविद्यालय, बल्कि पूरे शहडोल संभाग और मध्यप्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है। स्वामी विवेकानंद वार्ड क्रमांक 5, पुराना पोस्ट ऑफिस रोड, अनूपपुर निवासी प्रियांशु वर्तमान में विश्वविद्यालय के राजनीति विज्ञान विभाग में एम.ए. (प्रथम सेमेस्टर) के छात्र हैं। वे विश्वविद्यालय सहित पूरे शहडोल संभाग से इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम के लिए चयनित एकमात्र प्रतिभागी रहे। 9 से 12 जनवरी 2026 तक नई दिल्ली के प्रतिष्ठित भारत मंडपम में आयोजित अंतिम (राष्ट्रीय) चरण में उन्होंने सहभागिता की तथा राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर आयोजित प्रधानमंत्री के उद्बोधन में भी उपस्थित रहे। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय परिसर में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। कुलपति प्रो. राम शंकर दुबे, छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. प्रमोद पांडे, राजनीति विज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. चेतना सिंह सहित समस्त प्राध्यापकों ने प्रियांशु को शुभकामनाएँ देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**टीम लीडर के रूप में किया मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व-** कार्यक्रम के प्रथम चरण में राष्ट्रीय स्तर की ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 50 लाख से अधिक युवाओं ने भाग लिया। प्रदर्शन के आधार पर 2,56,000 प्रतिभागियों को शॉर्टलिस्ट किया गया। दूसरे चरण में राज्य स्तरीय निबंध प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें प्रत्येक थीम के आधार पर पूरे प्रदेश से 50 प्रतिभागियों का चयन तीसरे चरण के लिए किया गया।



तीसरे चरण में राजधानी भोपाल में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें चयनित प्रतिभागियों से निर्धारित थीम पर पीपीटी प्रस्तुतीकरण लिया गया। 50 प्रस्तुतियों में से शीर्ष 8 को शॉर्टलिस्ट किया गया, जिसके बाद केंद्र से आए प्रतिनिधियों द्वारा नेतृत्व मूल्यांकन (साक्षात्कार) किया गया। इस प्रक्रिया में शीर्ष 6 प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर पर जाने का अवसर मिला। प्रियांशु ने राज्य स्तरीय पीपीटी प्रस्तुतीकरण और साक्षात्कारकृदोनों में प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा अपनी थीम में टीम लीडर के रूप में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व किया। राष्ट्रीय स्तर पर उन्हें विभिन्न केंद्रीय मंत्रियों, विषय विशेषज्ञों एवं देश के प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों से संवाद का अवसर प्राप्त हुआ। अपनी थीम च्स्मार्ट एवं सतत कृषि के द्वारा उत्पादकता बढ़ानाज्ज के अंतर्गत प्रियांशु ने किसानों की जमीनी समस्याओं को अत्यंत प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। उन्होंने मृदा अपरदन, जलवायु परिवर्तन के कारण अनिश्चित मौसम, फसलों को होने वाली क्षति, जल संकट तथा खेती में कीटनाशकों के अत्यधिक प्रयोग जैसी चुनौतियों को रेखांकित किया।

## महाशिवरात्रि पर उमड़ेगा आस्था का सैलाब, यातायात व पार्किंग प्लान लागू

**बालाघाट।** 15 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर शहर के प्रमुख धार्मिक स्थलों शंकरघाट एवं जागपुर घाट में हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। पर्व के दौरान यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बालाघाट पुलिस प्रशासन ने विशेष ट्रैफिक एवं पार्किंग प्लान लागू किया है। नगर पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार निर्धारित पार्किंग स्थलों के अलावा अन्य स्थानों पर वाहन खड़े करने की अनुमति नहीं होगी। पुलिस बल एवं यातायात अमला पूरे समय तैनात रहेगा। शंकरघाट में आने वाले श्रद्धालु दुर्गावती चौक की ओर से आने वाले दोपहिया एवं चारपहिया वाहन चालक अपने वाहन सिंचाई कॉलोनी परिसर में निर्धारित पार्किंग स्थल पर खड़े करेंगे। गर्रा एवं डेन्जर रोड की ओर से आने वाले श्रद्धालु अपने वाहन शंकरघाट के समीप स्थित विसर्जन स्थल पर पार्क कर सकेंगे। गर्रा रेलवे क्रॉसिंग से शंकरघाट तक सभी प्रकार के वाहनों का आवागमन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इस मार्ग पर केवल पैदल श्रद्धालुओं को जाने की अनुमति होगी, ताकि भीड़ नियंत्रण एवं सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। इसी प्रकार जागपुर घाट मंदिर में दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालु अपने सभी प्रकार के वाहन जागपुर घाट मैदान में निर्धारित पार्किंग स्थल पर ही खड़े करेंगे।पुलिस प्रशासन ने नागरिकों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित मार्गों एवं पार्किंग स्थलों का पालन करें, यातायात नियमों का सम्मान करें और अफवाहों पर ध्यान न दें।


### कक्षा 12वीं की परीक्षा में 14,434 छात्र रहें उपस्थित

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल की वार्षिक परीक्षाओं के अंतर्गत आज 13 फरवरी को जिले में कक्षा 12वीं एवं कक्षा 10वीं की परीक्षाएं शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हुईं। जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि 13 फरवरी को कक्षा 12वीं के भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, कृषि संकाय एवं गृह विज्ञान संकाय के प्रश्न पत्र की परीक्षा जिले के कुल 117 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। परीक्षा में कुल 14,575 छात्र-छात्राएं दर्ज थे, जिनमें से 14,434 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 141 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग की सतर्क निगरानी के चलते जिले में कहीं भी नकल का कोई प्रकरण दर्ज नहीं हुआ।इसी प्रकार कक्षा 10वीं के उर्दू विषय की परीक्षा जिले के 2 परीक्षा केंद्रों पर आयोजित की गई। इस परीक्षा में कुल 32 विद्यार्थी दर्ज थे, जिनमें से 30 उपस्थित एवं 2 अनुपस्थित रहे।

## अतिथि शिक्षक पर दिनदहाड़े फायरिंग : कार्रवाई के नाम पर पुलिस ने की औपचारिकता..?

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले के गाड़ासरई थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खाम्हा निवासी अतिथि शिक्षक डीलन सिंह ठाकुर ने अपने ऊपर हुए कथित जानलेवा हमले के मामले में पुलिस द्वारा मामूली धाराओं में अपराध दर्ज करने से असंतुष्ट होकर कठोर धाराओं में अपराध दर्ज कराने की मांग को लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। उन्होंने 21 जनवरी 2026 को घटी घटना को योजनाबद्ध प्राणघातक हमला बताते हुए पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए हैं। आवेदक डीलन सिंह ठाकुर (38 वर्ष), पिता चोबी सिंह ठाकुर, ने अपने आवेदन में बताया कि वह एकीकृत माध्यमिक शाला सरई में अतिथि शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं। 21 जनवरी की सुबह लगभग 10ः20 बजे वह मोटरसाइकिल से स्कूल जा रहे थे। खाम्हाहार बड़े परथुनाला के पास झाड़ियों में छिपे हरिसिंह गोंड ने उन पर कथित रूप से गोली चला दी, जो उनकी पीठ में लगी। गोली लगने से उनके कपड़ों में छेद हो गया और उन्हें चोट आई। शिकायत में उल्लेख है कि आरोपी के हाथ में बंदूक एवं कुल्हाड़ी थी। घटना के बाद आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए जंगल की ओर भागने का प्रयास किया। आवेदक ने अपने भाई मोहित सिंह को मौके पर बुलाया और 112 डायल कर पुलिस सहायता ली। इसके बाद थाना गाड़ासरई में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। हालांकि, आवेदक का आरोप है कि पुलिस ने मामले में भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 115(2) एवं 351(2) के तहत सामान्य धाराओं में एफआईआर दर्ज की, जबकि घटना को उन्होंने पूर्व नियोजित प्राणघातक हमला बताया है। उनका कहना है कि अब तक आरोपी से बंदूक जब्त नहीं की गई है और अन्य कथित साजिशकर्ताओं – चेतराम, राजेंद्र, रामेश्वर एवं चौधरी – के विरुद्ध भी कोई मामला दर्ज नहीं हुआ है।



## बोर्ड परीक्षा में रटने की नहीं, ध्यान लगाने की बारी, योग से करें परीक्षा की पूरी तैयारी : योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला

शहडोल (स्वतंत्र मत)

परीक्षा के दिन नजदीक आते हैं, विद्यार्थियों के चेहरे पर चिंता की लकीरें और मन में घबराहट बढ़ने लगती है। घंटों एक ही जगह बैठकर पढ़ाई करना और सिलेबस पूरा करने का दबाव न केवल याददाश्त पर असर डालता है, बल्कि एकाग्रता को भी कम कर देता है। ऐसे में योगाचार्य शिवाकान्त शुक्ला ने विद्यार्थियों के लिए योग का ऐसा सरल और प्रभावी अभ्यास बताया है, जो विद्यार्थियों को परीक्षा की इस चुनौती के लिए मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार कर सकता है। एकाग्रता में वृद्धिः च्भ्रामरी प्राणायामज् और च्त्राटकज् जैसे अभ्यास मस्तिष्क को शांत करते हैं, जिससे पढ़ा हुआ लंबे समय तक याद रहता है। तनाव और चिंता से मुक्तिः च नाड़ी शोधनज् प्राणायाम शरीर में ऑक्सीजन के स्तर को बढ़ाता है, जिससे कोर्टिसोल (तनाव हार्मोन) कम होता है और मन प्रसन्न रहता है।

शारीरिक ऊर्जाः घंटों बैठने से होने वाले पीठ और गर्दन के दर्द से च्ताड़ासनज् और च्मार्जारी आसनज् राहत दिलाते हैं।

### सीईओ जनपद गोहपारू ने किया ऑगनवाड़ी केंद्र करीं का किया निरीक्षण

**शहडोल ।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत गोहपारू सुधीर दिनकर ने संपूर्णता अभियान 2.0 के अंतर्गत आंगनवाड़ी केंद्र करीं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय केन्द्र में दर्ज सभी बच्चे उपस्थित थे तथा उन्हें मीनू के अनुसार नाश्ते का वितरण भी किया जा रहा था। केन्द्र में साफ-सफाई संतोषजनक मिली। उन्होंने निरीक्षण के दौरान गर्भवती माताओं के पंजीयन, कुपोषित बच्चों की जानकारी, एनआरसी में भर्ती कराने, टेक होम राशन का वितरण, टीकाकरण कार्यक्रम, सहित अन्य विभागीय मानको की समीक्षा करते हुए संपूर्णता अभियान के तहत सभी घटकों में शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त करने के निर्देश दिए।

## जिले में मनरेगा मजदूरी भुगतान को लेकर कांग्रेस का अनोखा प्रदर्शन भीख में जुटाए 5300 रुपये, एडीएम-एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

डिंडौरी (स्वतंत्र मत)

जिले में मनरेगा मजदूरों की लगभग 42 करोड़ रुपये से अधिक लंबित मजदूरी के मुद्दे को लेकर सियासत गरमा गई है। चार महीने से मजदूरी भुगतान नहीं होने के विरोध में कांग्रेस विधायक ओमकार सिंह मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चंद्रविजय महाविद्यालय तिराहा में धरना-प्रदर्शन कर केंद्र और राज्य सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध दर्ज कराया। विगत दिनों विधायक मरकाम ने कलेक्टर को राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते हुए 12 फरवरी तक मनरेगा मजदूरी का भुगतान करने की मांग की थी। उन्होंने चेतावनी दी थी कि तय समय पर भुगतान नहीं होने की स्थिति में धरना-प्रदर्शन के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री का पुतला दहन किया जाएगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि 12 फरवरी 2026 की स्थिति में जिले की लंबित मनरेगा मजदूरी राशि 44 करोड़ 39 लाख 11 हजार रुपये तक पहुंच गई है। इसके अलावा जनमन आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि भी पिछले छह महीनों से लंबित बताई गई है। भुगतान न होने पर विधायक मरकाम के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चंद्रविजय महाविद्यालय तिराहा से पुरानी डिंडौरी चौराहा तक रैली निकाली। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने नगर के दुकानदारों से मजदूरों की मजदूरी भुगतान के लिए प्रतीकात्मक रूप से भीख मांगी। रैली के दौरान केंद्र की भाजपा सरकार और मध्यप्रदेश की मोहन यादव सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। भीख में जुटाई गई 5300 रुपये की राशि ज्ञापन के साथ एडीएम और एसडीएम को सौंप दी गई।





### प्रधानमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम दिए गए ज्ञापन में कहा गया है कि चार महीनों से मजदूरों को उनकी मजदूरी नहीं मिल पा रही है, जिससे वे आर्थिक संकट में हैं। जिले में मेला-मड़ई का दौर चल रहा है और 15 फरवरी को महाशिवरात्रि जैसे प्रमुख धार्मिक पर्व के आयोजन हैं, लेकिन मजदूरों के पास उत्सव मनाने तक के लिए धन नहीं है। ज्ञापन में यह भी आरोप लगाया गया कि मजदूरी भुगतान की मांग को लेकर धरना-प्रदर्शन की अनुमति तक नहीं दी गई, जो लोकतांत्रिक अधिकारों का हनन है।

### कांग्रेस नेताओं की मौजूदगी

प्रदर्शन में जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष एवं विधायक ओमकार सिंह मरकाम, पूर्व विधायक एवं राष्ट्रीय सचिव भूपेंद्र सिंह मरावी, जावेद इकबाल, लोकेश पटेरिया, संतोष मरकाम, महेंद्र ठाकुर, राजेश पटले, चमरू चर्चचढ़िया, लियाकत अली, रामसिंह, अमर सिंह मार्को, अमित गुप्ता, अमित कछवाहा, अनिल धुर्वे सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

विधायक मरकाम ने कहा कि यदि शीघ्र ही मनरेगा मजदूरी और आवास योजनाओं की लंबित राशि का भुगतान नहीं किया गया तो आंदोलन और तेज किया जाएगा। उन्होंने सरकार पर मजदूरों और गरीब हितग्राहियों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी उनके हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ती है।

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं कुशल महरा पिता डोमारी महरा ग्राम खैरहनी वार्ड न-1बर टोला थाना तहसील जैतपुर जिला शहडोल मध्यप्रदेश का निवासी हूँ मेरे पुत्र का नाम सत्येन्द्र महरा पिता कुशल महरा जन्मतिथि 16/08/2011 है मेरे पुत्र के शैक्षणिक दस्तावेज एंव जन्म प्रमाणपत्र मे यही नाम है जो की सही है लेकिन मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे उसका नाम दीपक महरा पिता कुशल महरा जन्मतिथि 01/01/2010 गलत अंकित हो गया है मेरे पुत्र के आधार कार्ड मे सही नाम एव जन्मतिथि सुधार किया जाए जिसका आधार नं 588401492469 है संबंधित विभाग व सभी संस्थानों से निवेदन है कि मेरे पुत्र सत्येन्द्र महरा पिता कुशल महरा के नाम से जाना जाए सूचना सत्य व मेरे पूर्ण होश-हवास में दी जा रही।

# जल्द हकीकत बनने जा रहा एआई वर्चुअल पावर प्लांट मॉडल



### ट्रिपल आईटीडीएम में डीईडब्ल्यू 10.0 का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पंडित द्वारका प्रसाद मिश्रा भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी, डिजाइन एवं विनिर्माण संस्थान (ट्रिपल आईटीडीएम) में 10वीं इंटरनेशनल डिज़ाइन वर्कशॉप, डीईडब्ल्यू 10.0 का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन के दूसरे दिन शुक्रवार को इंडस्ट्री पर फोकस करने वाले टेक्निकल सेशन, एक्सपर्ट बातचीत और स्टूडेंट पर फोकस करने वाली एक्टिविटीज़ की एक सीरीज़ हुई, जिससे इंडस्ट्री 5.0 में सिम्बायोटिक पर वर्कशॉप का फोकस और मज़बूत हुआ।

दूसरे दिन की शुरुआत इंजीनियर नीरज सोनी के एक्सपर्ट लेक्चर से हुई, उनका सेशन पावर डिस्ट्रीब्यूशन सिस्टम में इम्प्लीमेंटेशन पर फोकस था, जिसमें एफिशिएंसी, रिलायबिलिटी बढ़ाने में के रियल-वर्ल्ड यूज़ केस पर रोशनी डाली गई।

### रिन्यूएबल एनर्जी में होगी बढ़त

उन्होंने बताया कि भारत ने 2025 तक 500 जीडब्ल्यू रिन्यूएबल एनर्जी का लैंडमार्क हासिल कर लिया है और डेटा सेंटर कैपेसिटी की ज़रूरत 2024 में 1.2 जीडब्ल्यू से बढ़कर 2030 तक 9.2 जीडब्ल्यू हो जाएगी, जिसे एआई से हासिल किया जाएगा। उन्होंने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि टाइम ऑफ़ यूज़ मॉडल, पीक शेविंग, लोड शिफ्टिंग जल्द ही भविष्य में हकीकत बन जाएगा। वर्चुअल पावर प्लांट मॉडल, जो अलग-अलग तरह के रिन्यूएबल एनर्जी रिसोर्स को जोड़ता है, जल्द ही हकीकत बनने वाला है। इससे न सिर्फ फॉसिल फ्यूल बिजली की ज़रूरत कम होगी, बल्कि टैरिफ भी कम होगा। इसके बाद का सेशन एर. हारून अंसारी ने दिया। उन्होंने एंटरप्राइज और इंडस्ट्रियल माहौल में एलएलएमएस को डिप्लॉय करने में ट्रांसपेरेंसी, मजबूती, नैतिक बातों के महत्व पर ज़ोर दिया, खासकर जहां ऑटोमेटेड फैसलों का समाज और अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर होता है।

### हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स पर हुई चर्चा

आयोजन का आकर्षण सोसाइटी गुड के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इंजीनियरिंग पर स्टूडेंट डिज़ाइन एग्ज़िबिशन थी, जहां शॉर्टलिस्ट की गई स्टूडेंट टीमों ने हेल्थकेयर टेक्नोलॉजी, ग्रीन और सस्टेनेबल सिस्टम, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, एनर्जी सॉल्यूशन, रोबोटिक्स और असिस्टिव डिवाइस में चुनौतियों का सामना करते हुए इनोवेटिव प्रोटोटाइप और डिज़ाइन सॉल्यूशन दिखाए। दूसरे दिन ट्रिपल आईटीडीएम जबलपुर ने इंडस्ट्री-एकेडेमिया कोलेबोरेशन, एक्सपीरिएंशियल लर्निंग और के लिए अपने कमिटमेंट को फिर से दिखाया, आज होने वाले आखिरी सेशन और वैलेडिक्टरी प्रोग्राम के लिए माहौल तैयार हुआ।

# ईडी ने अटैच की आदिमजाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक की संपत्ति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।




प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के भोपाल जोनल कार्यालय ने जबलपुर स्थित आदिम जाति कल्याण विभाग के पूर्व उप निदेशक जगदीश प्रसाद सरवटे के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 11.81 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट (पीएमएलए) के तहत की गई है। जानकारी के मुताबिक यह कार्यवाही आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) जबलपुर द्वारा दर्ज भ्रष्टाचार के मामले के आधार पर की गई। जांच में सामने आया कि सरवटे ने पद का दुरुपयोग कर अवैध धन अर्जित किया और उसे मनी लॉन्ड्रिंग के जरिए विभिन्न अचल संपत्तियों में निवेश किया। ईओडब्ल्यू की प्रारंभिक छापेमारी में खुलासा हुआ था कि अवैध कमाई को व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में लगाया गया था। इनमें कान्हा राष्ट्रीय उद्यान के पास स्थित मराठा रिसॉर्ट और मंडला रोड पर जायका रेस्टोरेंट शामिल बताए गए हैं। इसके अलावा अधारताल स्थित पैतृक आवास से बाघ की खाल और बड़ी मात्रा में महंगी शराब बरामद होने पर उनकी मां सावित्री सरवटे के खिलाफ वन्य प्राणी संरक्षण अधिनियम के तहत कार्रवाई भी की गई थी।

ईडी की जांच में पाया गया कि आरोपी ने भोपाल, मंडला, उमरिया और सिवनी जिलों में कई संपत्तियां अर्जित कर रखी थीं। इनमें आवासीय मकान, कृषि भूमि, व्यावसायिक भूखंड और रेस्टोरेंट शामिल हैं। जांच में यह भी सामने आया कि कुछ संपत्तियां नकद भुगतान से खरीदी गईं, जबकि कुछ के लिए लिए गए ऋण अज्ञात स्रोतों से जमा नकदी से चुकाए गए। सरवटे ने सेवा काल के दौरान आय के ज्ञात स्रोतों से अधिक संपत्ति अर्जित की और उसे प्लेसमेंट, लेयरिंग तथा इंटीग्रेशन की प्रक्रिया के माध्यम से वैध संपत्ति के रूप में प्रदर्शित करने का प्रयास किया। फिलहाल ईडी ने संपत्तियों के हस्तांतरण को रोकने के लिए जब्ती की कार्यवाही कर दी है और मामले की आगे जांच जारी है।

## नाबालिग से किया दुष्कर्म

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** गोराबाजार थाना क्षेत्र में एक नाबालिग से दुष्कर्म का मामला सामने आया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट सहित विभिन्न धाराओं में केस दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक आरोपी की पहचान जेठू सिंह के रूप में हुई है। वह क्षेत्र में स्थित बीकानेर स्वीट्स नामक दुकान का संचालक बताया जा रहा है। नाबालिग पीड़िता की मां ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसमें आरोप लगाया है कि आरोपी पिछले 6 महीनों से नाबालिग के साथ दुष्कर्म कर रहा था। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया है। इसमें घटना की पुष्टि हुई है। इसी आधार पर आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने यह भी कहा कि मेडिकल रिपोर्ट और पीड़िता के बयानों के आधार पर मामला दर्ज किया गया है और आरोपी को जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** पनागर थाने में धीरेन्द्र पटेल उम्र 38 वर्ष निवासी कुशनेर पिपरिया ने सूचना देकर बताया कि उसका छोटा भाई अमन पटेल कृष्णा मैरिज गार्डन रैपुरा में शादी अटेंड करके एक्टिवा से घर कुशनेर पिपरिया आ रहा था। जैसे ही कुशनेर रिंग रोड ब्रिज के पास पहुंचा तभी उसके भाई अमन पटेल का एक्सीडेंट हो गया। जिससे सिर में चोट आने से भाई अमन पटेल उम्र 33 वर्ष की मौके पर मृत्यु हो गई।

# सर्द-गर्म के मौसम ने दी बीमारियों की दस्तक

### दिन गर्मी तो रातें हो रही सर्द

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मौसम के तेवर अचानक बदल गए हैं। शुक्रवार को दिन में गर्मी जैसे माहौल रहा। दिन में धूप तीखी लगी और पारा 30 डिग्री के पार पहुंच गया। दिन तेज, गर्म और रातें गुलाबी ठंडक दे रही हैं। सर्द गर्म के इस मौसम में बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। खासकर सर्दी, खांसी, बुखार और गले में खरास के मरीज, ज्यादातर पाये जा रहे हैं। मौसम विभाग के मुताबिक अभी मौसम के तेवर ऐसे ही चलेंगे।



मौसम विभाग के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से जबलपुर में मौसम शुष्क बना हुआ है।

**मौसम शुष्क रहने की संभावना**-दिन प्रतिदिन हवा में नमीं घटने और तापमान बढ़ने से गर्मी का वातावरण बना हुआ है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 30.09 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 4 डिग्री अधिक दर्ज किया गया, वहीं न्यूनतम तापमान 13.4 डिग्री सेल्सियस सामान्य दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रात: काल 74 प्रतिशत और सायंकाल 44 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6 बजकर 43 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 6 बजकर 05 मिनिट पर हुआ। दक्षिणी पश्चिमी हवाएं 4 से 5 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। गत वर्ष इसी दिन अधिकतम तापमान 26.2 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। अगले 24 घण्टों के दौरान मौसम शुष्क रहने की संभावना है।



## स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह का आयोजन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शासकीय विज्ञान महाविद्यालय में स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह का आयोजन हुआ। मुख्य विधायक अशोक रोहाणी रहे। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर पर एनसीसी एनएसएस तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का संचालन डॉ उषा मसराम तथा आभार डॉ मनीष शर्मा द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ वर्षा अगलावे समन्वयक, डॉ एस एन शुक्ला, डॉआर के श्रीवास्तव, डॉ मोना मरकाम, डॉ राजेश तिवारी, डॉ सुनील नग का सहयोग रहा । डॉ चेतना राणा अग्निहोत्री के संयोजन में स्वर्ण पदक अलंकरण समारोह में कुल 20 स्वर्ण पदक विद्यार्थियों को प्रदान किए ।



## नगर निगम का अतिक्रमण हटाओ अभियान जारी

**जबलपुर।** नगर निगम द्वारा शुक्रवार को शहर के रांझी में दर्शन तिराहा में बप्पा स्वीट्स के सामने अतिक्रमण को अलग किया गया, एसबीआई. चौक से ठेले टपरे को अलग किया गया, मदन महल चौक के सामने, सिविक सेंटर, कटंगा से एक सड़क पर अवैध पार्किंग में कार को जब्त किया गया। छोटी लाइन फाटक चौराहे ओर वहां रामपुर चौक तक लगातार कार्यवाही की जा रही है। साथ अतिक्रमण न करने के लिए सख्त चेतावनी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि रात्रिकालीन अभियान भी चलाया जा रहा जिससे, यातायात व्यवस्था सुचारू बनी रहे ओर आवागमन में आम नागरिकों को राहत मिले।

# आपातकालीन स्थिति में सीपीआर ही रक्षक




**जबलपुर।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और एकेडमी ऑफ मेडिकल स्पेशलिटी के तत्वाधान में शुक्रवार को गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में सीपीआर की ट्रेनिंग उपस्थित जनमानस को दी गई। जिससे आपातकालीन स्थिति में किसी की जान बच सके। सीपीआर आपातकालीन जीवनरक्षक प्रक्रिया है, जो तब अपनाई जाती है जब किसी व्यक्ति की सांस या दिल की धड़कन रुक जाती है। यह छाती को जोर से दबाकर (कंप्रेशन) और सांस देकर मस्तिष्क तक ऑक्सीजन युक्त रक्त का प्रवाह बनाए रखता है, जिससे कार्डियक अरेस्ट के बाद जीवित रहने की संभावना दो से तीन गुना तक बढ़ सकती है। मस्तिष्क क्षति को रोकना, दिल रुकने के बाद, मस्तिष्क को केवल 3 मिनट में स्थायी क्षति पहुँच सकती है। सीपीआर मस्तिष्क को ऑक्सीजन पहुंचाकर उसे मरने से बचाता है। यह व्यक्ति के जीवित रहने की संभावना को दोगुना या तिगुना कर सकता है।

जब तक अस्पताल या एम्बुलेंस न आए, तब तक यह शरीर के महत्वपूर्ण अंगों में रक्त का संचार जारी रखता है। हृदय गति रुकने के पहले कुछ मिनट जीवन और मृत्यु के बीच अंतर कर सकते हैं, जहां सीपीआर ही एकमात्र सहारा होता है।इस अवसर पर गोल्डन हार्ट हॉस्पिटल में डॉ पुष्पराज पटेल, डॉ संजय पटेल, डॉ गिरीश शिवहरे, अंकित चौधरी, दीप्ति आदि उपस्थित रहे।

### फाइनल में हिटर्स और लीजेंड्स के बीच होगा मुकाबला

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) के तत्वावधान में रामपुर परिसर स्थित पाण्डुताल मैदान में आयोजित जेनको क्रिकेट लीग सीजन-3 के फाइनल में हिटर्स और लीजेंड्स टीम के मध्य खिताब के लिए मुकाबला होगा। पहले सेमीफाइनल में हिटर्स ने चार्जर्स को 6 विकेट और लीजेंड्स ने रॉयल्स को 9 विकेट से पराजित किया। 16 फरवरी को दोपहर 1.30 बजे हिटर्स और लीजेंड्स के मध्य फाइनल मैच होगा। फाइनल मैच में पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह, डायरेक्टरद्वय सुबोध निगम, मिलिन्द भान्दक्कर, कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन व प्रशासन दीपक कश्यप सहित अन्य वरिष्ठ अभियंता एवं कार्मिक उपस्थित रहकर फाइनलिस्ट टीमों का जोश बढ़ाएंगे। खिताबी मुकाबले के रोमांच के साथ-साथ महिला कार्मिकों के लिए विशेष खेलों एवं मनोरंजक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

# ट्राली बैग में भरकर मां-बेटे ले जा रहे थे लाखों का गांजा

### पुलिस ने दबिश देकर दोनों को गिरफ्तार कर लिया

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ गांजे की तस्करी लिप्त एक मां-बेटे को गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से लगभग 8 लाख रूपयों को गांजा बरामद किया है। इस मामले में थाना प्रभारी गोरखपुर नितिन कमल ने बताया कि रात्रि में क्राइम ब्रांच की टीम को सूचना मिली थी कि ऐरावत चौक हाथीताल के पास एक व्यक्ति एवं एक महिला अपने अपने हाथ में एक एक ट्राली बैग लिये खड़े हैं। पुलिस ने दबिश देकर दोनों पुरूष एवं महिला को पकड़ा जिनके पास से एक एक ट्राली बैग मिला नाम पता पूछने पर दोनों ने अपने नाम चंदन जैन पिता उम्र 37 वर्ष एवं राजुल जैन उर्फ



राजकुमारी जैन जयकुमार जैन उम्र 63 वर्ष दोनों निवासी हाथीताल हाउसिंग बोर्ड गोरखपुर बताया। संदेह होने पर ट्राली बैगों को खुलवाकर देखने पर दोनों ट्राली बैग में 8-8 पैकेट में मादक पदार्थ गांजा रखा मिला।

एनडीपीएस एक्ट के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये गांजा की तौल करने पर 16 पैकेटों में 16 किलो 680 ग्राम गांजा कीमती लगभग 8 लाख 34 हजार रुपए का होना पाया गया। पुलिस ने दोनों आरोपी मां बेटे के कब्जे से अवैध मादक पदार्थ गांजा जब्त करते हुएएनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही की।

# पेट्रोल पंप पर चाकूबाजी करने वाले बदमाशों का पुलिस ने निकाला जुलूस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

बरेला थाना अंतर्गत पुलिस चौकी गौर में विगत 7 फरवरी को सालीवाड़ा पेट्रोल पम्प में सिगरेट पीने से रोकने में चाकूबाजी करने वाले 4 बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने दहशत फैलाने वाले बदमाशों का जुलूस भी निकाला। थाना प्रभारी बरेला अनिल पटेल ने बताया कि पेट्रोल पंप में हुई वारदात की जांच के लिए पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय द्वारा एक टीम गठित की गई थी। जिसके द्वारा सीसीटीव्ही फुटेज खंगाले गए। पतासाजी के विश्वसनीय मुखबिर से सूचना मिली कि सालीवाड़ा स्थित पैट्रोल पंप में मारपीट तोड़फोड़ करने वाले लडके कटियाघाट शमशानघाट में पास खड़े है। जो अपने पास चाकू रखे है। जिसमें से प्रशांत पासी चाकू लिए आने जाने वाले लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर कटियाघाट शमशानघाट में दबिश दी गई। जहां मुखबिर के बताये हुलिए के युवक दिखे। जिन्होंने पुलिस को देखकर भागने का प्रयास किया। जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ा गया। नाम पता पूछने पर सभी ने अपने नाम प्रशांत पासी पिता राजेश पासी उम्र 23 वर्ष निवासी अखाड़ा के पास बिलहरी थाना गोराबजार, शनि बढेल पिता कमल बढेल उम्र 19 वर्ष निवासी नई बस्ती कजरवारा, युसुफ तिर्की पिता सुरेश तिर्की उम्र 23 वर्ष निवासी नई बस्ती कजरवारा गोराबजार एवं शरद मेहतो पिता राजेश मेहतो उम्र 20 वर्ष निवासी कटियाघाट बरेला बताया। चारों की तलाशी लेने पर 1-1 चाकू रखे मिले। सघन पूछताछ करने पर चारों ने अपने अन्य साथियों के साथ सालीवाड़ा पेट्रोल पम्प पर मारपीट की घटना करना स्वीकार किये। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# 500 दिन बिना रूके किया बिजली उत्पादन एमपीपीजीसीएल की 2 यूनिट ने बनाया रिकॉर्ड

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मप्र पावर जनरेटिंग कंपनी (एमपीपीजीसीएल) की दो ताप विद्युत यूनिट ने बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का नया रिकार्ड बनाया। अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 5 ने शुक्रवार को 500 दिन और सतपुड़ा ताप विद्युत गृह सारनी की 250 मेगावाट क्षमता की यूनिट नंबर 10 ने 100 दिन बिना रूके लगातार विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया। उपलब्ध जानकारी के अनुसार अमरकंटक ताप विद्युत गृह की यूनिट नंबर 5 देश के सार्वजनिक क्षेत्र की तीसरी व स्टेट सेक्टर की प्रथम विद्युत यूनिट जिसने लगातार 500 दिन विद्युत उत्पादन करने का रिकार्ड बनाया है। यह यूनिट 1 अक्टूबर 2024 से सतत् विद्युत उत्पादन कर रही है। सार्वजनिक क्षेत्र में एनटीपीसी की दो यूनिट 644 व 559 दिन तक संचालित रही हैं।

**ऊर्जा मंत्री ने दी बधाई**

प्रदेश के ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, अपर मुख्य सचिव ऊर्जा नीरज



मंडलोई व मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी के प्रबंध संचालक मनजीत सिंह ने कहा कि यह गर्व की बात है पावर जनरेटिंग कंपनी के इतिहास में किसी भी बिजली बनाने वाली यूनिट द्वारा हासिल किया गया लगातार चलने का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड है। उन्होंने कहा कि बिना किसी बड़े आउटेज के इतने लंबे समय (500 दिन) तक बिना रुके विद्युत ऑपरेशन जारी रखना अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के पेशेवर रूख, प्रतिबद्धता व तकनीकी काबिलियत का उदाहरण है। यह शानदार उपलब्धि न सिर्फ अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई के लिए सराहना की बात है बल्कि मध्यप्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को भरोसेमंद व किफायती बिजली सप्लाई को सुनिश्चित करने की दिशा में योगदान को भी उल्लेखनीय बनाती है।

**योजना बनाकर किया काम**

अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 हासिल किए उच्च मापदंड-अमरकंटक ताप विद्युत गृह चचाई की यूनिट नंबर 5 ने 500 दिन बिना रूके शानदार प्रदर्शन में इंडेक्स प्लांट टीम द्वारा लगातार बनाई गई क्षमता, विश्वसनीयता और तकनीकी उत्कृष्टता के उच्च मापदंड स्पष्ट रूप से दिखते हैं।

यूनिट नंबर 5 ने 98.64 फीसदी प्लांट अवेलेबिल?टी फेक्टर (पीएएफ), 95.30 फीसदी प्लांट लोड फेक्टर (पीएलएफ) व 9.28 प्रतिशत ऑक्जलरी कंजम्पशन हासिल किया है। यह मापदंड की पूरी ऑपरेशन और मेंटेनेंस टीम की बहुत सावधानीपूर्वक बनाई गई योजना, मजबूत निवारक रखरखाव प्रेक्टिस, परिचालन की करीबी निगरानी और अटूट समर्पण का नतीजा है।

# उमरिया में संचालित जिम में घोर अनियमितताएं नियमों की अनदेखी कर बेसमेंट में चल रहा जिम

उमरिया (स्वतंत्रमत)

आज के युवाओं में जिम का जो क्रेज बढ़ा है और सिक्स पैक बनाने का जुनून ऐसा है कि बिना उस खुराक के ही सब बॉडी बनाने में लगे हुए हैं जिससे जगह जगह जिम सेंटर खुलते जा रहे हैं लेकिन नियम के विपरीत।

जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड में संचालित एफएम फिटनेस जिम में गंभीर अनियमितताओं का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार जिम संचालक द्वारा व्यावसायिक पंजीकरण, जीएसटी रजिस्ट्रेशन और अग्निशमन विभाग से अनापत्ति प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक कानूनी दस्तावेज प्राप्त नहीं किए गए हैं। नियमों के मुताबिक किसी भी व्यावसायिक जिम को संचालित करने से पहले इन सभी औपचारिकताओं को पूरा करना अनिवार्य होता है, ताकि ग्राहकों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित की जा सके।

स्थानीय सूत्रों का कहना है कि जिम में बुनियादी सुविधाओं का भी अभाव है। भारी-भरकम कार्डियो मशीनें जैसे ट्रेडमिल और एक्सरसाइज बाइक पर्याप्त संख्या में उपलब्ध नहीं हैं। वहीं शक्ति प्रशिक्षण उपकरणों में डम्बल, बेंच प्रेस और अन्य आवश्यक मशीनों की कमी बताई जा रही है।




विशेषज्ञों के अनुसार गुणवत्तापूर्ण फिटनेस सेंटर में आधुनिक उपकरणों के साथ-साथ उनकी नियमित मेंटेनेंस भी जरूरी होती है, जिससे दुर्घटना की आशंका कम हो सके। इसके अलावा जिम परिसर में उचित क्वालिटी की फ्लोरिंग और सही वेंटिलेशन की भी कमी देखी गई है। फिटनेस विशेषज्ञों का मानना है कि जिम में फिसलन-रहित फ्लोरिंग और पर्याप्त हवा के आवागमन की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, क्योंकि भारी व्यायाम के दौरान ऑक्सीजन की उपलब्धता और सुरक्षा सर्वोपरि होती है। सबसे चिंताजनक बात यह है कि यहां सर्टिफाइड ट्रेनर की भी नियुक्ति नहीं की गई है, जबकि नियमों के तहत प्रशिक्षित और प्रमाणित ट्रेनर की मौजूदगी अनिवार्य मानी जाती है। सुरक्षा मानकों की बात करें तो जिम में प्रवेश और निकास के लिए अलग-अलग मार्ग भी उपलब्ध नहीं हैं। अग्निशमन नियमों के अनुसार किसी भी व्यावसायिक परिसर में आपात स्थिति से निपटने के लिए स्पष्ट एंट्रेंस और एग्जिट मार्ग होना जरूरी है। इन व्यवस्थाओं के अभाव में किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके और फिटनेस के नाम पर चल रही अनियमितताओं पर रोक लगाई जा सके। वही नगर में और भी ऐसे ही दर्जनों जिम संचालित हो रहे जो उचित मापदंडों में नहीं है लेकिन प्रशासन किसी अनहोनी के होने का इंतजार कर रहा है।

वही नियमों का पालन करते हुए बेसमेंट में जिम खोला जा सकता है। इसके लिए स्थानीय नगर पालिका की अनुमति, व्यावसायिक लाइसेंस, अग्नि सुरक्षा क्लियरेंस और पर्याप्त वेंटिलेशन व सुरक्षा इंतजाम (जैसे रबर फ्लोरिंग, निकास द्वार) अनिवार्य हैं। व्यावसायिक उपयोग के लिए जोनिंग नियमों की जांच अवश्य करें।

बेसमेंट में जिम खोलने के मुख्य नियम और आवश्यकताएँ

अनुमति और लाइसेंस । स्थानीय नगर पालिका से स्वास्थ्य ट्रेड लाइसेंस और पुलिस से अनुमति..क्लियरेंस अनिवार्य है।

सुरक्षा नियम । अग्निशमन विभाग से एनओसी लेना आवश्यक है। अग्नि सुरक्षा और निकास के पर्याप्त इंतजाम होने चाहिए।

वेंटिलेशन । बेसमेंट में उमस हो सकती है, इसलिए उचित वेंटिलेशन और एग्जॉस्ट फैन की व्यवस्था जरूरी है ताकि नमी और बदबू न हो। फ्लोरिंग । कंक्रीट के फर्श पर रबर मैटध्फ्लोरिंग लगवाना अनिवार्य है ताकि हड्डियों और जोड़ों को नुकसान न हो।

क्षेत्र । सुनिश्चित करें कि स्थानीय मास्टर प्लान के अनुसार उस क्षेत्र में बेसमेंट का व्यावसायिक उपयोग मान्य हो।

अन्य सुविधाएँ । पीने के पानी की व्यवस्था, पुरुषध्महिला के लिए अलग शौचालय, और साफ-सफाई की दैनिक व्यवस्था।



# हादसों का गुरुवार, सड़क दुर्घटना में कई घायल

उमरिया (स्वतंत्रमत)।

उमरिया जिला में गुरुवार हादसों से भरा रहा। बीते गुरुवार को जिले में विभिन्न जगहों में सड़क हादसे घटित हो गए, जिसमे कई लोग घायल हुए है। जानकारी के अनुसार उमरिया जिला मुख्यालय से होकर ताला की ओर जाने वाले स्टेट हाईवे में सेंट्रल एकेडमी स्कूल के पास शुक्रवार की रात भीषण सड़क हादसा घटित हो गया।

बताया गया है कि आर्टिका कार क्रमांक एमपी 54 जेडबी 7435 और ऑटो टैक्सी के बीच सीधी टक्कर हो गई जिसमे सवार 10 लोग घायल हो गये। घायलो में लीला बाई और सूभरन सिंह ने बताया कि वे लोग ग्राम बरतराई से चंदिया थाना अंतर्गत मझौली जा रहे थे,तभी यह हादसा हो गया,टक्कर इतनी तेज थी कि मौके पर अफरा-तफरी मच गई,स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया,सभी घायलों को 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे में एक व्यक्ति को गंभीर चोट आई है,उसका पैर पूरी तरह फ्रैक्चर हो गया है। कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंचकर घटना की जांच में जुट गई है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ केसी सोनी ने बताया कि दुघर्टना में 10 लोग घायल हुए थे जिनमें से 2 लोगो की ज्यादा हालत गंभीर होने से जबलपुर मेडिकल कॉलेज रैफर किया गया है। इसी गुरुवार की देर रात चंदिया स्थित नायरा पेट्रोल पंप के पास बारातियों से भरी एक पिकअप वाहन अनियंत्रित होकर पलट हो गयो। हादसे में आधे दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए,जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।घटना की सूचना मिलते ही कई 108 एम्बुलेंस तत्काल मौके पर पहुंचीं और घायलों को प्राथमिक उपचार देते हुए चंदिया अस्पताल लाया गया।बताया जा रहा है कि कुछ घायलों की हालत गंभीर होने पर उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल उमरिया रेफर किया गया,जहां उनका इलाज जारी है। इसी रात बड़ेरी के पास ऑटो और अर्टिका कार के बीच जोरदार भिड़ंत हो गई, जिसमें करीब आधा दर्जन लोग घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। पाली थाना क्षेत्र में हुए एक अन्य सड़क हादसे में एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।वहीं अमहा रेलवे पुल के पास भी एक युवक गंभीर दुर्घटना का शिकार हुआ,जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।ये सभी हादसे गुरुवार की देर रात या दरमियानी रात की बताई जा रही है।



# मानपुर में पात्र 29 दिव्यांग बच्चों को बांटे गए उपकरण

मानपुर (स्वतंत्रमत)

दिनांक 13.02.2026 को जिला शिक्षा केंद्र उमरिया के आदेशानुसार चिकित्सीय मूल्यांकन चिंहांकन उपरांत उपकरण वितरण शिविर का आयोजन जनपद शिक्षा केंद्र मानपुर में किया गया। जिसमें 29 बच्चों के लिए उपकरण एलिम्को जबलपुर द्वारा चयन किया गया था। इन सभी बच्चों को बीआरसी भवन मानपुर में उनके नाम के सम्मुख उपकरण जैसे ट्राई साइकिल ,बैसाखी, व्हीलचेयर ,रोलेटर,ब्रेल किट, सुगम्य केन तथा मानसिक बच्चों को पढ़ने हेतु टीएलएम किट, कान की मशीन, कैलिपर्स जिला शिक्षा केंद्र से एपीसी आईडी कमलेश पांडे, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मानपुर श्रीमती पी.बी.प्रजापति, बीआरसी मानपुर यज्ञसेन त्रिपाठी, गया प्रसाद सिंह आईईडी प्रभारी तथा विनोद मिश्र एमआरसी करकेली एवं समस्त बीआरसी स्टाफ की उपस्थिति एवं सहयोग से वितरित किया गया। सभी बच्चे तथा अभिभावक उपकरण पाकर बहुत प्रसन्न रहे। एपीसी आईईडी,एमआरसी तथा एलिम्को टीम द्वारा बच्चों के उपकरण उपयोग पर भी अभिभावकों को विस्तृत जानकारी दी गई।

## एसडीएम की अध्यक्षता में बैठक संपन्न

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी की परीक्षाएं आयोजित की जा रही है। परीक्षा में विद्यार्थियो को अध्यापन के कार्य में किसी भी प्रकार का व्यवधान नही हो, इसके लिए कलेक्टर धरणेन्द्र जैन के निर्देशानुसार अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ अंबिकेश प्रताप सिंह की अध्यक्षता में कलेक्टर सभागार में डीजे संचालकों के साथ बैठक संपन्न हुई। बैठक में अनुविभागीय अधिकारी बांधवगढ ने कहा कि डीजे संचालक निर्धारित डेसीबल सीमा के अंदर ही डीजे बजाएं इसके साथ ही डीजे बजाने की अनुमति जिस अवधि तक के लिए प्रदाय की गई है, उसी अवधि तक ही बजाया जाए। अवधि के पश्चात डीजे बजना पाया जाता है तो,डीजे संचालक के विरूध्द कार्यवाही की जाएगी।

# मुख्यमंत्री कन्या दान सामूहिक विवाह के लिये पिछले वर्ष से इंतजार में हैं हजारों जोड़े..!

मानपुर (स्वतंत्रमत)

मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रदेश में सराहनीय बन के उभरी थी, जिस योजना से गरीब परिवार के दम्पत्ति जोड़ों का निरू शुल्क विवाह होता रहा, जिसमें सभी धर्म वर्ग के जोड़ा और परित्यक्तता लोगों का भी विवाह होता रहा, इस विवाह में नव दमपत्ति जोड़ों को सरकार द्वारा घरेलू उपयेगी आभूषण कपड़ा बाहन जैसे विभिन्न प्रकार के समग्री अथवा 51000 का चेक भेंट करती रही, इसी लिये यह योजना गरीब और निराश्रितों के लिये बड़ा सहारा बनके उभरा है, जो ऐसे गरीब बेसहारों को मानपुर तहसील के क्षेत्र वासियों को पिछले वर्ष से निराश कर रहा है।

सन् 2025 में मानपुर तहसील - ब्लॉक क्षेत्र में मुख्य मंत्री कन्या विवाह वर्ष के प्रारम्भ हुआ था जो उस वर्ष शिर्फ एक वार ही हो के रह गया था, स्कूली बच्चों के परीक्षा के समय होने के कार्ण उस



सामूहिक विवाह में 60 से 70 फीसदी पात्र जोड़ा समलित होने से वंचित रह गये थे, वहीं दूसरा चरण का सामूहिक विवाह 15 मई 2025 को होने के लिये जिला प्रशासन द्वारा निर्धारित किया गया, जिस के लिये मानपुर नगर और ब्लॉक के समस्त क्षेत्र से आवेदन मंगवाया गया, तब बड़े प्रशन्नता से सैकड़ों रुपये खर्च कर गरीबों द्वारा आवेदन जमा किया गया, जहां वह सामूहिक विवाह कार्यक्रम टल जाने की खबर सुन कर गरीबों में बड़ा कष्ट हुआ, कुछ दिन बाद उन जोड़ों को सामूहिक विवाह में समलित होने के लिये ब्लॉक के बाहर करकेली में बुलवाने की चर्चा दौड़ी, जब कि मानपुर में जोड़ों के ज्यादा संख्या होने से वहां बुलाने को मनाकर मानपुर में 15 मई को कार्यक्रम रखने का खबर मिला जो तब क्षेत्र वासियों में एकवार फिर प्रशन्नता की खबर दौड़ी, जब कि वह विवाह का डेट आगे बढ़ता गया फिर तब से आज फरवरी 2026 तक नहीं हुआ, तब से गरीब और निराश्रित दंपत्ति जोड़ों ने बड़े उदास के सांथ बेसब्री से इंतजार में हैं वहीं निराश भरे उम्मीद लिये भी बैठे हुये हैं, वहीं ग्रामीणों का कहना है कि शिवराज सरकार के समय में यहां मुख्यमंत्री कन्या विवाह हर वर्ष दो से तीन बार होता था जो अब एकवार हो कर रह जाता है, जहां कई हितग्राही पात्र योजना के लाभ से वंचित रह जाते हैं। मानपुर सीएमओ राजेन्द्र प्रसाद कुशवाहा ने बताया कि 15 मई 2025 को होने वाले मुख्यमंत्री कन्या विवाह के लिये 100 आवेदन आयेथे जिसमें 68 लोग पात्र पये गयेथे जो आवेदन कार्यालय जनपद पंचायत मानपुर को प्रस्तुत करवा दिया गया था।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी मानपुर राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी जी का कहना है कि 15 मई निर्धारित समय को होने वाले सामूहिक विवाह के लिये ग्राम पंचायतें से तकरीबन 500 आवेदन आये थे जिनमें पौने चार सौ आवेदन पात्र पाये गयेथे जो आज भी जनपद कार्यालय में रखे हैं।

मानपुर एसडीएम सुश्री हरनीत कौर ने कहा कि यह जाकारी अभी तक मेरे जानकारी में नहीं है मैं पता करवाती हूं यदि यह जानकारी सही निकली तो मानपुर तहसील क्षेत्र में मुख्य मंत्री कन्यादान योजना से सीघ्र विवाह कार्यक्रम करवाने का पहल किया जायेगा।

## 15 फरवरी को लांजी में महादेव महोत्सव का होगा आयोजन

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।

संस्कृति विभाग, म.प्र. शासन द्वारा बालाघाट जिले के लांजी स्थित कोटेश्वर महादेव मंदिर परिसर में शिव-सत्य की कला अभिव्यक्तियों पर एकाग्र महादेव महोत्सव का आयोजन 15 फरवरी, 2026 को सायं 6.30 बजे से किया जाएगा। समारोह में शिव केंद्रित नृत्य नाटिका, लोक गायन एवं भक्ति गायन की प्रस्तुतियाँ संयोजित की जाएंगी। यह आयोजन शिवभक्ति, लोक परम्परा और शास्त्रीयङ्कसुगम कलाओं के सुरम्य संगम के रूप में श्रद्धा और भक्ति की एक अनुपम संध्या रचेगा। संस्कृति विभाग द्वारा जिला प्रशासन बालाघाट के सहयोग से यह आयोजन किया जाएगा।

लोक सुरों की मधुर धारा में छतरपुर के रामसिंह राय अपने लोक गायन से मंदिर की पावन धरा पर सांस्कृतिक चेतना का दीप प्रज्वलित करेंगे। इसके पश्चात भोपाल की विधिका मिश्री की आदिदेव भगवान शिव पर केंद्रित भावप्रवण प्रस्तुति होगी, जिसमें नृत्य नाटिका के माध्यम से कलाकार शिव कथा को जीवंत करेंगे। समारोह की अंतिम कड़ी में जबलपुर के ईशान मिनोचा एवं साथी कलाकार भक्ति गायन की प्रस्तुति देंगे, जिनके स्वरों में रची शिव-आराधना वातावरण को आध्यात्मिक भाव विभोरता से आलोकित करेगी।


# परसवाड़ा बस स्टैंड की बदहाल व्यवस्था पर उठ रहे सवाल

## जाम और अव्यवस्था से राहगीर परेशान

बालाघाट/उकवा(स्वतंत्र मत)।

नगर का मुख्य बस स्टैंड इन दिनों अव्यवस्था, जाम और मूलभूत सुविधाओं के अभाव के कारण गंभीर समस्याओं से जूझ रहा है। स्थानीय नागरिकों, व्यापारियों और ग्रामीणों ने बस स्टैंड की बिगड़ी व्यवस्थाओं को लेकर आवाज बुलंद करनी शुरू कर दी है। उनका कहना है कि यदि समय रहते हालात नहीं सुधारे गए तो आने वाले दिनों में स्थिति और विकराल हो सकती है।

बस स्टैंड परिसर और उसके आसपास प्रतिदिन जाम की स्थिति बन रही है। दोपहिया एवं चौपहिया वाहन चालक दुकानों के सामने वाहन खड़े कर चले जाते हैं, जिससे सड़क संकरी हो जाती है और आवागमन बाधित होता है। विशेषकर बुधवार बैठकी बाजार क्षेत्र में हालात और भी चिंताजनक होते हैं। यहां दिनभर वाहनों की आवाजाही के बीच अनियंत्रित पार्किंग के कारण आम राहगीरों, स्कूली बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। कई बार आपातकालीन स्थिति में भी वाहन



निकालना मुश्किल हो जाता है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मॉडल बस स्टैंड निर्माण के नाम पर पूर्व में अतिक्रमण हटाया गया और पुरानी सड़क को तोड़ दिया गया, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बाद भी सड़क का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है। टूटी सड़क और मलबा आज भी जस का तस पड़ा हुआ है। इससे एक महत्वपूर्ण मार्ग पूरी तरह चालू नहीं हो पाया है, जिसके कारण यातायात का दबाव अन्य मार्गों पर बढ़ रहा है और जाम की समस्या स्थायी रूप लेती जा रही है।

ग्रामीणों और व्यापारियों का कहना है कि प्रशासन को केवल निर्माण कार्य तक सीमित न रहकर व्यवस्थाओं को भी सुचारू करना चाहिए। अधूरी सड़क का निर्माण शीघ्र पूरा कर मार्ग को पूर्ण रूप से चालू किया जाए, ताकि बस स्टैंड क्षेत्र में वाहनों का आवागमन व्यवस्थित हो सके। मूलभूत सुविधाओं की स्थिति भी चिंताजनक है। बस स्टैंड क्षेत्र में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था नहीं है। दुकानदारों को रोजमर्रा के कार्यों के लिए पानी की व्यवस्था हेतु इधर-उधर भटकना पड़ता है। यात्रियों को भी शुद्ध पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है, जिससे असुविधा बढ़ रही है।

सबसे गंभीर समस्या सुलभ प्रसाधन (शौचालय) की है। बस स्टैंड में शौचालय भवन का निर्माण पूर्ण हो चुका है और कई महीने बीत चुके हैं, इसके बावजूद अब तक उसे प्रारंभ नहीं किया गया है ना ही कोई बोर्ड लगाए गए हैं। व्यवस्थाएं बहाल न होने के कारण यात्रियों-विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों-को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। प्रसाधन सुविधा चालू न होने से स्वच्छता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

वहीं, अतिक्रमण हटाए जाने के दौरान जिन दुकानदारों को हटाया गया था, उनका कहना है कि बिना वैकल्पिक व्यवस्था या पुनर्वास के उन्हें विस्थापित कर दिया गया। बस स्टैंड का कॉम्प्लेक्स तो बना दिया गया, लेकिन प्रभावित व्यापारियों के पुनर्व्यवस्थापन पर अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया है। इससे कई परिवारों के सामने रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो गया है।

नगरवासियों ने नगर प्रशासन से मांग की है कि बस स्टैंड क्षेत्र में समुचित पार्किंग व्यवस्था लागू की जाए, ट्रैफिक प्रबंधन के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश तय किए जाएं, अधूरी सड़क का निर्माण तत्काल पूर्ण कराया जाए, पेयजल एवं सुलभ प्रसाधन की सुविधा शीघ्र प्रारंभ की जाए तथा विस्थापित दुकानदारों के पुनर्वास पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय लिया जाए।

यदि नगर प्रशासन समय रहते ठोस कदम उठाता है तो परसवाड़ा बस स्टैंड को व्यवस्थित और सुगम बनाया जा सकता है, जिससे न केवल यातायात सुचारू होगा बल्कि व्यापार और जनसुविधाएं भी बेहतर होंगी। अब देखना यह है कि जिम्मेदार प्रशासनिक अमला इस ओर कब तक गंभीर पहल करते हैं।



# जल है तो कल है ग्राम जबरटोला में हर घर जल से आई खुशहाली

**बालाघाट(स्वतंत्र मत)।** जिला मुख्यालय बालाघाट से लगभग 36 किलोमीटर दूर बसे छोटे से ग्राम जबरटोला की पहचान कभी पेयजल संकट से जुड़ी थी। वारासिवनी विकासखंड की ग्राम पंचायत सोनझरा के लगभग 500 की आबादी वाले इस गांव जबरटोला में वर्षों तक पानी के लिए संघर्ष आम बात थी। सुबह होते ही महिलाओं की लंबी कतारें, दूरस्थ स्रोतों तक पैदल जाना और सीमित पानी में गुजारा करना यहाँ की दिनचर्या बन चुकी थी। गाँव में पहले मुख्यमंत्री पेयजल योजना संचालित थी, लेकिन बढ़ती आबादी और सीमित संसाधनों के कारण पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो पाता था। समय के साथ समस्या और गंभीर होती गई। ऐसे में उम्मीद की किरण बनकर जल जीवन मिशन जबरटोला ग्राम पहुंचा।

## जल जीवन मिशन की दस्तक ने बदली तकदीर

ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या को देखते हुए जल जीवन मिशन के तहत व्यापक कार्ययोजना तैयार की गई। इस योजना को 13 फरवरी 2020 को आधिकारिक स्वीकृति मिली। लगभग 25.77 लाख रुपये की लागत से नई नल-जल योजना का खाका तैयार किया गया। मिशन का उद्देश्य केवल पाइपलाइन बिछाना नहीं था, बल्कि हर घर तक पर्याप्त, स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल पहुँचाना था और वह भी समानता के साथ।

## तकनीकी मजबूती: 20 किलोलीटर का सम्पबेल

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री बी. एल. उईके ने बताया कि गाँव में पानी की निरंतर और पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 20 किलोलीटर क्षमता के सम्पबेल का निर्माण किया गया है। इससे पानी के भंडारण और दबाव की समस्या का स्थायी समाधान हुआ है। नई पाइपलाइन व्यवस्था के साथ जल वितरण प्रणाली मजबूत हुई और गाँव में पहली बार नियमित जल आपूर्ति संभव हो सका है। योजना के सफल क्रियान्वयन के बाद ग्राम जबरटोला की तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। गाँव के सभी 123 घरों को घरेलू नल कनेक्शन प्रदान किए गए हैं। ग्राम 'हर घर जल' के रूप में रिपोर्टेड एवं प्रमाणित हो चुका है। गांव की महिलाओं को अब पानी के लिए घर से बाहर नहीं जाना पड़ता है।

## धरना करना प्रतिबंधित

**उमरिया।** अपनी व्यक्तिगत अथवा सामूहिक मांगों की पूर्ति हेतु बार-बार धरना/प्रदर्शन आयोजित करना प्रतिबंधित किया है।

**In The Court Of II Civil Judge Class-II, District Court, Umaria**
**Presiding Officer: सरफराज खान**

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)
RCS A/0000081/2025)

पूर्वी पाटकर..... वादी
V/S
प्राचार्य --- प्रतिवादी

Process Id-/2026
पेशी दिनांक 27/02/2026

प्रेषिती-
(1) जिस किसी का हित या आपत्ति हो पता जिस किसी का हित या आपत्ति हो

यह कि प्रार्थी पूर्वी पाटकर ने आपके विरूद्ध वास्ते घोषणा के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करायें।

यह आज तारीख 27 January 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया

कृपया ध्यान दें:- यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

सील

**सरफराज खान न्यायाधीश**
**द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड**
**उमरिया जिला उमरिया (म.प्र.)**

# मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल में सजी स्थानीय उत्पादों की श्रृंखला

## मेले का शुभारंभ, सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांधी समा





मण्डला (स्वतंत्रमत)।

मोटे अनाज के उपयोग के लिए आमजन को प्रेरित करने के उद्देश्य से आयोजित दो दिवसीय मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल का शुभारंभ शुक्रवार को नगरपालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा ने किया। कार्यक्रम 14 फरवरी तक चलेगा। फूड फेस्टिवल के दौरान पुलिस ग्राउंड को अत्यंत आकर्षक ढंग से सजाया गया। आकर्षक लाईटिंग एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने वातावरण को अद्भुत रूप दिया। नगरवासी बड़ी संख्या में फूड फेस्टिवल पहुंचे तथा स्थानीय व्यंजनों का भरपूर आनंद लिया। इस अवसर पर उपसंचालक कृषि अश्विनी झारिया, एसडीओ कृषि मधु अली, धर्मसिंह धुर्वे, आत्मा समिति उप संचालक आरडी जाटव सहित अन्य विभागीय अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल में मिलेट्स पर आधारित स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए तथा स्थानीय उत्पादों को प्रदर्शित किया। मैदान में 50 से अधिक स्टॉलों पर मिलेट्स से बने व्यंजन के साथ साथ अन्य उत्पादों को भी रखा गया। शुभारंभ के दौरान नगरपालिका अध्यक्ष श्री कछवाहा सहित अन्य अतिथियों ने विभिन्न स्टॉलों का भ्रमण करते हुए प्रतिभागियों से चर्चा की तथा व्यंजनों का लुत्फ उठाया। मेले में कोदो की खीर, चेंच की भाजी, कंगनी, कोदो तथा कुटकी की खीर, ज्वार की रोटी, सरसों की साग, रागी के डोसा तथा अन्य जनजातीय व्यंजन आकर्षण का केन्द्र रहे। फूड फेस्टिवल में नगरवासियों ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया।

इस फूड फेस्टिवल में महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण एवं शहरी आजीविका, स्व-सहायता समूह, कृषि विभाग, आत्मा, कार्ड, रदा किचन, उत्कृष्ट विद्यालय, नवोदय तंदूरी चाय, दुग्ध संघ सहित अन्य विभाग, विभिन्न संस्थाओं तथा नगर के ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों द्वारा स्वादिष्ट व्यंजनों के स्टॉल लगाए गए। फूड फेस्टिवल में स्थानीय व्यंजनों के अलावा कृषि विभाग द्वारा श्री अन्न के मिलेट्स को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किया। कोदो, कुटकी, रागी, सवा, चिया शीड, बाजरा, जौ तथा अन्य मोटे अनाज के द्वारा रंगोली तैयार की गई। साथ ही विभिन्न मिलेट्स के दानों को प्रदर्शित करते हुए पृथक-पृथक स्टॉल भी सजाए गए। विभिन्न स्टॉलों के माध्यम से श्री अन्न उत्पादन को बढ़ावा देने एवं जैविक कृषि की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष ने फीता काटकर मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल का शुभारंभ किया। उन्होंने स्टॉलों का भ्रमण करते हुए कहा कि आज के परिवेश में देशी खानपान से लोग दूर जा रहे है जबकि अच्छे स्वास्थ्य के लिए देशी खानपान ही भारत की परम्परा रही है इस दौरान संयुक्त संचालक जबलपुर केएस नेताम ने कहा कि मंडला मिलेट फूड फेस्टिवल आज पूरे भारत में अपनी पहचान बना चुका है मंडला के बने उत्पाद पूरी दुनिया में बिक रहे हैं बड़े-बड़े आयोजन और मेले में मंडला में तैयार की जा रही खानपान की सामग्री की बड़ी मांग है इस दौरान कृषि उपसंचालक अश्वनी झारिया ने मुख्य अतिथि को मेला का भ्रमण कराया और यहां उपलब्ध फूड के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, सीआरपीएफ कमांडेड विक्रांत सारंगपाणी, संयुक्त संचालक जबलपुर केएस नेताम, कृषि यांत्रिकी सेवा अधिकारी श्री मर्सकोले, पत्रकार परिषद जिला अध्यक्ष नीरज अग्रवाल ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ कराया। बता दें कि दो दिवसीय आयोजन पर मोटे अनाज (श्री अन्न) के प्रति जन जागरूकता बढ़ाने और इसके स्वास्थ्यगत लाभों से आमजन को अवगत कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन तथा किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय मिलेट फूड फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में मिलेट रोड शो का आयोजन किया गया। प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने मिलेट रोड शो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि श्री अन्न न केवल पौष्टिकता से भरपूर है बल्कि यह हमारी प्राचीन कृषि संस्कृति का भी प्रतीक है। मुख्यमंत्री के मंशानुरूप मोटे अनाजों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए इस तरह के आयोजन मील का पत्थर साबित होंगे।

## कम्प्यूटर ऑपरेटर की सेवा समाप्त

**मण्डला(स्वतंत्रमत)।** दुर्गेश यादव कम्प्यूटर ऑपरेटर प्राथमिक कृषि साख समिति मर्यादित सिंगारपुर के विरूद्ध डिजिटल मीडिया में प्रकाशित समाचार एवं वायरल वीडियो में अशोभनीय कार्य एवं व्यवहार प्रसारित हुआ था। इसके संबंध में सहायक आयुक्त सहकारिता द्वारा मोहगांव सहकारिता विस्तार अधिकारी को जांच के लिए अधिकृत किया गया था। जाँच प्रतिवेदन में दुर्गेश यादव के विरूद्ध आरोपों की पुष्टि होने पर कृत्य गंभीर दुराचरण की श्रेणी का पाया गया। जिसके उपरान्त सहकारी समिति सेवानियम 2013 के प्रावधानों के तहत कार्यवाही करते हुये सहकारी समिति मर्यादित सिंगारपुर द्वारा संबंधित की सेवा समाप्त कर आदेश जारी किया गया है।

## मेधावी छात्रों का किया गया सम्मान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** शासकीय जगन्नाथ उत्कृष्ट विद्यालय प्रांगण में प्रतिभा सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष विनोद कछवाहा, विशिष्ट अतिथि जनपद अध्यक्ष संतोष सोनू भलावी, नगरपालिका उपाध्यक्ष अखिलेश कछवाहा, वरिष्ठ समाजसेवी एवं जगन्नाथ मुन्ना लाल चौधरी के वंशज प्रवीण रंजन चौधरी, पंकज चौधरी, सेवानिवृत्त प्राचार्य एनके यादव रिटा. व्याख्याता योगेश श्रीवास्तव द्वारा दीपप्रज्वलित कर सरस्वती वंदना के साथ किया।



## गांधी मेला समापन वृद्धजनों का सम्मान

**मण्डला/बिछिया (स्वतंत्र मत)।** नगर परिषद भुआ बिछिया के तत्वाधान में 30 जनवरी से 12 फरवरी तक गांधी मेला का आयोजन विगत कई वर्षों से किया जा रहा है जिसका मेला समापन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा में श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजली दी गई। इसके पश्चात नगर परिषद के पदाधिकारियों के द्वारा अध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रजनी मरावी एवं पार्षदगणों के द्वारा वृद्धजनों को सम्मानित किया गया सर्वप्रथम रोहणी प्रसाद शुक्ला सुशीला नामदेव, फूलवती बाई, फूला यादव, हेमचंद जंघेला बेनराम राजपूत, मल्लूराम राजपूत, धीरज सिंह राजपूत, आधा सिंह, विजय पटेल, गुल्ला यादव को शाल श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। इसी क्रम में उपाध्यक्ष नगर परिषद भुआ बिछिया रानू रणधीर सिंह राजपूत के द्वारा उद्बोधन में कहा गया है कि यह गांधीमेला विगत 1952 से प्रारंभ हुआ आज तक अपनी गरिमा बनाये रखा है मेले का शुभारंभ हमारे स्वत्रंता संग्राम सेनानी स्व. रमलू सिंह ठाकुर, स्व. कालीचरण, स्व. कोदू लाल जंघेला के प्रयासों से गांधी स्मारक के प्रांगण में हुआ। जिसका निर्वाहन नगर परिषद भुआ बिछिया के द्वारा निरंतर किया जा रहा है। मेला में 30 जनवरी से 12 फरवरी तक निरंतर राष्ट्रीय ध्वज फहराने एवं सूर्य अस्त के पूर्व उतारने की परम्परा का निर्वाहन किया जाता रहा हैं इसी क्रम में अतिथियों की उपस्थिति में नगर परिषद अध्यक्ष रजनी मरावी, उपाध्यक्ष रानू राजपूत, विकास गवले, नारायणी साहू, पूनम रजक, नगर के वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थिति में राष्ट्रीयध्वज उतारते हुये राष्ट्रीयध्वज सम्मान पूर्वक निकाय के उपयंत्री एचआर कुरैशी को सौंपा गया। संचालन घनश्याम चौहान के द्वारा गया जिसमें उपयंत्री एचआर कुरैशी, अशोक यादव, संजय सरौते, सचिन यादव,गगन यादव, कपिल नंदा, मनोज निगम, मयंक घाटोडे दिलीप यादव, आशीष नंदा रामकली यादव एवं समस्त कर्मचारी व्यापारीगण उपस्थित रहे। रोहणी प्रसाद शुक्ला राष्ट्रपति से सम्मानित पुरूस्कृत के द्वारा गांधी समापन कार्यक्रम में भजन की प्रस्तुती दी गई साथ ही देशभक्ति से ओतप्रोत प्रदर्शनी लगाई गई।

## पुलिस पहुंची ग्रामीण चौपाल तक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना महाराजपुर धोरानाला, थाना बीजाडांडी पिपरिया, थाना टिकरिया चुटका, थाना निवास गजूदेवरी, थाना मवई देवरी, रघुट एवं चौकी टाटरी झनगुल, उमरिया, चौकी मनेरी मेढ़ी, चौकी पिंडरई, चौकी अंजनिया कांसखेड़ा, चौकी चाबी खालेगिठौरी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** सामुदायिक वन संसाधनों के संरक्षण एवं प्रबंधन के अधिकारों को मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से 10 एवं 11 फरवरी को जिले में दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर राहुल श्रीवास्तव एवं मोहित महाजन सहित अटरी संस्था सोमेन्द्र कुशराम डी.सी. पेसा एक्ट जिला पंचायत द्वारा विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया प्रशिक्षण में सामुदायिक वन संसाधन दावों की प्रक्रिया आवश्यक दस्तावेज ग्राम सभा की भूमिका तथा संबंधित समितियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से चर्चा की गई कलेक्टर ने प्रशिक्षण में उपस्थित होकर महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## तीर्थदर्शन योजना पर निर्देश

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत रामेश्वरम मदुरै जाने वाले पात्र यात्रियों की सूची तैयार कर ली गई है। जिला प्रशासन द्वारा सभी संबंधित तहसीलदारों को निर्देश दिए गए हैं कि वे उक्त सूची को अपने-अपने कार्यालयों के सूचना पटल पर अनिवार्य रूप से चस्पा कराना सुनिश्चित करें ताकि चयनित यात्रियों को समय पर जानकारी मिल सके। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सूची के प्रकाशन का उद्देश्य पारदर्शिता बनाए रखना और यात्रियों को यात्रा संबंधी आवश्यक तैयारियों के लिए पर्याप्त समय देना है।

## द्वितीय चरण 16 फरवरी से

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** सुशासन एवं स्वराज के लिए विकसित मध्यप्रदेश के लक्ष्य अंतर्गत शासन के समस्त विभागों द्वारा संचालित योजनाओं और सेवाओं का पूरा लाभ ग्राम पंचायतों नगरीय निकायों तहसील एवं जिला स्तर पर उसके पात्र हितग्राहियों तक समय-सीमा में पहुंचाने के लिये 12 जनवरी से 31 मार्च तक संकल्प से समाधान विशेष अभियान चलाकर पात्र हितग्राहियों को भारत सरकार एवं राज्य शासन की हितग्राहीमूलक सेवाओं का लाभ प्रदान किया जायेगा। यह अभियान 4 चरणों में चलाया जा रहा है। अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलाया जायेगा।

## अध्यक्ष उपाध्यक्ष पार्षदों व सीएमओ ने किया निर्माण कार्य का निरीक्षण



नैनपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रदेश के मुखिया डा. मोहन यादव के द्वारा के स्वक्ष भारत अभियान के अंतर्गत अनेक स्वछता से सम्बंधित कार्य किये जा रहे हैं। इसी श्रंखला में नगरपालिका नैनपुर द्वारा नगर के वार्ड क्रमांक 10 में नवीन मटन मार्केट का निरीक्षण किया जा रहा है। जिसका निरीक्षण अध्यक्ष कृष्णा पंजवानी उपाध्यक्ष श्रीमती संजूलता वैष्णव एंव पार्षद राजाराम शर्मा, श्रीमती सुशीला चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी डाक्टर लक्ष्मण सिंह सारस उपयंत्री अभिलाष श्रीवास राजस्व उप निरीक्षक प्रेम कुमार चौटेल के द्वारा किया गया। निरीक्षण में दोरान संबंधित ठेकेदार व उपयंत्री को समय अवधि में गुणवत्ता युक्त कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये गये तत्पश्चात आंगनबाड़ी भवन निर्माण का भी निरीक्षण किया गया । इस दोरान द्वय ठेकेदारो के द्वारा समय-सीमा में कार्य करने का आश्वासन दिया गया।

## वृद्धजन आश्रम में स्वास्थ्य शिविर

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा संचालित होलिस्टिक वेलबीइंग कैम्प कार्यक्रम के अंतर्गत 12 से 13 फरवरी, 19 से 20 फरवरी एवं 26 से 27 फरवरी को वरिष्ठजनों के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आयुष विभाग द्वारा 12 फरवरी को वृद्धजन आश्रम माहिष्मती घाट में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य वरिष्ठजनों को सुलभ एवं समग्र स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना तथा उनमें होने वाली शारीरिक मानसिक एवं सामाजिक समस्याओं के समाधान के लिए प्रयास करना है। शिविर का शुभारंभ भगवान धनवंतरी के पूजन के साथ किया गया।



शिविर में पधारे सभी वरिष्ठजनों का सम्मान सिविल सर्जन डॉ. विजय सिंह धुर्वे पूर्व जिला आयुष अधिकारी डॉ. हर्ष कर्महे एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. गायत्री आहाके द्वारा श्रीफल एवं पुष्पमाला भेंटकर किया गया। शिविर के दौरान कुल 70 वरिष्ठजनों एवं अन्य श्रृद्धालुओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक औषधियों का नि:शुल्क वितरण किया गया। इस अवसर पर डॉ. ऋचा धुर्वे, डॉ. आशीष गौठरिया, डॉ. ममता धुर्वे, डॉ. एकता वाल्को, डॉ. प्रियंका धुर्वे, डॉ. शबनम परवीन, राजेश अमपुरी, दीपक कुमार पाठक, चरणलाल धुर्वे सहित समस्त आयुष स्टाफ ने सक्रिय सहभागिता कर सेवाएं प्रदान कीं।

## मानसिक जागरुकता गतिविधियां

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देश पर नेशनल टास्क फोर्स एनटीएफ के अंतर्गत हर महाविद्यालय में प्रकोष्ठ बनाये गये हैं जिसमें प्राचार्य संरक्षक रखे गए हैं तथा एक वरिष्ठ प्राध्यापक को प्रकोष्ठ का नोडल अधिकारी बनाया गया है महाविद्यालय कैंपस में बैनर लगाकर उस पर आवश्यक निर्देश लिखे गए हैं तथा हेल्पलाइन नंबर प्रदर्शित किए गए हैं जहां से मानसिक रूप से परेशान या अवसादग्रस्त विद्यार्थियों को मदद मिल सकती है सारी जानकारियां व सूचनाएं गोपनीय रखने का प्रावधान है विद्यार्थियों को जागरूक किया जा रहा है कि वे मानसिक परेशानी की स्थिति में हेल्पलाइन में प्रदर्शित नंबरों से संपर्क करें शासकीय जगन्नाथ मुन्ना लाल चौधरी महिला महा विद्यालय में प्राचार्य प्रोफेसर शरद नारायण खरे के मार्गदर्शन तथा संरक्षण डॉ आराधना दुबे नोडल अधिकारी के संयोजन में गत दिवस कार्यशाला का आयोजन किया गया।

## जनगणना समन्वय समिति की बैठक

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

*कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला योजना सभाकक्ष में जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। जिला जनगणना समन्वय समिति की बैठक में आगामी जनगणना 2027 को पूर्णत: डिजिटल मोड में संपादित किये जाने संबंधित व्यवस्थाओं, तैयारियों एवं समन्वय से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर द्वारा समिति के सदस्यों को निर्देश दिये गये कि जनगणना कार्य निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण एवं पारदर्शिता के साथ पूर्ण किया जाये।*

## पुलिस चौपाल का आयोजन

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना कोतवाली के बबेहा, थाना निवास के मोहानी, थाना महाराजपुर के मालीमोहगांव, थाना मवई के कोलमगहन, थाना बिछिया के ठोढा, थाना टिकरिया के मझगांव, थाना मोतीनाला के बांदरबाडी, टाटम एवं चौकी अंजनिया के अहमदपुर, चौकी टाटरी के बगासपुर क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

## लफरा में रूकवाया गया बाल विवाह

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** ग्राम लफरा में बाल विवाह होने की सूचना चाईल्ड लाईन हेल्पलाईन पर मिली। शिकायत की सूचना प्राप्त होते ही जिला प्रशासन ने तत्परता से शिकायत पर कार्यवाही करते हुए नायब तहसीलदार अंजनिया अजय श्रीवास्तव, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विनोद कुमार वाहने, पुलिस थाना बम्हनी बंजर की टीम को मौके पर भेजा। बाल विवाह रोकथाम दल द्वारा ग्राम लफरा में बालिका पिता सनता केवट, माता श्रीमती सती बाई केवट के घर पहुंचकर बाल विवाह की जांच पड़ताल की। जांच में पाया गया कि बालिका की उम्र 13 वर्ष तथा जन्मतिथि 22.07.2012 है जिस आधार पर बालिका नाबालिक पाई गई। बालिका के माता-पिता द्वारा बताया गया कि बालिका का विवाह कराया जाना था किन्तु चाईल्डलाइन में शिकायत होने के बाद प्रशासन की कार्यवाही के कारण बाल विवाह रोक दिया गया। परिवारजन एवं ग्रामवासियों को समझाया गया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के तहत 18 वर्ष से कम उम्र की बालिका तथा 21 वर्ष से कम उम्र के बालक का विवाह किए जाने पर 2 वर्ष तक की कैद एवं 1 लाख तक का जुर्माना का प्रावधान है। विवाह में सम्मिलित सभी सदस्य जैसे परिवार, रिश्तेदार एवं सेवा प्रदाता सभी दंड के भागीदार होंगे। जिला प्रशासन मंडला द्वारा की गई त्वरित कार्यवाही से परिवार द्वारा बालिका का बाल विवाह रूकवाया गया तथा सभी की उपस्थिति में मौका पंचनामा बनाया गया।

## उप निरीक्षक ने जीत 3 रजत 1 कांस्य पदक

मण्डला (स्वतंत्रमत)।

जिला थाना निवास में पदस्थ उप निरीक्षक हिमांशु चौहान ने राज्य स्तरीय स्पर्धा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अखिल भारतीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए चयनित होकर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। अखिल भारतीय पुलिस ड्यूटी मीट 2025-26 एवं अखिल भारतीय पुलिस स्पोर्ट्स प्रतियोगिता 2025-26 के चयन के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन 15वीं बटालियन इंदौर द्वारा बीएसएफ की रेवती रेंज में किया गया। इस प्रतियोगिता में उप निरीक्षक हिमांशु चौहान ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कुल 4 पदक अर्जित किए और प्रदेश टीम में अपना स्थान सुनिश्चित किया।



प्रतियोगिता के दौरान उन्होंने 300 मीटर थ्री पोजिशन शूटिंग, 50 मीटर 22 राइफल फायर तथा 50 मीटर ग्लॉक पिस्टल फायर इवेंट्स में भाग लिया। उत्कृष्ट निशानेबाजी का प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 3 रजत पदक एवं 1 कांस्य पदक अपने नाम किए अब वे राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं एआईपीडीएफ हरियाणा के कदरपुर तथा एआईपीएससी इंदौर में मध्यप्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा ने उप निरीक्षक हिमांशु चौहान को बधाई दी।

## फीफा स्कूल में बच्चों को वितरण किए फुटबॉल

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल संस्था फीफा द्वारा देशभर में चलाए जा रहे स्कूल फुटबॉल वितरण कार्यक्रम किया गया। इस पहल के तहत भारत में 10 लाख फुटबॉल स्कूली बच्चों को वितरित करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी क्रम में पीएमश्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में 14 विद्यालयों के विद्यार्थियों को कुल 100 फुटबॉल वितरित की गईं। कार्यक्रम में जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी विकास खराड़कर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे वे अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल एवं कंडिशनिंग कोच भी हैं तथा वर्ष 2015 में उन्हें प्रधानमंत्री उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया जा चुका है कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्री खराड़कर द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर किया गया इसके पश्चात उन्होंने



खिलाड़ियों एवं शिक्षकों को संबोधित करते हुए फीफा की इस पहल को भविष्य के चैंपियन खिलाड़ियों के निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया उन्होंने विद्यार्थियों को कड़ी मेहनत अनुशासन और निरंतर अभ्यास के माध्यम से देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्राचार्य सुशील राय ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण एवं शासकीय विद्यालयों में खेल संसाधनों को बढ़ावा देना है ताकि प्रतिभावान खिलाड़ियों को बेहतर अवसर मिल सकें। जिन 14 विद्यालयों को फुटबॉल वितरित की गईं शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बकौरी शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल गाजीपुर, एकलव्य विद्यालय सेमरखापा, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बिनेका, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल बिंझिया, शासकीय पीएमश्री हायर सेकण्डरी सेंट्रल बड़ीखैरी, कन्या शिक्षा परिसर मण्डला, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल खड़देवरी, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल, जवाहर नवोदय विद्यालय मण्डला, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल लिमरूआ, शासकीय हायर सेकण्डरी गर्ल्स स्कूल महाराजपुर, शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल सालीवाड़ा, एकलव्य विद्यालय सिझौरा,कन्या शिक्षा परिसर बिछिया जिले में युवाओं के बीच फुटबॉल के प्रति विशेष उत्साह देखा जा रहा है। जिले के खिलाड़ी लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। हाल ही में आयोजित एमपी यूथ गेम्स में मण्डला की टीम विजेता रही जो जिले के लिए गर्व का विषय है कार्यक्रम में नवोदय पीएम श्री स्कूल के प्राचार्य सुशील राय फुटबॉल प्रशिक्षक पंकज उसराठे शिवम मिश्रा सहित सभी 14 विद्यालयों के शिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे आयोजन उत्साह और प्रेरणा से परिपूर्ण रहा।

## सरजू तिवारी लघु वनोपज कांग्रेस प्रकोष्ठ के अध्यक्ष नियुक्त

नैनपुर (स्वतंत्र मत)।



मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के द्वारा पूर्व ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सरजू प्रसाद तिवारी को लघु वनोपज कांग्रेस प्रकोष्ठ का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर नगर व जिले के कांग्रेस कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है। आपके द्वारा कहा गया पूर्ण निष्ठा के कांग्रेस पार्टी के लिए कार्य करें।

## पुलिस पहुंची ग्रामीण चौपाल तक

मण्डला(स्वतंत्र मत)।

पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा के मार्गदर्शन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में माइक्रो बीट पुलिस चौपाल आयोजित कर ग्रामीण नागरिकों को हेलमेट की अनिवार्यता, यातायात नियमों के पालन, नशा मुक्ति, साइबर अपराध से बचाव तथा महिला एवं बाल सुरक्षा के संबंध में व्यापक रूप से जागरूक किया गया। अभियान के अंतर्गत थाना महाराजपुर धोरानाला, थाना बीजाडांडी पिपरिया, थाना टिकरिया चुटका, थाना निवास गजूदेवरी, थाना मवई देवरी, रघुट एवं चौकी टाटरी झनगुल, उमरिया, चौकी मनेरी मेढ़ी, चौकी पिंडरई, चौकी अंजनिया कांसखेड़ा, चौकी चाबी खालेगिठौरी क्षेत्रों में पुलिस अधिकारियों द्वारा चौपाल लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया।

संपादकीय

# बहिष्कार नहीं, नौटंकी थी

पाकिस्तान ने सिर्फ बांग्लादेश की पैरोकारी और अंततः 'मुस्लिम ब्रदरहुड' की खातिर टीम इंडिया से क्रिकेट मैच खेलने का बहिष्कार किया था। यह टी-20 विश्व कप का अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद का आयोजन है। पाकिस्तान हो या कोई अन्य देश हो, इस आयोजन के बेमानी बहिष्कार के मायने गंभीर और संवेदनशील होते हैं। देश अपनी पहचान तक खो सकते हैं, लंबी पाबंदियां झेलनी पड़ सकती हैं और आर्थिक नुकसान असहनीय होता है। पाकिस्तान ने 1970-71 के दौर में बांग्लादेश के 'मुक्ति संग्राम' के दौरान लाखों बेगुनाह लोगों की लाशें बिछाई थीं, औरतों के साथ वहशी बलात्कार किए गए थे, बच्चों के कत्लेआम किए गए थे, बांग्लादेश उस दौर को कैसे भूल सकता है? पाकिस्तान के साथ नए रिश्तों की पींगें कैसे बढ़ा सकता है? कोई तानाशाह, संवेदनहीन व्यक्ति भी इन सवालों के जवाब नहीं दे सकता।

बहरहाल पाकिस्तान की विडंबना देखिए कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी ऐलान किया था कि उनकी क्रिकेट टीम भारत के साथ मैच नहीं खेलेगी, लेकिन दो दिन बाद ही उन्हें अपनी नौटंकी वापस लेनी पड़ी कि दोस्तों का आग्रह है, लिहाजा 15 फरवरी को भारत-पाकिस्तान मैच में उनकी टीम खेलेगी। कितना बौना, असहाय, नासमझ है पाकिस्तान का वजीर-ए-आजम! यह बौनापन इसलिए भी गौरतलब और चिंतनीय है, क्योंकि पाकिस्तान का 'संवैधानिक शाह' जनरल मुनीर और उसके साले, पाक गृहमंत्री, पाक क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष मोहसिन नकवी अंदरूनी तौर पर चाहते थे कि भारत के साथ मैच खेला जाना चाहिए। लिहाजा कुछ शर्तों का भी ढोंग किया गया। मसलन-आईसीसी निर्देश दे कि भारत-पाक द्विपक्षीय श्रृंखला खेली जाए। बेशक श्रृंखला का आयोजन किसी तटस्थ मैदान पर किया जाए। आईसीसी भारत, पाक, बांग्लादेश क्रिकेट की त्रिपक्षीय श्रृंखला के लिए भी निर्देश दे। यह भी शर्त रखी गई कि टीम इंडिया बांग्लादेश का दौरा करे। गौरतलब यह है कि आईसीसी ने तीनों ढोंगिया शर्तें खारिज कर दीं और साफ किया कि यह उसका विशेषाधिकार नहीं है। आईसीसी ने भारत के साथ मैच खेलने का पाकिस्तान का आखिरी फैसला जानना चाहा। ये औपचारिकताएं अंतरराष्ट्रीय मंच पर करनी जरूरी हैं।

अलबत्ता पीसीबी को आगाह किया गया कि यदि मैच का बहिष्कार किया जाता है, तो उसे करीब 315 करोड़ रुपए का नुकसान झेलना पड़ सकता है। पाकिस्तान पर कई पाबंदियां थोपी जा सकती हैं। आईसीसी मैचों की मेजबानी की सूची से उसे बाहर किया जा सकता है। पाकिस्तान को करीब 1000 करोड़ रुपए की चपत लग सकती है। वह इतने बड़े नुकसान की भरपाई कैसे कर सकता है? सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात, चीन, तुर्किए सरीखे देशों ने 'उधारी' देने से इंकार कर दिया है, बल्कि चीन तो कर्ज के पैसे वापस मांग रहा है। ऐसे हालात के तहत घबराते, डरते, कांपते हुए पीसीबी को मैच खेलने की हामी भरनी पड़ी। आईसीसी ने इतना जरूर माना कि टी-20 विश्व कप से हटने पर बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड पर कोई जुर्माना नहीं लगाया जाएगा। सहमति यह भी बनी कि 2031 से पहले बांग्लादेश किसी आईसीसी आयोजन की मेजबानी करेगा। दरअसल यह विषय इसलिए बेहद गंभीर है, क्योंकि आईसीसी के राजस्व में से मात्र 6 फीसदी से भी कम हिस्सा पीसीबी का है, जबकि बीसीसीआई को 38 फीसदी हिस्सा दिया जाता है। यह भी एक कारण था, जो आईसीसी पाकिस्तान के बहिष्कार से नाराज थी। हालांकि पीसीबी ने 15 फरवरी का मैच कोलंबो (श्रीलंका) में खेलने की रजामंदी दे दी है, लेकिन कुछ भारतीय नहीं चाहते कि पाकिस्तान के साथ क्रिकेट मैच खेला जाय।

# तनाव, आतंक और अंधकार के बीच शिव का प्रकाश



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

15 फरवरी 2026 को जब समूचा भारत महाशिवरात्रि का पावन पर्व मनाएगा, तब यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं होगा, बल्कि आत्मजागरण का विराट अवसर होगा। महाशिवरात्रि वह रात्रि है जब साधक अपने भीतर के अंधकार को पहचानकर शिवत्व के प्रकाश से उसे आलोकित करने का संकल्प लेता है। शिव केवल देवता नहीं, वे चेतना के शाश्वत आयाम हैं-महाकाल, जो समय से परे हैं, नटराज, जो सृष्टि की लय और ताल के अधिपति हैं और नीलकंठ, जो विष को पीकर भी अमृत का संदेश देते हैं। आज का युग विज्ञान, तकनीक और उपभोग का युग है। मानव ने अंतरिक्ष को नापा, कृत्रिम बुद्धिमत्ता विकसित की, लेकिन अपने भीतर की शांति खो बैठा। तनाव, अवसाद, असंतोष, युद्ध, आतंकवाद और नैतिक विघटन की घटनाएँ विश्व को विचलित कर रही हैं। ऐसे दौर में शिव की प्रासंगिकता और बढ़ जाती है। शिव भक्ति कोई चमत्कारिक जादू नहीं, बल्कि जीवन को संतुलित करने का वैज्ञानिक और आध्यात्मिक मार्ग है।



शिव का स्वरूप द्वंद्वों से परे है। वे संहारक भी हैं और सृजनकर्ता भी। यह संदेश आज के समाज के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है जो जड़, जर्जर और अनैतिक है, उसका विनाश आवश्यक है ताकि नवजीवन अंकुरित हो सके। जब हम अपने भीतर के अहंकार, क्रोध, लोभ और मोह का संहार करते हैं, तभी सच्चा निर्माण संभव होता है। यही शिव का वास्तविक चमत्कार है भीतर के विष का रूपांतरण। समुद्र-मंथन की कथा केवल पौराणिक आख्यान नहीं, बल्कि मानवीय जीवन का प्रतीक है। जब संसार अमृत की खोज में लगा, तब सबसे पहले विष निकला। आज भी जब मानव प्रगति की दौड़ में है, तो साथ में प्रदूषण, हिंसा और असंतुलन का विष भी उत्पन्न हो रहा है। उस विष को कौन पियेगा? शिव का नीलकंठ रूप हमें सिखाता है कि समाज के संकट को दूर करने के लिए त्याग और सहनशीलता आवश्यक है। जब हम अपने स्तर पर कटुता को निगल लेते हैं और उसे बाहर नहीं फैलाते, तभी समाज में शांति बनी रहती है। इसी प्रकार गंगा के अवतरण की कथा बताती है कि अनियंत्रित शक्ति विनाशकारी हो सकती है। शिव ने उसे अपनी जटाओं में धारण कर संतुलित प्रवाह दिया। आज के संदर्भ में यह संदेश अत्यंत प्रासंगिक है। तकनीक, धन, सत्ता-ये सभी शक्तियाँ हैं। यदि वे अनियंत्रित हों तो विध्वंसक बनती हैं, और यदि शिव-संयम में हों तो कल्याणकारी। अतः शिव भक्ति का अर्थ है-शक्ति का संतुलन।

आधुनिक मनुष्य की सबसे बड़ी समस्या है-तनाव। प्रतिस्पर्धा, अपेक्षाएं और असुरक्षा ने उसे अशांत बना दिया है। शिवरात्रि की रात्रि जागरण की रात्रि है, लेकिन यह बाह्य जागरण से अधिक आंतरिक जागरण है। जब साधक ऊँ नमः शिवाय का जप करता है, तो वह अपने भीतर के कंपन को संतुलित करता है। यह पंचाक्षरी मंत्र मन, प्राण और चेतना को एकाग्र करता है। वैज्ञानिक शोध भी बताते हैं कि नियमित ध्यान और मंत्रजाप से तनाव कम होता है, रक्तचाप संतुलित होता है और मानसिक स्थिरता बढ़ती है। यह शिव साधना का प्रत्यक्ष प्रभाव है। शिव पुराण में वर्णित है कि फाल्गुन कृष्ण चतुर्दशी की निशीथ बेला में ज्योतिर्लिंग का प्रादुर्भाव हुआ। यह ज्योति केवल पत्थर की आकृति नहीं, बल्कि अनंत प्रकाश का प्रतीक है। शिवलिंग का अर्थ है-चिह्न, जो निराकार ब्रह्म का संकेत देता है। आधुनिक मनुष्य के लिए यह बोध आवश्यक है कि ईश्वर किसी सीमित रूप में बंधा नहीं है। वह ऊर्जा है, चेतना है, जो प्रत्येक कण में विद्यमान है।

आज विश्व युद्ध और आतंकवाद की विभीषिका से जूझ रहा है। हिंसा की ज्वाला में मानवता झुलस रही है। शिव का तांडव केवल विनाश नहीं, बल्कि संतुलन का नृत्य है। जब अन्याय बढ़ता है, तब परिवर्तन अनिवार्य होता है। किंतु शिव का संदेश यह भी है कि क्रोध नहीं, करुणा से परिवर्तन संभव है। वे रुद्र हैं-दुःखों का हरण करने वाले। शिव भक्ति का चमत्कार यह है कि वह मनुष्य के भीतर करुणा, सहिष्णुता और क्षमा का विकास करती है। जब व्यक्ति बदलता है, तब समाज बदलता है और जब समाज बदलता है, तब विश्व में शांति का मार्ग प्रशस्त होता है। शिव और शक्ति का मिलन भी आधुनिक जीवन के लिए महत्वपूर्ण प्रतीक है। यह पुरुष और प्रकृति, चेतना और ऊर्जा, विचार और क्रिया का समन्वय है। आज परिवारों में विघटन, संबंधों में दूरी और जीवन में असंतुलन इसलिए है क्योंकि यह समरसता टूट रही है। शिवरात्रि हमें स्मरण कराती है कि संतुलन ही जीवन का आधार है। व्रत और उपवास का आध्यात्मिक महत्व भी आज समझने योग्य है। उपवास केवल भोजन त्याग नहीं, बल्कि इंद्रियों का संयम है। यह आत्मशुद्धि की प्रक्रिया है। जब व्यक्ति एक दिन के लिए भी भोगों से दूर रहता है, तो उसे अपनी आवश्यकताओं का पुनर्मूल्यांकन करने का अवसर मिलता है। उपभोक्तावादी संस्कृति में यह अत्यंत आवश्यक साधना है।

शिव भक्ति का सिद्ध प्रभाव उन असंख्य भक्तों के अनुभवों में दिखाई देता है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी आस्था नहीं छोड़ी। सच्चे मन से की गई प्रार्थना व्यक्ति को आंतरिक शक्ति देती है। यह शक्ति उसे संकटों से जूझने का साहस देती है। चमत्कार बाहर नहीं, भीतर घटित होता है-जब निराशा आशा में बदलती है, भय विश्वास में और अशांति शांति में। आज आवश्यकता है कि शिव को केवल मंदिरों तक सीमित न रखा जाए। वे काठ, पत्थर या मूर्ति में नहीं, बल्कि भाव में निवास करते हैं। जब हम सत्य बोलते हैं, करुणा का व्यवहार करते हैं, प्रकृति की रक्षा करते हैं, तब हम शिव की आराधना करते हैं। पर्यावरण संरक्षण भी शिव भक्ति है, क्योंकि वे कैलाशवासी योगी हैं, प्रकृति के संरक्षक हैं। जल, वायु, अग्नि और पृथ्वी के संतुलन की रक्षा करना ही शिव के प्रति सच्ची श्रद्धा है।

महाशिवरात्रि 2026 हमें यह संकल्प लेने का अवसर देती है कि हम अपने भीतर के विष को पहचानें और उसे शिवचेतना में रूपांतरित करें। हम अपने जीवन में संयम, संतुलन और साधना को स्थान दें। हम क्रोध के स्थान पर क्षमा, अहंकार के स्थान पर विनम्रता और अशांति के स्थान पर ध्यान को अपनाएं। शिवत्व की प्राप्ति कोई दूर की वस्तु नहीं। यह हमारे भीतर ही सुप्त है। आवश्यकता केवल जागरण की है। जब मनुष्य स्वयं को जीत लेता है, तभी वह सच्चे अर्थों में विजयी होता है। यही आत्मयुद्ध है, यही शिव की साधना है। इस महाशिवरात्रि पर हम सब मिलकर यह प्रार्थना करें-

हे नीलकंठ! हमारे भीतर के विष को शांत करो।
हे महाकाल! हमें समय का सदुपयोग सिखाओ।
हे शंकर! हमारे जीवन में कल्याण का संचार करो।

जब यह प्रार्थना सच्चे मन से होगी, तब निश्चित ही उसका प्रतिफल मिलेगा। क्योंकि शिव भाव के भूखे हैं। जहाँ निष्कपट श्रद्धा है, वहाँ शिव की कृपा अवश्य बरसती है। आधुनिक युग की जटिलताओं के बीच शिव भक्ति ही वह सेतु है, जो मनुष्य को स्वयं से, समाज को शांति से और विश्व को अमन से जोड़ सकती है। यही महाशिवरात्रि का सच्चा संदेश है-अंधकार से प्रकाश की ओर, अशांति से शांति की ओर, मृत्यु से अमृतत्व की ओर।

## ऑफिस में ऐसे लोगों से रहें सावधान



चाणक्य नीति दूसरों के वास्तविक स्वरूप को जानने और उनके विचारों को समझने के लिए बहुमूल्य सिद्धांत प्रदान करती है. महान राजनीतिक गुरु, प्रख्यात दार्शनिक और अर्थशास्त्री आचार्य चाणक्य ने मानव मनोविज्ञान का गहन विश्लेषण कर कई नीतियां बनाई हैं. चाणक्य नीति में ऑफिस और ऑफिस की ऑफिस पॉलिटिक्स के बारे में भी बताया गया है. ऑफिस में अगर आप किसी पर आंख मूंदकर भरोसा करते हैं, तो धोखा खाना स्वाभाविक है. आज के कॉरपोरेट वर्ल्ड में आपका ना तो कोई दोस्त है और ना ही दुश्मन, यहां सभी मौका परस्त होते हैं. इसमें लोगों की गलती नहीं है, कॉरपोरेट वर्ल्ड ही ऐसा है कि सोचने और समझने की शक्ति धीरे धीरे कम हो जाती है. आजकल यह महसूस करना आम बात है कि हमारे आस-पास के लोगों की बातों में ईमानदारी की कमी है, या यह शक होना कि साथ काम करने वाला हमारी दयालुता का फायदा उठा रहे हैं. ऊपर से मुस्कुराते हुए दिखने वाले लोगों के पीछे कई स्वार्थी विचार छिपे होते हैं. ऐसे में आचार्य चाणक्य के ये टिप्स आपके कई काम आ सकते हैं और सभी को आप इन टिप्स से संभाल भी कर सकते हैं. चाणक्य की दृष्टि में, कर्म शब्दों से अधिक शक्तिशाली होते हैं. कोई शब्दों से धोखा दे सकता है, लेकिन उसके कर्म ही असली सच्चाई बयां करते हैं. एक ऐसा मित्र जो मुश्किल समय में मुंह छिपा लेता है. एक ऐसा साथी जो प्यार की बड़ी-बड़ी बातें करता है, लेकिन हमारी उपेक्षा करता है. ऑफिस में काम करने वाले जो हमारे सामने हमारी प्रशंसा करते हैं और पीछे हमारा श्रेय ले लेते हैं. इन सभी का असली स्वरूप उनके व्यवहार से प्रकट होता है.

**गपशप करने वालों से सावधान**- आचार्य चाणक्य के अनुसार, जो लोग ऑफिस में हमारे सामने बॉस या दूसरों की बुराई करते हैं, वे निश्चित रूप से दूसरों के सामने हमारी भी बुराई करेंगे. ऐसे लोग नाटक पसंद करते हैं. इसलिए ये अपने अंदर कोई राज नहीं रख पाते. ऑफिस में ऐसे लोगों के साथ सकारात्मक माहौल बनाना बुद्धिमानी है, जो नए आइडिया और करियर की उन्नति के बारे में बात करते हैं, ना कि दूसरों के पर्सनल मामलों के बारे में.

**ऑफिस में सबसे शक्तिशाली तकनीक**- चाणक्य ने आगे बताया है कि सबसे बुद्धिमान और शक्तिशाली वे होते हैं, जो चुपचाप अपने आस-पास के लोगों को देखते हैं. जहां एक ओर अनावश्यक रूप से ज्यादा बोलने वाला व्यक्ति अपनी कमजोरियों को उजागर करता है. वहीं दूसरी ओर मौन रहने वाला व्यक्ति सुनता है, सीखता है और सब कुछ का विश्लेषण करता है. अगर हम कम बोलें और दूसरों को ज्यादा मौके दें, तो वे अनजाने में ही बहुत सी बातें उजागर कर देंगे. ऑफिस में यह एक सबसे शक्तिशाली तकनीक है.

# बेरोजगारी भी बढ़ा सकता है खाद्य पदार्थों का आयात

ऐसे समय में जब घरेलू खेती पहले से ही संत्रास में है, किसानों को मंडियों में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी से 30 से 40 फीसदी कम दाम मिल रहे हैं, भारत के विशाल बाज़ार को सस्ते और बहुत ज़्यादा सब्सिडी वाले खेती उत्पादों के लिए और खोलने से खेती-बाड़ी पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। शेक्सपियर के नाटकों में द्वंद्वात्मक कथानक की तरह, एक बड़ी दुविधा यह है कि किस पर विश्वास करें और किस पर नहीं। जहां एक ओर अमेरिकी कृषि मंत्री ब्रूक रोलिंस ने भारत के साथ एक बढ़िया व्यापार संधि -'अमेरिकी किसानों के लिए फायदेमंद है'- के लिए अपने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को धन्यवाद दिया है, तो वहीं दूसरी तरफ भारतीय वाणिज्य मिनिस्टर पीयूष गोयल ने भी अमेरिका के साथ 'ऐतिहासिक संधि' के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ की है और दोहराया है कि यह करते वक्त भारत के संवेदनशील कृषि एवं डेयरी क्षेत्र को सुरक्षित रखा गया है।

क्या यह दोनों लोकतंत्रों के लिए 'परस्पर जीत' वाली स्थिति है या यह जोर-जबरदस्ती और मनमानी का नतीजा है, इसकी पुष्टि तो विवरण से ही हो पाएगी। लेकिन जो बातें सार्वजनिक तौर पर चली हुई हैं, उन्होंने पहले ही देशभर की किसान यूनियनों की रीढ़ में सिहरन की लहर दौड़ा दी है। उनके पास ऐसी चिंता करने के लिए पर्याप्त कारण भी हैं। ऐसे समय में जब घरेलू खेती पहले से ही संत्रास में है, किसानों को मंडियों में घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी से 30 से 40 फीसदी कम दाम मिल रहे हैं, भारत के विशाल बाज़ार को सस्ते और बहुत ज़्यादा सब्सिडी वाले खेती उत्पादों के लिए और खोलने से खेती-बाड़ी पर बहुत बुरा असर पड़ेगा। अमेरिकी किसानों को पहले से ही हर साल भारी सब्सिडी मिलती है, जो कि तकरीबन 66,314 डॉलर प्रति किसान वार्षिक जितनी है (एग्रीकल्चरल रिसोर्स मैनेजमेंट सर्वे, 2020), यह उन्हें उतार-चढ़ावों से बचाती है। इसके अलावा, अमेरिकी प्रशासन वर्ष 2026 में फार्मर्स ब्रिज असिस्टेंस प्रोग्राम (एफबीए) के तहत किसानों को होने वाले प्रति एकड़ नुकसान की भरपाई हेतु 12 बिलियन डॉलर की मदद उत्पाद भुगतान मद के तहत देने की योजना बना रहा है। ट्रंप ने इसको 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' का नाम दिया है। ऐसे में जब अमेरिका भारत व्यापार संधि के विवरण का अभी इंतज़ार है, अमेरिका और भारत, दोनों पक्ष बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं। ब्रूक रोलिंस ने तो सोशल मीडिया पर यह तक कह डाला है कि इस समझौते से 'भारत के विशाल बाज़ार को अमेरिकी कृषि उत्पादों का अधिक निर्यात हो पाएगा, जिससे कीमतें ऊपर उठेंगी और ग्रामीण अमेरिका में अधिक नकदी आएगी'। यह कथन मोटे तौर पर व्यापार समझौते की शर्तों के मुताबिक है, जिसका जिक्र ट्विटर पर अपनी पोस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति ने किया था कि अमेरिका में आयात होने वाले भारतीय उत्पादों पर टैरिफ 50 से घटाकर 18 परसेंट कर दी गई है और भारत में नॉन-टैरिफ बैरियर हटाने के अतिरिक्त अमेरिकी निर्यात पर आयात कर शून्य कर दिया गया जाएगा। इस बीच, भारत के कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान किसानों को भरोसा दिला रहे हैं कि यह समझौता किसानों के हितों को 'सुरक्षित' रखने के बाद ही किया गया है। इन भरोसे के बावजूद, भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की खबर ने पहले ही किसान समुदाय को परेशान कर डाला है। भारत सरकार की चुप्पी पर सवाल उठाते हुए, जो कोई अन्य जानकारी देने से बच रही है, कई किसान नेताओं ने शक जताया है कि क्या किसानों के हितों की रक्षा में वास्तव में हुई है। संयुक्त किसान मोर्चा ने एक बयान में चेतावनी दी है कि आयात शुल्क शून्य होने से सस्ते आयातित उत्पादों की बाढ़ आ जाएगी, और इसलिए 12 फरवरी से नए विरोध प्रदर्शनों की धमकी दी है। किसान नेताओं का कहना है कि प्रस्तावित विरोध प्रदर्शन 2020-21 के विरोध प्रदर्शनों की तर्ज पर होंगे। किसान समुदाय को इस बात का भी गुस्सा है कि बजट-2026 में कृषि आय को बढ़ाने के लिए ज़रूरी उपायों पर ज़्यादातर चुप्पी रही है, और पहले से ही संकट झेल रहे कृषि क्षेत्र की रक्षा के लिए लाल लकीर कहां खींची जाए, इस पर किसानों से कोई सलाह-मशविरा नहीं किया गया है। इसके अलावा, सबसे अमीर व्यापारिक समूह, ऑर्गेनाइज़ेशन फॉर इकोनॉमिक कोऑपरेशन एंड डेवलपमेंट (ओईसीडी) ने अपनी ताज़ा रिपोर्ट में अनुमान लगाया है कि भारतीय किसानों को 2000-01 और 2024-25 के बीच कुल मिलाकर 111 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है, लिहाजा किसानों के लिए एक और बड़ा झटका सहना मुश्किल होगा। हिमाचल प्रदेश में सेब बागवान संघ के अध्यक्ष हरीश चौहान ने चेतावनी दी है 'यह असहाय किसान समुदाय पर बड़े हथौड़े की मार जैसा होगा'। उन्होंने डर जताया कि यूरोपियन यूनियन और न्यूज़ीलैंड के साथ हुए मुक्त व्यापार समझौते की वजह से सेब को जिस स्तर पर भारतीय बाजार में घुसपैठ मिल गई है, वह अभूतपूर्व है, जिसकी वजह से पहाड़ी राज्यों में सेब उद्योग को भय सता रहा है कि उसका अंत व्यवस्थात्मक ढंग से होने वाला है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर अमेरिकी सेब को शून्य आयात शुल्क पर आने की इजाज़त दी गई, तो पहाड़ी राज्यों की सेब आर्थिकी बर्बाद हो जाएगी। उधर, कपास, सोया और प्याज उगाने वाले किसान पहले से ही कुछ सालों से कम कीमतों से जूझ रहे हैं, और शून्य आयात शुल्क की वजह से बाजार में सस्ती आयातित उत्पाद आने से भारतीय किसानों के फसल के दाम और गिरने की आशंका है। यह स्थिति अंततः उन्हें खेती छोड़ने को मजबूर कर देगी। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति हर साल 500 बिलियन डॉलर मूल्य का अमेरिकन निर्यात होने की बात कह रहे हैं, जिसमें ऊर्जा, तकनीक, कोयला और खेती के अलावा दूसरे क्षेत्र शामिल हैं, कुछ विश्लेषकों का मानना है कि निर्यात का यह आंकड़ा शायद अगले 5 सालों का है यानी 100 बिलियन डॉलर प्रति वर्ष होगा। इसका मतलब यह नहीं है कि अमेरिका से होने वाले सकल निर्यात में कृषि उत्पाद, डेयरी और उससे जुड़े क्षेत्र ही शामिल होंगे। जबकि, हमारे यहां होने वाले आयात में सबसे बड़ा हिस्सा अनाज, कॉटन, दालें, प्याज़, सोयाबीन और कई तरह की वाइन, शराब, फल, सब्जियां, बादाम और दूसरे मेवों का रहने की उम्मीद है। सूचना के अनुसार, कुछ चीज़ें, मसलन कपास, दालें और प्याज़ में 'कोटा एक्सेस' प्रावधान होगा। लेकिन यह चेतावनी है कि खाद्य पदार्थ आयात करना बेरोजगारी की आमद जैसा है। कपास का ही मामला लें। सितंबर और दिसंबर, 2025 के बीच कपास आयात पर 11 फीसदी शुल्क हटाने से सस्ते कपास की आमद हुई, जिससे घरेलू कीमतें गिर गईं। जहां कपड़ा उद्योग कम दाम से खुश था, वहीं किसानों को नुकसान उठाना पड़ा।

- देवेन्द्र शर्मा

# आधुनिक युग के प्रेम की सच्चाई



अरविन्द रावल
झाबुआ (म.प्र.)

प्रेम एक शब्द, परंतु अपने भीतर सम्पूर्ण सृष्टि का स्पंदन समेटे हुए है। प्रेम केवल उच्चारित नहीं होता, यह अनुभव किया जाता है। यह देखा नहीं जाता, यह भीतर उतरता है । जब प्रेम किसी हृदय को स्पर्श करता है, तो वह साधारण मनुष्य को असाधारण बना देता है और जब यह स्पर्श न मिले, तो मनुष्य अपनों के बीच रहकर भी अकेला हो जाता है। प्रेम वह सुगंध है जो दिखाई नहीं देती, पर जीवन को महका देती है। यह कोई भाषा नहीं बोलता, फिर भी हर भाषा को समझता है। इसका कोई धर्म नहीं, कोई जाति नहीं, कोई रंग-रूप नहीं। यह ईश्वर की तरह निराकार है अनुभूति में साकार, पर स्वरूप में अदृश्य। सृष्टि का प्रत्येक संबंध प्रेम की डोर से बँधा है। माता का वात्सल्य, मित्र का स्नेह, पति-पत्नी का विश्वास, संतानों का अनुराग सबका मूल प्रेम ही है। प्रेम वह ईंधन है, जिससे जीवन की गाड़ी चलती है। इसके बिना सुख की कल्पना भी सूनी प्रतीत होती है। सच्चा प्रेम दो शरीरों का नहीं, दो आत्माओं का मिलन है; दो स्वार्थों का नहीं, दो समर्पित हृदयों का संगम है। उसमें चाह नहीं होती, अपेक्षा नहीं होती, केवल अर्पण होता है समर्पण होता है । प्रेम कुछ भी मांगता नहीं, वह तो बस देता है। प्रेम में वासना का स्थान नहीं, क्योंकि वासना क्षणभंगुर है और प्रेम अनंत । वासना देह से जुड़ती है, प्रेम आत्मा से। वासना थक जाती है, प्रेम अमर हो जाता है। जीवन में यदि किसी ने सच्चे मन से प्रेम किया है, तो वह स्मृति कभी मस्तिष्क से विलुप्त नहीं होती। समय की आँधियाँ उसे मिटा नहीं पातीं। जीवन की अंतिम साँस तक वह स्मृति हृदय के किसी कोमल कोने में दीपक की तरह जलती रहती है। पहला प्रेम तो मानो जीवन का अमृत होता है। कहा जाता है कि जब जीवन की अंतिम घड़ियों में सारी इन्द्रियाँ शिथिल हो जाती हैं, तब भी मन के किसी कोने में प्रथम प्रेम की स्मृतियाँ हलचल करती रहती हैं ।

प्रेम कोई वस्तु नहीं जिसे खरीदा जा सके, न ही कोई खेल है जिसे मन बहलाने को खेल लिया जाए । यह सच्ची साधना तपस्या है धैर्य की, प्रतीक्षा की, विश्वास की। आधुनिकता के इस बदलते दौर में समय के साथ बहुत कुछ बदल गया है। आधुनिकता की चकाचौंध में प्रेम का स्वरूप भी परिवर्तित होता दिख रहा है । आज प्रेम में आत्मा की जगह आकर्षण ने ले ली है, भावना की जगह सुविधा ने, और समर्पण की जगह स्वार्थ ने ले रखी है। आज प्रेम को अक्सर पैकेज और प्रतिष्ठा के तराजू पर तौला जाता है। जेब भारी हो तो संबंधों की कतार लग जाती है, और यदि हाथ खाली हों तो सच्चा साथ भी दुर्लभ हो जाता है। दाम्पत्य जीवन के टूटते रिश्तों में भी अक्सर प्रेम नहीं, बल्कि अर्थ का अभाव दिखाई देता है। धैर्य कम हुआ है, त्याग क्षीण हुआ है, और संयम तो जैसे शब्दकोश में ही रह गया है। आज की पीढ़ी दिल से कम और दिमाग से अधिक प्रेम करती है। मन से कम और तन से अधिक जुड़ती है। परिणामस्वरूप प्रेम की वह सौंधी महक, जो कभी जीवन को गुलशन बना देती थी, अब दुर्लभ होती जा रही है। सच्चा प्रेम आधुनिकता की भीड़ में कहीं खो-सा गया है। आज धन भगवान बन गया है, और प्रेम भी उसी के दरबार में नतमस्तक दिखाई देता है। यही कारण है कि आधुनिक युग के प्रेम की यह विडम्बना सामने आती है मन के बंधन भले टूट जाएँ, पर धन के बंधन टूटने नहीं दिए जाते । फिर भी, आशा शेष है। जब तक किसी एक हृदय में भी निस्वार्थ प्रेम जीवित है, तब तक प्रेम मरेगा नहीं। क्योंकि प्रेम शरीर से नहीं, आत्मा से जन्म लेता है और आत्मा अमर है। यदि हम संबंधों को केवल आर्थिक लेन-देन की दृष्टि से देखेंगे, तो मन के बंधन कमजोर पड़ते जाएँगे। और तब यह कटु सत्य सामने आएगा मन के बंधन टूट भी जाए, धन के बंधन टूट पाय ! परंतु यदि हम प्रेम में पुनः विश्वास, धैर्य और समर्पण का संचार करें, तो संभव है कि आने वाली पीढ़ियाँ प्रेम को फिर से आत्मा की भाषा के रूप में पहचान सके न कि केवल बाजार की वस्तु के रूप में।

# बांग्लादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ

कमलेश पांडे

बांग्लादेश में प्रमुख विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) ने फरवरी 2026 के संसदीय चुनावों में भारी जीत हासिल की है। उसने 300 सीटों में से 151 से 209 सीटें जीतकर स्पष्ट बहुमत प्राप्त किया है। इससे बंगलादेश में बीएनपी की भारी जीत से भारत के लिए सियासी निहितार्थ स्पष्ट हैं, क्योंकि यह अपदस्थ प्रधानमंत्री शेख हसीना की अवामी लीग के पतन के बाद पहला बड़ा चुनाव है, जो 2024 के छात्र-आंदोलन से उभरा था।

चूंकि बीएनपी पहले से सत्ता में रहती आई है, इसलिए उसकी जीत के वैश्विक मायने भी हैं। वह यह कि पार्टी कमोबेश पूर्व प्रधानमंत्री स्व.बेगम खालिदा जिया के अधूरे सपनों को ही साकार करेगी। वो भी तब जब उनके पुत्र तारिक रहमान देश के नए प्रधानमंत्री बनेंगे। देखा जाए तो बीएनपी ने जमात-ए-इस्लामी को काफी पीछे छोड़ते हुए प्रचंड जीत दर्ज की है, जहां जमात को महज 42-68 सीटें ही मिलीं हैं। इसप्रकार तारिक रहमान, जो कि बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, देश के संभावित प्रधानमंत्री बन सकते हैं।

बीएनपी की जीत की वजह यह है कि पार्टी ने गरीबी उन्मूलन, भ्रष्टाचार विरोध और विदेशी निवेश पर जोर दिया है। इससे भारत के लिए सियासी मायने भी साफ हैं। भले ही भारत-बीएनपी संबंध ऐतिहासिक रूप से तनावपूर्ण रहे हैं, खासकर पाकिस्तान और जमात से बीएनपी के पुराने गठजोड़ के कारण। इसलिए उनकी जीत से भारत को सीमा सुरक्षा, पूर्वोत्तर क्षेत्र में अस्थिरता और चरमपंथी समूहों की चिंता बढ़ सकती है, हालांकि बीएनपी समानता-आधारित संबंधों का वादा कर रही है। खासकर हसीना युग के बाद विदेश नीति में बदलाव से व्यापार, जल बंटवारा और कनेक्टिविटी पर असर पड़ सकता है।

वहीं बीएनपी की जीत से दुनिया के लिए भी सियासी मायने साफ हैं। बीएनपी की जीत बांग्लादेश में राजनीतिक स्थिरता ला सकती है, लेकिन विदेश नीति में संतुलन अपनाने से चीन और पाकिस्तान के साथ संबंध मजबूत हो सकते हैं। वहीं दक्षिण एशिया में भू-राजनीतिक बदलाव संभव है, जहां भारत के प्रभाव में कमी और चीन के निवेश (2.1 बिलियन) बढ़ सकता है। वैश्विक रूप से, यह क्षेत्रीय गठबंधनों को प्रभावित कर सकता है, खासकर म्यांमार शरणार्थी और आर्थिक सुधारों के संदर्भ में।

यह ठीक है कि भारत और बीएनपी के बीच संबंध सुधारने के प्रयास चुनाव से पहले ही शुरू हो चुके हैं, जिसमें एस जयशंकर की तारिक रहमान से बहुत मैत्रीपूर्ण चर्चा शामिल है। हालांकि हसीना के भारत में रहने से तनाव बरकरार है, फिर भी दोनों पक्ष सहयोग बढ़ाने को इच्छुक दिख रहे हैं। इसलिए संभावित सुधार के कदम उठाये जा सकते हैं। खासकर राजनयिक संपर्क बढ़ाना, क्योंकि भारत ने बीएनपी नेताओं से मुलाकातें कीं, जैसे प्रणय वर्मा की मीरजा फखरुल से, जहां बीएनपी ने भारत की सुरक्षा हितों का सम्मान करने का आश्वासन दिया।

वहीं, व्यापार और वीजा बहाली के दृष्टिगत यात्रा, व्यापार और वीजा प्रतिबंध हटाने पर फोकस किया जा सकता है, जो हसीना के बाद बाधित हो गए थे। खासकर जल बंटवारा और सीमा मुद्दे हल करना यानी बीएनपी पानी



बंटवारे और सीमा हत्याओं (जैसे फेलानी घटना) पर जोर दे रही है। इसलिए कुछ चुनौतियां भी आएंगी, क्योंकि बीएनपी हसीना की प्रत्यर्पण की मांग कर रही है, जिसे भारत शरण दे रहा है, इससे जन-भावना भी प्रभावित हो रही है।

वहीं, जमात-ए-इस्लामी का प्रभाव और पाक-चीन झुकाव भारत की चिंता बढ़ा सकता है। फिर भी भविष्य की संभावनाएं दिखाई दे रही हैं। चूंकि बीएनपी समानता-आधारित पड़ोसी संबंधों का वादा कर रही है, जबकि भारत अल्पसंख्यक सुरक्षा और चरमपंथ विरोध की शर्त रख रहा है। इसलिए विशेषज्ञों के अनुसार, व्यावहारिक आवश्यकताएं रीसेट सुनिश्चित करेंगी, लेकिन ऐतिहासिक अविश्वास दूर करने में समय लगेगा।

यद्यपि तारिक रहमान, जो बीएनपी के प्रमुख नेता हैं, और भारत के प्रति संयमित और तटस्थ रुख अपनाते दिख रहे हैं, जो अतीत के तनावपूर्ण रिश्तों से अलग है। वे समानता-आधारित पड़ोसी संबंधों पर जोर देते हैं, लेकिन शेख हसीना के प्रत्यर्पण की मांग रखते हैं। उनका मुख्य स्टैंडपॉइंट्स यह है कि अल्पसंख्यक सुरक्षा और स्थिरता के नजरिए से वो अपने भाषणों में अहिंसा, कानून के राज और हिंदू अल्पसंख्यकों की सुरक्षा का वादा किया, जो भारत की चिंताओं को संबोधित करता है।

वहीं, समानता का जोर के मद्देनजर बराबरी के रिश्ते चाहते हैं, इसलिए उन्होंने पुरानी असमानताओं (जैसे जल बंटवारा, सीमा हत्याएं) पर बात उठाई, लेकिन टकराव से बचते हैं। हाँ, भारत में शरण लेने वाली हसीना को वापस लाने की मांग, जो सबसे बड़ा विवादास्पद मुद्दा है। हालांकि हालिया संकेत यही है कि ढाका लौटने के बाद उनके संयमित भाषण को खुफिया एजेंसियां इंडिया-न्यूट्रल मान रही हैं, जो 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से अलग है। लिहाजा भारत के साथ सहयोग संभव, लेकिन पाकिस्तान-चीन झुकाव और जमात प्रभाव चिंता का विषय है। इसलिए विशेषज्ञों का मानना है कि व्यावहारिकता से रिश्ते सुधर सकते हैं।

देखा जाए तो तारिक रहमान के हालिया भाषणों में भारत का सीधा जिक्र बहुत कम या न के बराबर आया है, बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से सकारात्मक संकेत दिए गए हैं। वहीं उनके भाषणों की मुख्य शैली में भारत का प्रत्यक्ष उल्लेख न करना समाहित है। खासकर ढाका लौटने (25 दिसंबर 2025) के 17 मिनट के पहले भाषण में भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन अल्पसंख्यक सुरक्षा (हिंदू, बौद्ध आदि), अहिंसा और कानून के राज पर जोर दिया-जो भारत की प्रमुख चिंताओं को संबोधित करता है।

वहीं, बांग्लादेश फर्स्ट नारा यानी ना दिल्ली, ना रावलपिंडी, सबसे पहले बांग्लादेश कहकर तटस्थ विदेश नीति का संकेत दिया, जो पुराने भारत-विरोधी रुख से अलग है। उनके सकारात्मक संदेश साफ हैं। वो ये कि अंग्रेजी में अंतरराष्ट्रीय अपील की, समावेशी बांग्लादेश का खाका पेश किया, जो खुफिया एजेंसियों ने री-अश्योरेंस सिग्नल माना। देखा जाए तो उनके ये भाषण बीएनपी की री-ब्रांडिंग का हिस्सा हैं, जहां 2001-06 के भारत-विरोधी दौर से दूरी दिखाई गई। कूटनीतिक विशेषज्ञों के अनुसार, यह भारत के साथ संबंध सुधारने का रणनीतिक संकेत है, हालांकि हसीना प्रत्यर्पण जैसे मुद्दे लंबित हैं।

# तारिक रहमानः 17 साल का वनवास खत्म कर बन सकते हैं बांग्लादेश के पीएम

नई दिल्ली

बांग्लादेश में हुए चुनाव के बाद वोटों की गिनती जारी है। 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान की पार्टी बीएनपी बहुमत का आकड़ा पार कर चुकी है। आज से बांग्लादेश की राजनीति में एक नये अध्याय की शुरुआत हो चुकी है और तारिक रहमान का पीएम बनना तय माना जा रहा है। ऐसे में चलिए जानते हैं कौन हैं तारिक रहमान और पीएम बनने के लिए उन्हें कितनी चुनौतियों का सामना करना पड़ा।

तारिक रहमान बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति जिया-उर-रहमान के बेटे हैं। तारिक रहमान का जन्म 20 नवंबर 1965 को ढाका में हुआ।1971 में बांग्लादेश की आजादी की जंग के दौरान तारिक महज चार साल के थे और उन्हें कुछ समय के लिए हिरासत में भी रखा गया था। यही वजह है कि उनकी पार्टी बीएनपी उन्हें युद्ध के सबसे कम उम्र के बंदियों में शामिल बताकर सम्मानित करती है। पिता जिया-उर-रहमान बीएनपी के संस्थापक और पूर्व राष्ट्रपति थे। जबकि उनकी मां खालिदा जिया 3 बार देश की प्रधानमंत्री रहीं। तारिक को बचपन से ही राजनीति में




रुचि थी। 1991 में तारिक ने अपनी मां खालिदा जिया को प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाई। तारिक रहमान जेल, यातनाएं और राजनीतिक साजिशों के शिकार भी हुए हैं और 17 साल का निर्वासन भी झेला है। तारिक 17 सालों तक लंदन में रहे, तारिक रहमान देश से भले दूर थे, लेकिन राजनीति से जुड़े रहे। वह वीडियो कॉल, सोशल मीडिया और डिजिटल सभाओं के जरिए अपने पार्टी का नेतृत्व करते रहे।

तारिक रहमान पर दर्जनों आपराधिक और भ्रष्टाचार से जुड़े मामलों समेत लगभग 84 केस थे। इन सभी दोषों को उन्होंने हमेशा राजनीतिक दबाव का नतीजा बताया। सैन्य समर्थित अंतरिम सरकार ने मार्च 2007 में तारिक को रातों-रात गिरफ्तार कर लिया गया। तारिक को जेल जाने के बाद वहां यातनाएं भी झेलनी पड़ीं, सितंबर 2008 में जमानत पर रिहा होने के बाद वह चिकित्सा के बहाने लंदन चले गए और 17 साल तक स्वनिर्वासन में रहे और वहीं, से बीएनपी की कमान संभाले रखी।

साल 2024 में शेख हसीना की सरकार गिरने के बाद बांग्लादेश के कानूनी माहौल में बड़ा बदलाव देखने को मिला। आलम यह हुआ कि 2026 की शुरुआत तक ज्यादातर बड़े मामलों में उन्हें बरी कर दिया गया। जिन मामलों में उन्हें बरी किया गया, उनमें शेख हसीना की रैली पर हुए ग्रेनेड हमले का मामला भी शामिल है, जिसमें उन्हें 2018 में उम्रकैद की सजा सुनाई गई थी।

शेख हसीना को सत्ता से बेदखल होने के बाद तारिक रहमान ने नई राजनीतिक जमीन तैयार की। अंतरिम सरकार बनने और कानूनी अड़चने हटने के बाद दिसंबर 2025 में तारिक ढाका वापस लौट आए। वह लंदन में अंतरिम सरकार के प्रमुख मुहम्मद यूनुस से पहले ही मिल चुके थे। जिससे बांग्लादेश की राजनीति में उनके बदलाव का संकेत मिल गया था। 17 साल बाद बांग्लादेश लौटे तारिक रहमान की पार्टी 151 सीटों पर जीत दर्ज कर चुकी है और कई सीटों पर बढ़त बनाए हुए है। 13वें संसदीय चुनाव में रहमान ढाका-17 और बोगुरा-6 दोनों संसदीय सीट से बड़े अंतर से जीत दर्ज की है।

बोगुरा उनके परिवार का पुश्तैनी गढ़ है, जबकि ढाका-17 सीट देश की राजधानी का दिल मानी जाती है। इन दोनों सीटों से जीत ने उनके राजनीतिक कद को और मजबूत किया है।

# फूड इन्फ्लुएंसर की डेविल क्रैब खाने से मौत, फिलीपींस प्रशासन ने जारी किया अलर्ट

## प्रशासन ने खतरनाक केकड़ा न खाने की चेतावनी दी

नई दिल्ली

फिलीपींस के पालावान प्रांत में एक दुखद घटना सामने आई है। यहां एक फूड इन्फ्लुएंसर की कथित तौर पर एक जहरीले समुद्री जीव डेविल क्रैब को खाने के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने लोगों से ऐसे खतरनाक समुद्री जीवों को न खाने और सावधानी बरतने की अपील की है।



एमा अमित नाम की महिला ने 4 फरवरी को अपने घर के पास प्यूर्टो प्रिंसेसा शहर में एक वीडियो बनाते समय यह जहरीला शेलफिश खाया था। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, वीडियो में एमा और उनके दोस्त मैंग्रोव जंगल में समुद्री जीव इकट्ठा करते नजर आए थे। बाद में उन्होंने इन समुद्री जीवों को नारियल के दूध में पकाया। वीडियो में एमा एक सी स्नेल (समुद्री घोंघा) खाते हुए दिखीं, जिसे दूसरे समुद्री जीवों के साथ पकाया गया था। अगले ही दिन एमा की तबीयत अचानक बहुत खराब हो गई।

उन्हें अस्पताल ले जाते समय दौरे पड़े। हालत बिगड़ने पर उन्हें दूसरे अस्पताल में शिफ्ट किया गया। बताया गया कि बेहोशी के दौरान उनके होंठ नीले पड़ गए थे। इलाज के बावजूद 6 फरवरी को, यानी जहरीला समुद्री जीव खाने के दो दिन बाद उनकी मौत हो गई।

लुज़विमिंडा गांव के प्रमुख लड्डी जेमांग ने बताया कि जब अधिकारी एमा के घर पहुंचे तो उन्हें कूड़े में डेविल क्रैब के चमकीले खोल मिले। इसके बाद मामले की जांच शुरू की गई। यह केकड़ा इंडो-पैसिफिक क्षेत्र की रीफ में पाया जाता है। इसमें सैक्सिटॉक्सिन और टेट्रोडोटॉक्सिन जैसे खतरनाक न्यूरोटॉक्सिन पाए जाते हैं।

यही जहर पफर फिश में भी होता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इन जहरों को खाने से कुछ ही घंटों में मौत हो सकती है। जेमांग ने कहा कि एमा और उनके पति अनुभवी मछुआरे थे, इसलिए यह घटना और भी दुखद है। उन्होंने हैरानी जताई कि समुद्र किनारे रहने के बावजूद उन्होंने ऐसा खतरनाक जीव क्यों खाया।

घटना के बाद स्थानीय प्रशासन ने लोगों को रंग-बिरंगे डेविल क्रैब न खाने की सख्त चेतावनी दी है। अधिकारियों के मुताबिक, इस जीव से इलाके में पहले भी दो मौतें हो चुकी हैं। जेमांग ने लोगों से कहा, प्यूर्टो प्रिंसेसा के निवासियों से मेरी अपील है कि सतर्क रहें। इन खतरनाक डेविल क्रैब को न खाएं। अपनी जिंदगी के साथ जुआ मत खेलिए।

# स्टालिन सरकार का महिलाओं के खाते में पांच हजार जमा कराने का फैसला, हार के डर से : पलानीस्वामी

**चेन्नई, (वार्ता)।** अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) के महासचिव और विपक्ष के नेता एडप्पादी के. पलानीस्वामी ने शुक्रवार को तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम.के. स्टालिन सरकार की ओर से कलैग्नार महिला अधिकार निधि योजना के तहत महिलाओं के बैंक खातों में 5,000 रुपये सीधे जमा करने के कदम पर तीखा हमला किया। श्री पलानीस्वामी ने यहाँ जारी एक बयान में कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में हार के डर ने सरकार को ऐसा करने के लिए मजबूर किया है। उन्होंने कहा कि 28 महीनों तक इस सरकार ने अपने वादे को लटकाये रखा और आज जब चुनाव करीब हैं, तो वे ऐसा व्यवहार कर रहे हैं जैसे अचानक उनके भीतर दया जाग गई हो। श्री पलानीस्वामी ने घोषणा के समय पर सवाल उठाते हुए पूछा, क्या तमिलनाडु ने 2024 और 2025 में गर्मी का सामना नहीं किया था? तब यह विशेष भत्ता कहाँ था? चुनाव आने पर ही चिंता क्यों जागती है?

विपक्ष के नेता ने बताया कि 2021 में प्रत्येक राशन कार्ड को सहायता प्रदान करने के बड़े-बड़े वादों के बावजूद, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) सरकार ने सत्ता में आने के बाद पात्रता सीमित कर दी, जिससे लगभग एक करोड़ महिलाएं इस लाभ से वंचित रह गईं। उन्होंने कहा,उन्होंने हर महिला को वादा किया था, लेकिन दिया केवल कुछ को। यह कल्याण नहीं, विश्वासघात है। श्री पलानीस्वामी ने वर्तमान शासन के तहत परिवारों पर पड़ने वाले आर्थिक बोझ पर कहा कि सरकार भले ही सितंबर 2023 से 34,000 रुपये देने का दावा कर रही हो, लेकिन साथ ही परिवारों को महंगाई, बढ़े हुए बिजली शुल्क, संपत्ति कर में वृद्धि और जीवन यापन की बढ़ती लागत के कारण भारी वित्तीय तनाव झेलना पड़ा है।

अन्नाद्रमुक नेता ने सवाल किया, इस सरकार की नीतियों के कारण परिवारों ने जो पाया है, उससे कहीं अधिक खो दिया है। क्या लोगों की जेब खाली करने वाली सरकार अब चुनाव के समय खैरात बांटकर उन्हें फिर से भरने का ढोंग कर सकती है? श्री पलानीस्वामी ने कहा कि यह अचानक उठाया गया कदम अन्नाद्रमुक के बढ़ते जन अभियान और उनके उस वादे के कारण लिया गया है, जिसमें उन्होंने सत्ता में आने पर प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपये प्रति माह देने की प्रतिबद्धता जताई थी।

अन्नाद्रमुक नेता ने जोर देकर कहा, जैसे ही मैंने कुल विलक्कू योजना के तहत प्रति माह 2,000 रुपये की घोषणा की, यह सरकार घबरा गई। मुख्यमंत्री स्टालिन की यह घोषणा दया से नहीं, बल्कि डर से उपजी है।

श्री पलानीस्वामी ने तमिलनाडु की जनता को आश्वस्त करते हुए दोहराया, अगले तीन महीनों में राज्य में जो अन्नाद्रमुक नेतृत्व वाली सरकार बनेगी, उसमें हम बिना किसी भेदभाव, बिना देरी और बिना किसी धोखे के प्रत्येक महिला मुखिया को 2,000 रुपये की मासिक सहायता लागू करेंगे। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु की महिलाएं आखिरी समय की घोषणाओं से गुमराह नहीं होंगी और 2026 में अपना निर्णायक फैसला सुनाएंगी।

# चीन में जमीन के अंदर समा गई सड़क, खुल गया पाताल का रास्ता

नई दिल्ली

चीन के शंघाई शहर में एक व्यस्त सड़क पर अचानक बड़ा सिंकहोल बन गया। यह पूरी घटना पास लगे सुरक्षा कैमरों में रिकॉर्ड हो गई। वीडियो में साफ दिख रहा है कि सड़क का बड़ा हिस्सा अचानक नीचे धंस जाता है और आसपास की संरचनाएं भी उसमें समा जाती है, जिससे वहां एक बड़ा गड्ढा बन गया।



शंघाई में जमीन धंसने का खतरा पहले से बना रहता है। इसका मुख्य कारण वहां की नरम मिट्टी, भूजल का ज्यादा दोहन, पतली रेत की परतें और निर्माण कार्यों के कारण जमीन के नीचे बने खाली स्थान हैं। ये सभी वजहें मिलकर कभी छोटे गड्ढे तो कभी बड़े सिंकहोल जैसी घटनाएं पैदा करती हैं।

विशेषज्ञों के अनुसार, शंघाई की जमीन मुख्य रूप से नदी द्वारा लाई गई मिट्टी से बनी है। ऐसी मिट्टी भारी निर्माण और पानी के ज्यादा इस्तेमाल को लंबे समय तक सहन नहीं कर पाती। जब जमीन के नीचे खाली जगह बन जाती है या पाइपलाइन जैसी संरचनाएं कमजोर हो जाती हैं, तो सड़क अचानक धंस सकती है। जनवरी 2024 में भी मिनहांग जिले में एक सड़क करीब 10 मीटर धंस गई थी। यह घटना सीवेज पाइप फेल होने के कारण हुई थी। हालांकि उस हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ था।2017 से 2023 के बीच आंकड़ों के अनुसार, चीन में हुए 72% सिंकहोल मानव गतिविधियों से जुड़े पाए गए। इनमें खराब इंफ्रास्ट्रक्चर, निर्माण में खामियां और पाइपलाइन की खराबी जैसी वजहें शामिल हैं।

# अमेरिका पश्चिम एशिया में भेजेगा विमानवाहक पोत : जेराल्ड आर. फोर्ड

वॉशिंगटन, (वार्ता)

अमेरिकी नौसेना के विमानवाहक पोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड और उसके साथ तैनात जहाज़ों को कैरेबियन सागर से पश्चिम एशिया भेजा जाएगा। यह जानकारी अमेरिकी प्रशासन के सूत्रों के हवाले से द न्यूयॉर्क टाइम्स ने दी है।जहाज़ के चालक दल को गुरुवार को इस निर्णय की जानकारी दे दी गई।फोर्ड स्ट्राइक ग्रुप फारस की खाड़ी में पहले से तैनात विमानवाहक पोत यूएसएस अब्राहम लिंकन के स्ट्राइक ग्रुप में शामिल होगा। यह कदम राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के ईरान पर बढ़ते दबाव अभियान का हिस्सा बताया जा रहा है। श्री ट्रंप ने इस सप्ताह की शुरुआत में संकेत दिया था कि वे क्षेत्र में दूसरा विमानवाहक पोत भेजना चाहते हैं, हालांकि तब तक पोत का नाम सार्वजनिक नहीं किया गया था। बुधवार को द वाल स्ट्रीट जर्नल ने खबर दी थी कि पेंटागन ने क्षेत्र में बढ़ते तनाव के बीच दूसरे विमानवाहक स्ट्राइक ग्रुप को मध्य पूर्व के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया है, लेकिन पोत का नाम स्पष्ट नहीं किया गया था। रिपोर्ट के अनुसार, नया आदेश फोर्ड स्ट्राइक ग्रुप को फारस की खाड़ी में अब्राहम लिंकन के साथ शामिल होने का निर्देश देता है। जनवरी की शुरुआत में जेराल्ड आर. फोर्ड के लड़ाकू विमानों ने कराकस पर हमले में भाग लिया था।

# काशी की पुरातन संस्कृति नष्ट कर रही है योगी सरकारः अजय राय

लखनऊ, (वार्ता)

उत्तर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने आरोप लगाया है कि योगी सरकार विकास के नाम पर वाराणसी की पुरातन संस्कृति को नष्ट कर रही है और धर्माचार्यों का अपमान कर रही है।

श्री राय ने यूनीवार्ता से विशेष बातचीत में कहा कि धार्मिक नगरी वाराणसी में दालमंडी, मणिकर्णिका घाट समेत कई प्राचीन और ऐतिहासिक महत्व की जगहों पर बुलडोजर चलवा कर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महापाप कर रहे हैं, उन्हें आने वाले समय में इसका हिसाब देना पड़ेगा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, भाजपा सरकार बनारस में विकास के नाम पर विनाश का तांडव कर रही है। इस प्राचीन शहर का जो अपना बनारसीपन था, जो रस था, वह सब कुछ खत्म किया जा रहा है। पहले बाबा विश्वनाथ के दरबार के आस-पास कॉरीडोर बनाने के नाम पर भारी तोड़-फोड़ की गयी, जिससे वहां की कई प्राचीन धार्मिक मान्यताएं तहस-नहस हो चुकी हैं।

उन्होंने कहा कि तीर्थराज प्रयाग में, मुगल बादशाह अकबर तक ने संगम पर किला बनवाते हुए वटवृक्ष को बचा कर रखा, लेकिन भाजपा अपने गुमान में किसी बात की परवाह नहीं कर रही है। बनारस में लहरतारा, पांडेयपुर जैसी तमाम जगहों पर तोड़फोड़ की गयी। सरकार ने जगत प्रसिद्ध मणिकर्णिका घाट तक को भी नहीं छोड़ा जहां 3000 साल से भी अधिक समय से चिताओं की अग्नि नहीं बुझी है।

श्री राय ने कहा, मणिकर्णिका घाट पर विवाद बढ़ा तो मुख्यमंत्री योगी ने बयान दिया कि वहां का एआई (नकली) वीडियो बनाकर सरकार को बदनाम किया जा रहा है। लेकिन मैंने तो तब भी कहा और अभी कहता हूं कि (अहिल्याबाई होल्कर की) प्रतिमा नहीं तुड़वायी गयी है, तो उसे सार्वजनिक रूप से प्रस्तुत किया जाए, हम अपनी बात पर माफी मांग लेंगे।

उन्होंने कहा, ये लोग अब नकली प्रतिमा तैयार करने में लगे हुए हैं। श्री राय ने कहा, दालमंडी इलाके में बुलडोजर का तांडव मचा हुआ है। सस्ते सामानों के लिए जानी जाने वाली इस वर्षों पुरानी मंडी (मार्केट) में 40 फीसदी से अधिक हिन्दू और लगभग 50 से 55 फीसदी मुस्लिम हैं। वे गंगा-जमुनी तहजीब के बीच अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बनारस के आसपास तमाम जिलों के लोग इस मंडी में आते हैं, लेकिन योगी सरकार को किसी की चिंता नहीं है। विकास के नाम पर लोगों की जगह जबरदस्ती अधिग्रहीत की जा रही है। अच्छे खासे मकान तोड़े जा रहे हैं। जो लोग अपने मकान-दुकान बेचने को तैयार नहीं हैं उनके साथ जबरदस्ती हो रही है।

शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के साथ छिड़े विवाद पर श्री राय ने कहा, सरेआम बटुकों की चुटिया खींचकर मारा जा रहा है और सरकार आरोप लगा रही है कि वह कांग्रेस के इशारे पर काम कर रहे हैं। सनातन हितैषी होने का दावा करने वाली यह सरकार एक शंकराचार्य से उसका प्रमाण मांग रही है।

उन्होंने सवाल किया कि स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को इस सरकार ने महाकुंभ में किस हैसियत से विशेष स्थान आवंटित किया था। अगर वह ऐसा नहीं करती है, तो यही माना जाएगा कि वह इस समय शंकराचार्य के साथ जो करवा रही है वह सनातन का अपमान है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार ने अमेरिका-भारत के बीच व्यापार सौदे में देश के किसानों के हित को सस्ते में दाव पर लगा दिया है। भारती माल पर अमेरिका में 18 प्रतिशत की दर से शुल्क लगेगा पर अमेरिका से आने वाले माल को यहां शून्य प्रतिशत कर पर प्रवेश दिया जाएगा। इससे भारत का किसान तबाह हो जाएगा।

उन्होंने कहा कि एपस्टिन फाइल में प्रधानमंत्री का नाम सामने आने पर देश का आम नागरिक बेहद दुखी है। खासकर काशीवासी मर्माहत हैं।

## फिल्म/टीवी मनोरंजन

# कृतिका कामरा और गौरव कपूर ने अपनी मार्च की शादी के लिए चुना आधुनिक और सादगी भरा जश्न




कृतिका कामरा और गौरव कपूर इस मार्च अपने जीवन की नई शुरुआत करने जा रहे हैं। इस खास मौके के लिए दोनों ने भव्य और दूर स्थान पर होने वाली बड़ी शादी की जगह एक आधुनिक और सादगी भरा समारोह चुनने का फैसला किया है। शादी की पूरी तैयारी में दोनों खुद सक्रिय रूप से शामिल हैं और हर छोटी-बड़ी बात को ध्यान में रखकर योजना बना रहे हैं। उनका मकसद अपनी शादी को बिना दिखावे के, सादगी और अर्थपूर्ण तरीके से मनाना है। अपनी सादगी भरी सोच के लिए पहचाने जाने वाले कृतिका और गौरव चाहते हैं कि उनकी शादी उनके स्वभाव और उनकी सोच को दर्शाए। साफ-सुथरी, सुंदर और आधुनिक शैली को अपनाने का उनका फैसला किसी चलन के कारण नहीं, बल्कि अपनी असली पहचान को बनाए रखने के लिए है। सूत्रों के अनुसार, कृतिका और गौरव के लिए शादी बड़े स्तर का प्रदर्शन नहीं थी, बल्कि उसका महत्व ज्यादा है। उन्होंने दूर स्थान पर शादी करने के बजाय मुंबई में एक सादा, निजी और आधुनिक समारोह रखने का फैसला किया है। वे चाहते हैं कि यह जश्न उनकी सोच और मूल्यों को दिखाए। हर चीज़ को बहुत सोच-समझकर चुना जा रहा है। सजावट से लेकर पहनावे तक, हर बात में उनकी सादगी और सच्चाई झलकेगी। शादी का यह समारोह आत्मीयता और अपनेपन पर केंद्रित होगा। सजावट और पूरी व्यवस्था में सादगी और सुंदरता पर ज़ोर दिया जाएगा, जिससे माहौल व्यक्तिगत और दिल के करीब महसूस हो।

# सिद्धांत चतुर्वेदी ने 'दो दीवाने सहर में' के साथ शुरू किया अपना रोमांटिक हीरो का सफर

बॉलीवुड अभिनेता सिद्धांत चतुर्वेदी अपने सिनेमाई सफर के एक नए अध्याय में कदम रख रहे हैं, जहां वह पहली बार पूरी तरह से रोमांटिक हीरो की भूमिका निभाते नजर आनेवाले हैं। सिद्धांत फिलहाल फिल्म 'दो दीवाने सहर में' के जरिए अपने अब तक के इंटेंस और लेयर्ड किरदारों से अलग, संवेदनशील, आकर्षक और भावनात्मक अंदाज में दिखाई देंगे। कई लोग इसे उनका लवर बॉय एरा भी कह रहे हैं। संजय लीला भंसाली के प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के साथ सिद्धांत एक ऐसे सिनेमा जगत में प्रवेश कर रहे हैं, जहां उन्हें भंसाली हीरो की पहचान मिल रही है। ये वो दुनिया है, जहां प्रेम काव्यात्मक होता है, भावनाएं गहरी होती हैं और कहानी कहने के कई अंदाज होते हैं। ये कहें तो गलत नहीं होगा कि भंसाली से जुड़ा प्रोजेक्ट अपने आप में एक विरासत और भव्यता का प्रतीक माना जाता है, और इस जोन में सिद्धांत का आना उनके करियर के विस्तार और विकास का संकेत देता है। गौरतलब है कि इस फिल्म में पहली बार उनकी जोड़ी मृणाल ठाकुर के साथ बनी है, जो फिल्म की ताज़गी को और भी खास बनाती है। फिलहाल दोनों की ऑन-स्क्रीन केमिस्ट्री को लेकर शुरुआती झलकियों ने ही दर्शकों में उत्सुकता बढ़ा दी है और सिद्धांत को रोमांटिक हीरो के तौर पर स्थापित कर दिया है। यह फिल्म 20 फरवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



# बालाजी मोशन पिक्चर्स ने 'रागिनी 3' का किया एलान, तमन्ना भाटिया और जुनैद खान की जोड़ी आयेगी नजर



बालाजी मोशन पिक्चर्स ने थ्रिलिंग डेट नाइट हॉरर फिल्म 'रागिनी 3' का ऐलान किया है। इस फिल्म में लीड रोल में तमन्ना भाटिया होंगी और उनके साथ जुनैद खान नजर आएंगे। फिल्म का निर्देशन शशांक घोष करेंगे। 'रागिनी 3' एक नए और रोमांचक चैप्टर की शुरुआत है, जिसमें एक शानदार टीम एक साथ आई है। शशांक घोष निर्देशक के तौर पर शामिल हैं, जबकि साहिर रजा अभी भी प्रोजेक्ट की क्रिएटिव ताकत बने हुए हैं। इस सहयोग से फिल्म का स्केल नई ऊँचाइयों तक पहुँच गया है और इसे इस जॉनर की सबसे प्रत्याशित फिल्मों में से एक बना दिया है। यह शशांक घोष और बालाजी मोशन पिक्चर्स की फिर से साथ आनबी है, जिन्होंने पहले 'वीरे दी वेडिंग' और 'फ्रेडी' जैसी सफल फिल्मों पर साथ काम किया था। ऐसे में 'रागिनी 3' के साथ टीम का मकसद एक बोल्ड, फ्रेश और स्टाइलिश डेट नाइट हॉरर एक्सपीरियंस देना है। तमन्ना भाटिया, जो अपनी अलग-अलग भूमिकाओं और स्क्रीन पर मजबूती के लिए जानी जाती हैं, लीड रोल में होंगी और कहानी में ग्लैमर, इंटेंसिटी और रोमांच जोड़ेंगी। फिल्म के लिए वह हमेशा ही सही चॉइस थीं। जुनैद खान उनके साथ जुड़ रहे हैं, जो अपने अलग और खास रोल्स के लिए पसंद किए जाते हैं। कहना गलत नहीं होगा कि यह जोड़ी स्क्रीन पर नया और मज़ेदार अनुभव देने वाली है। एकता कपूर की बालाजी मोशन पिक्चर्स, जो बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का हिस्सा है, द्वारा प्रोड्यूस की जा रही 'रागिनी 3' पहले ही जोरदार चर्चा में है। प्रोजेक्ट के बारे में और जानकारी अभी नहीं दी गई है, लेकिन इस डेट नाइट हॉरर को लेकर उत्सुकता लगातार बढ़ती जा रही है।

# पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए फिट रहना और एक खास बॉडी बनाए रखना ज़रूरी : पूजा कतुरडे

अभिनेत्री पूजा कतुरडे का कहना कि पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए फिट रहना और एक खास बॉडी बनाए रखना ज़रूरी है। सोनी सब का शो पुष्पा इम्पॉसिबल अपनी प्रेरणादायक कहानी और आसानी से जुड़ने वाले किरदारों की वजह से दर्शकों के दिलों में विशेष जगह बना रहा है। शो में मुख्य किरदार पुष्पा (करुणा पांडे) के रोज़मर्रा के संघर्षों और छोटी-छोटी जीतों को बेहद खूबसूरती से दिखाया गया है, जिससे यह टीवी का सबसे पसंदीदा फैमिली एंटरटेनर बन गया है। शो के इस गहन हफ्ते में, पूजा कतुरडे का तेज़-तर्रार और सख्त पुलिस अधिकारी तथा पुष्पा की बहू का किरदार अपनी सच्चाई और दमदार अंदाज़ से अलग ही छाप छोड़ रहा है। पूजा कतुरडे ने कहा कि फिट रहना सिर्फ दिखने के लिए नहीं है, बल्कि किरदार को सच में महसूस करने के लिए ज़रूरी है। कठिन जाँच वाले सीक्वेंस में शारीरिक फिटनेस उन्हें सतर्क रखती है और ताकत व अनुशासन बनाए रखने में मदद करती है। उनका मानना है कि पुलिस अधिकारी का किरदार असली लगे, इसके लिए फिटनेस बेहद ज़रूरी है। पूजा के लिए फिटनेस उनके किरदार की ताकत और अनुशासन को समझने का अहम हिस्सा बन गया है। पूजा कतुरडे ने कहा, यूनिफॉर्म पहनते ही मनोस्थिति बदल जाती है। यह अपने आप ताकत, आत्मविश्वास और सतर्कता की माँग करती है। मुझे पता था कि पुलिस अधिकारी का किरदार निभाने के लिए फिट रहना और एक खास बॉडी बनाए रखना ज़रूरी है, क्योंकि किरदार इसकी माँग करता है। दर्शकों को पर्दे पर एक आत्मविश्वासी और बेहतरीन व्यक्तित्व दिखता है, लेकिन उसके पीछे मैं बहुत मेहनत करती हूँ। मैं बहुत कठिन वर्कआउट्स में विश्वास नहीं करती, इसलिए मैं इसे आसान रखती हूँ। मैं नियमित वर्कआउट और एक्टिव रहने पर विशेष ध्यान देती हूँ एवं स्वच्छ खाना खाती हूँ, ताकि पुलिस अधिकारी के किरदार के साथ पूरा न्याय कर सकूँ।



# मंदिरों का निर्माल्य अब बनेगा हरियाली की ताकत




## पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती की अनूठी पहल

## आस्था से उपजेगा प्रकृति संरक्षण का नया संदेश

करेली (स्वतंत्र मत)।

नगर पालिका करेली द्वारा पर्यावरण संरक्षण और जैविक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत मंदिरों में पूजा-पाठ के दौरान निकलने वाले फूल, पत्ते, बेलपत्र और अन्य जैविक सामग्री (निर्माल्य) से प्राकृतिक खाद तैयार की जाएगी। अब तक यह सामग्री अक्सर कचरे में या जल स्त्रोतों में प्रवाहित कर दी जाती थी, जिससे प्रदूषण की समस्या उत्पन्न होती थी। लेकिन अब नगर पालिका द्वारा इसे एकत्र कर उपयोगी जैविक खाद में परिवर्तित किया जाएगा। यह पहल न केवल पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि धार्मिक आस्था को प्रकृति से जोड़ने का सुंदर उदाहरण भी प्रस्तुत करती है। शहरवासियों और पर्यावरण प्रेमियों ने इस प्रयास की सराहना की है।

### इस प्रकार संचालित होगी योजना

मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीकांत पाटर ने बताया कि करेली के प्रमुख मंदिरों में निर्माल्य एकत्र करने के लिए विशेष डस्टबिन और संग्रहण व्यवस्था की गई है। मंदिरों के पुजारियों, समितियों और श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि वे पूजा में उपयोग किए गए फूल-माला और अन्य जैविक सामग्री निर्धारित डस्टबिन में ही डालें।नगर पालिका की टीम नियमित रूप से इस सामग्री को एकत्र कर कम्पोस्ट यूनिट तक पहुंचाएगी, जहां खाद निर्माण की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इससे निर्माल्य अब नालियों, तालाबों और अन्य जल स्त्रोतों में नहीं जाएगा, जिससे जल प्रदूषण पर प्रभावी रोक लगेगी।

### प्राकृतिक खाद से मिलेगा लाभ

एकत्रित सामग्री को छांटकर विशेष कम्पोस्टिंग प्रक्रिया से गुजारा जाएगा। कुछ ही समय में यह उच्च गुणवत्ता वाली जैविक खाद में बदल जाएगी। तैयार खाद का उपयोग नगर के उद्यानों, सार्वजनिक स्थलों के सौंदर्यीकरण तथा किसानों को उपलब्ध कराने में किया जाएगा। इससे रासायनिक खाद पर निर्भरता कम होगी और जैविक खेती को प्रोत्साहन मिलेगा।

### दोहरा लाभ मिलेगा

नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुशीला ममार ने कहा कि यह पहल पर्यावरण और किसानों दोनों के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। एक ओर जल स्त्रोतों को प्रदूषण से बचाया जा सकेगा, वहीं दूसरी ओर जैविक खाद से मिट्टी की उर्वरता बढ़ेगी। नगर पालिका स्वच्छता के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण को भी अपनी प्राथमिकता मानते हुए कार्य कर रही है।

### नागरिकों ने किया स्वागत

करेली के नागरिकों, मंदिर समितियों और धार्मिक संगठनों ने इस पहल का स्वागत किया है। उनका मानना है कि यदि अन्य नगर निकाय भी इस प्रकार की योजना अपनाएं तो जल संरक्षण और पर्यावरण सुधार की दिशा में व्यापक सकारात्मक परिवर्तन संभव है।



# सेवा सदन में स्कूली शिक्षा मंत्री ने सुनी समस्याएं

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** सेवासदन लक्ष्मी टाउनशिप में क्षेत्रीय विधायक मध्य प्रदेश शासन के स्कूल शिक्षा एवं परिवहन मंत्री उदय प्रताप सिंह ने भाजपा पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं विधानसभा क्षेत्र से पधारे गणमान्य जनों, जनप्रतिनिधियों से सौजन्य मुलाकात कर उनकी समस्याओं को सुना तथा निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री श्री सिंह ने विकास कार्यों की समीक्षा की । नगर सहित ग्रामीण अंचल के दौरा करते हुए आम जनों से रूबरू हुए और उनसे मुलाकात कर उनकी समस्याओं का निराकरण कराया।

## स्वर्गीय अशोक नीखरा , ऋषि चौहान की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा आज

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** स्थानीय पानी टंकी के पास अशोक चौक पर आज 14 फरवरी को सुबह 9 बजे कांग्रेस नेता स्वर्गीय अशोक नीखरा एवं ऋषि चौहान की पुण्यतिथि के अवसर पर उनका स्मरण कर श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी । कांग्रेस मोर्चा संगठन के पदाधिकारियों एवं कांग्रेस नेताओं व नागरिकों से श्रद्धांजलि सभा में उपस्थित होने की अपील की है।

# विधानसभा प्रभारी जिनेश जैन ने किया कार्यकर्ताओं को संबोधित

**गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।** गाडरवारा के कांग्रेस नेता पांढुर्णा विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी जिनेश जैन की विशेष उपस्थिति में जिला कांग्रेस कमेटी की संगठनात्मक बैठक विधायक कार्यालय पांढुर्णा में आयोजित की गई। बैठक को पांढुर्णा विधानसभा प्रभारी जिनेश जैन ने संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया तथा संगठन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आने वाले समय में कांग्रेस की सफलता का आधार बनेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस अध्यक्ष जतन उईके, विधायक नीलेश ऊके, जिला प्रभारी गंगा प्रसाद तिवारी, रामू टीकम सहित जिला समन्वय समिति के पदाधिकारी, जिला कांग्रेस कमेटी के



पदाधिकारी, क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, तथा ब्लॉक एवं नगर की सभी कांग्रेस संगठनात्मक इकाइयों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में संगठन विस्तार, बूथ स्तर तक मजबूती, एवं आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की गई।

# एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन



## 20 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत

करेली (स्वतंत्र मत)।

सेन्ट्रल बैंक आफ इण्डिया ने नरसिंहपुर ज़िले के करेली में मेगा एग्रीकल्चर क्रेडिट आउटरीच प्रोग्राम का आयोजन किया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को सशक्त बनाना, कृषि विकास को बढ़ावा देना तथा उन्हें बैंकिंग सुविधाओं से जोड़ना था। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय प्रबंधक कुंदन कुमार रहे। इस अवसर पर लीड बैंक मैनेजर अरुण कुमार सिंह की विशेष उपस्थिति रही। शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह राजपूत के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का सफल संचालन किया गया। साथ ही गाडरवारा, नरसिंहपुर, सागोनी तेंदूखेड़ा, नकटुआ, मुंगवानी, करकबेल, चावरपाठा एवं सिंहपुर शाखाओं के शाखा प्रमुख भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान नरसिंहपुर ज़िले की सभी शाखाओं द्वारा विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत कुल 20 करोड़ के कृषि ऋण स्वीकृत किए गए। इस अवसर पर 100 से अधिक ग्राहकों ने भाग लेकर योजनाओं की जानकारी प्राप्त की।

उपस्थित किसानों एवं ग्राहकों को विभिन्न कृषि ऋण योजनाओं, फसल ऋण, पशुपालन, डेयरी एवं अन्य कृषि संबद्ध गतिविधियों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैंक अधिकारियों ने किसानों को समय पर ऋण अदायगी, आधुनिक कृषि पद्धतियों को अपनाने एवं डिजिटल बैंकिंग सेवाओं के उपयोग हेतु प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में बैंक अधिकारियों ने किसानों को आश्वस्त किया कि भविष्य में भी ऐसे किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाया जा सके।अंत में शाखा प्रबंधक भानु प्रताप सिंह राजपूत ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित किसानों का आभार व्यक्त किया तथा भविष्य में भी ऐसे किसान हितैषी कार्यक्रम आयोजित करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

# पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए जिला तकनीकी सपोर्ट सिस्टम स्थापित

**नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026- 27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिला तकनीकी सपोर्ट सिस्टम की स्थापना की है। जारी आदेश के अनुसार जिला तकनीकी सपोर्ट सिस्टम में जिला सूचना विज्ञान अधिकारी- एनआईसी नरसिंहपुर श्री विकास तिवारी का मोबाइल नंबर 8959790981, जिला प्रबंधक लोक सेवा प्रबंधन नरसिंहपुर श्री सौरभ चौबे का मोबाइल नंबर 9713757095, जिला प्रबंधक ई- गर्वनेंस नरसिंहपुर सुश्री कृपा सिंह का मोबाइल नंबर 9131374712, वरिष्ठ सहकारिता निरीक्षक श्री राजेन्द्र सिंह का मोबाइल नंबर 9644443822, कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखंड सांईखेड़ा श्री रामनारायण दीक्षित का मोबाइल नंबर 8800728857 और कम्प्यूटर ऑपरेटर्स श्री सौरभ राय का मोबाइल नंबर 7999303662, श्री विनोद जैन का मोबाइल नंबर 9340226174 व श्री धमेन्द्र पटेल का मोबाइल नंबर 9826050747 को शामिल किया है।

उक्त अधिकारी- कर्मचारी रबी विपणन वर्ष 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के किसान पंजीयन एवं उपार्जन के संबंध में तकनीकी स्तर पर आने वाली समस्याओं का त्वरित निराकरण सुनिश्चित कराएंगे।

# सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के दिव्यांग बच्चों को कराया स्वदेशी मेले का भ्रमण

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा के विशेष पहल पर सीडब्ल्यूएसएन छात्रावास के सभी दिव्यांग बच्चों को स्वदेशी मेले का भ्रमण कराया। इस दौरान बच्चों को उनकी पसंद के झूलों, स्वादिष्ट भोजन एवं मिठाईयां खिलाई गई। दिव्यांग बच्चों ने मेले में जाने से पूर्व कोतवाली थाना का भ्रमण किया। उन्हें पुलिस की कार्यप्रणाली, सुरक्षा



व्यवस्था और आम नागरिकों की मदद से जुड़ी जानकारियां दी गई। स्वदेशी मेले में मंच पर बच्चों ने देशभक्ति से ओतप्रोत गीतों पर नृत्य प्रस्तुत किए।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीणा अपने परिवार सहित बच्चों के साथ मौजूद थे। इसके अतिरिक्त थाना प्रभारी टीआई श्री गौरव चाटे एवं पुलिस स्टॉफ भी मौजूद था।

# कलेक्टर ने की कक्षा 5 वीं एवं 8 वीं वार्षिक परीक्षा की तैयारियों एवं अर्धवार्षिक परिणामों की समीक्षा



नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह की अध्यक्षता में कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं की आगामी वार्षिक परीक्षाओं की तैयारियों तथा अर्द्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की ग्रेडवार संबंधी समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर श्रीमती सिंह ने परीक्षा संबंधी व्यवस्थाओं को समयबद्ध एवं सुव्यवस्थित तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए।

उन्होंने 16 फरवरी तक सभी परीक्षार्थियों को प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से वितरित करने और परीक्षा केंद्रों पर विद्यार्थियों की बैठक व्यवस्था के लिए पर्याप्त फर्नीचर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। परीक्षा संचालन में किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पूर्व से तैयारी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

अर्धवार्षिक परीक्षा परिणामों की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने निर्देशित किया कि सभी जनशिक्षक परीक्षा पूर्व तक अपने- अपने क्लस्टर की शालाओं में नियमित अध्यापन का कार्य सुनिश्चित करें, जिससे विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धि में अपेक्षित सुधार हो सके। साथ ही प्रतिदिन की प्रगति रिपोर्ट जनपद शिक्षा केंद्र के माध्यम से अनिवार्य रूप से प्रेषित करें। बैठक में गैर-शिक्षणीय कार्यों में संलग्न शिक्षकों की जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। आगामी शैक्षणिक सत्र प्रारंभ होने से पूर्व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी दूर करने, अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति संबंधी समस्याओं का त्वरित निराकरण करने और आवश्यकतानुसार शिक्षकों की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

जहां शिक्षकों की कमी है, वहां जनशिक्षकों द्वारा अध्यापन कार्य कराने एवं जहां शिक्षक अधिक हैं, वहां आवश्यकता वाले विद्यालयों में मोबाइल टीचिंग के माध्यम से शिक्षण कार्य संचालित करने के निर्देश दिए।

## गेहूं पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए नियंत्रण कक्ष स्थापित

**नरसिंहपुर।** रबी विपणन वर्ष 2026- 27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं के पंजीयन एवं उपार्जन कार्य के सुचारू क्रियान्वयन के लिए कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने आदेश जारी कर जिले में नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। यह नियंत्रण कक्ष कलेक्ट्रेट के जिला आपूर्ति कार्यालय द्वितीय तल कमरा नंबर 87 में स्थापित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार नियंत्रण कक्ष में कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी विकासखंड करेली श्री शंकर पटेल का मोबाइल नंबर 9098678058, कम्प्यूटर ऑपरेटर श्री सौरभ राय का मोबाइल नंबर 7999303662, श्री विनोद जैन का मोबाइल नंबर 9340226174 और श्री धमेन्द्र पटेल का मोबाइल नंबर 9826050747 की ड्यूटी लगाई गई है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद करेली, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.)

**Muncipal Council Kareli Dist. Narsinhghpur (m.p.)**

**(Main Road, Kareli Phone : 07793-270046 Email :- cmokareli@mpurban.gov.in)**

क्रमांक 338/नामां/रा.शा./2025 करेली, दिनांक 13/02/2026

### नामान्तरण सूचना

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित भवन/भूमि का नाम परिवर्तन हेतु आवेदन पत्र इस कार्यालय को प्राप्त हुआ है। उक्तभूमि/भवन पर नाम परिवर्तन हेतु यदि किसी भी व्यक्ति को किसी भी प्रकार की आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन के दिनांक से 15 (पंद्रह) दिवस के भीतर नगर पालिका परिषद कार्यालय में अधोहस्ताक्षरकर्ता अधिकारी के समक्ष संबंधित लिखित दस्तावेज के साथ प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित दिनांक तक आपत्ति प्रस्तुत न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही यथाविधि अमल मे लाई जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्र. | हस्तांतरण का नाम | हस्तांतरिती कर्ता का नाम | वार्ड | भवन /भूमि | खसरा नंबर/ रकबा | नाम परिवर्तन हेतु अभिलेख |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 189 / 2025-26 | श्री प्रमोद कुमार गुप्ता पिता श्री देवप्रसाद गुप्ता | श्री अबिनेष पिता श्री ब्रजमोहन | गनेश वार्ड | भवन | खसरा नंबर 95/2/1,99/2 का रकबा 800 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 2 | 190 / 2025-26 | श्रीमती साधना महार प्रति श्री दिलीप महार | श्री रमेशचंद कोचर पिता श्री मानक कोचर | महेन्द्र वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 347/6/1/1/1 रकबा 525 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 3 | 191 / 2025-26 | श्री साहिल खान पिता श्री इस्माइल खान | श्री आशीष कुमार राजपूत पिता श्री शिवकुमार राजपूत | नरसिंह वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 337/6 रकबा 1200 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 4 | 192 / 2025-26 | श्रीमति शहरीन बानो पति श्री इस्तयाक अली | श्रीमति सविता मेहरा पति श्री शिवपाल मेहरा | हनुमान वार्ड | भवन | खसरा नंबर 176/2/1 में से रकबा 580 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 5 | 193 / 2025-26 | श्री सत्यपाल जाटव पिता श्री गन्नू जाटव | श्री दुर्गेश विश्वकर्मा पिता श्री गोपाल प्रसाद विश्वकर्मा | महादेव वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 354/1 में से 420 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 6 | 194 / 2025-26 | श्रीमति अनुराधा कुशवाहा परषोत्तम कुशवाहा | श्री हल्के प्रसाद पटेल पिता दुर्गाप्रसाद | सुभाष वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 172/1 3 /97 भाग में से रकबा 360 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 7 | 195 / 2025-26 | श्रीमति श्रद्धा यादव पति श्री सतीश यादव | श्री सतीश यादव पिता श्री सरदार सिंह यादव | राम वार्ड | भवन | खसरा नंबर 119/2/ एस में से रकबा 250 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 8 | 196 / 2025-26 | श्री पंकज सोनी पिता श्री सत्यनारायण सोनी | श्रीमति कान्ति सोनी पति सत्यनारायण सोनी | राम वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 119/3 एस में से रकबा 500 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 9 | 197 / 2025-26 | श्रीमति सुप्रिया जैन पति मयंक जैन | श्री मुकेश कुमार जैन पिता धरमचंद जैन | राजेन्द्र वार्ड | भवन | नगर पालिका नजूल शीट क्रमांक 2 प्लाट क्रमांक 8/36 रकबा 371 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 10 | 198 / 2025-26 | श्रीमति इंदिरा उपाध्याय पति राम किशोर उपाध्याय | श्री सुनील पालीवाल पिता दुर्गा शंकर पालीवाल बगैरह | निरंजन वार्ड | प्लाट | खसरा नंबर 158/6/2/1 एस एस रकबा 1250 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 11 | 199 / 2025-26 | श्रीमति मंजूलता शर्मा पति सुनील कुमार शर्मा | श्री मनीष कुमार कौरव पिता श्री नेतराम सिंह कौरव श्री सतमीत सिंह लाम्बा पिता श्री हरभजन सिंह लाम्बा | नरसिंह | प्लाट | खसरा नंबर 327/2/3/1/3/2/1/1 एस रकबा 600 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 12 | 200 / 2025-26 | श्री पंकज कुमार गुप्ता पिता श्री पुरूषोत्तमदास गुप्ता | श्रीमति मंजू राव पति श्री राव उदय प्रताप सिंह श्रीमति हेमलता राव पति श्री राव लक्ष्मीनारायण सिंह | सुभाष वार्ड | भवन | खसरा नंबर 215/2/1 एस रकबा 695 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |
| 13 | 201 / 2025-26 | श्री पंकज कुमार गुप्ता पिता श्री पुरूषोत्तमदास गुप्ता | श्रीमति अदिति शर्मा पति शक्तिशरण शर्मा | सुभाष वार्ड | भवन | खसरा नंबर 215/14 एस रकबा 1800 वर्गफुट | रजिस्टर्ड विक्रय पत्र के आधार पर |

नामांतरण शाखा अधिकारी
नगर पालिका परिषद, करेली

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, करेली

# नीलकंठेश्वर धाम में जुटने लगे श्रद्धालु

## महाशिवरात्रि पर बनेगा आस्था का केंद्र

कटनी (स्वतंत्रमत)

क्षेत्र के प्रसिद्ध नीलकंठेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर अभी से श्रद्धालुओं की भीड़ जुटने लगी है। हर वर्ष महाशिवरात्रि की रात्रि को यह धाम आस्था का प्रमुख केंद्र बन जाता है। इस वर्ष भी बड़ी संख्या में भक्तों के पहुंचने की संभावना को देखते हुए आयोजन समिति द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई हैं। विजयराघवगढ़ विधानसभा क्षेत्र के सलैया-पड़खुरी मार्ग स्थित नीलकंठेश्वर भक्ति धाम, विजयराघवगढ़ नगर से लगभग 12 किलोमीटर दूर स्थित है। श्रावण मास एवं महाशिवरात्रि जैसे पर्वों पर यहां हजारों श्रद्धालु भगवान शिव के दर्शन हेतु पहुंचते हैं।

### होगी सुमधुर भजनों की प्रस्तुति

आयोजन समिति से प्राप्त जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रसिद्ध भजन गायक हेमंत ब्रजवासी मथुरा द्वारा भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। नीलकंठेश्वर भक्तिमंडल ने समस्त श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे इस पावन अवसर पर सपरिवार पहुंचकर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त करें। संरक्षक व आयोजक संजय सत्येंद्र पाठक, मदनलाल ग्रोवर, बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर ने श्रद्धालुओं से समय पर पहुंचने की अपील की है।



### जनआस्था का प्रकाश स्तंभ

अब नीलकंठेश्वर धाम केवल एक मंदिर नहीं, बल्कि सनातन चेतना, शिव-शक्ति उपासना और धार्मिक परंपरा का जीवंत प्रतीक बन चुका है। श्रद्धालुओं का कहना है कि यह स्थल जनआस्था का प्रकाश स्तंभ बन गया है, जहां वर्षभर शिव भक्तों की भीड़ बनी रहती है। नीलकंठेश्वर धाम की स्थापना शिव-शक्ति उपासक मदनलाल ग्रोवर द्वारा की गई थी। वर्तमान में इस परंपरा का निर्वहन बाबू ग्रोवर एवं रुद्राक्ष ग्रोवर द्वारा पूरी निष्ठा, सेवा भाव एवं समर्पण के साथ किया जा रहा है।

# शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 08 चालकों पर कार्यवाही

**109 वारंटियों/अपराधियों की गिरफ्तारी, सड़क सुरक्षा व कानून-व्यवस्था को लेकर सघन कार्रवाई**



कटनी (स्वतंत्रमत)

पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ करने, फरार आरोपियों की गिरफ्तारी तथा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कटनी जिले में व्यापक नाइट कॉम्बिंग गश्त अभियान संचालित किया गया। इस अभियान के तहत जिले के समस्त अनुभागीय पुलिस अधिकारियों के नेतृत्व में 170 से अधिक पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों की अलग-अलग टीमें गठित कर संगठित एवं सघन कार्रवाई की गई। 23 स्थाई वारंटियों की गिरफ्तारी, जो लंबे समय से फरार थे। 56 गिरफ्तारी वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत करने की कार्यवाही। न्यायालय द्वारा विभिन्न प्रकरणों में जारी 53 जमानती वारंट एवं 98 समंस की तामील। 46 निगरानी बदमाशों एवं 42 गुंडा बदमाशों की सघन जांच। आबकारी एक्ट के तहत 10 प्रकरण पंजीबद्ध कर अवैध शराब जब्त। मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 के अंतर्गत शराब के नशे में वाहन चलाने वाले 08 व्यक्तियों पर सख्त कार्यवाही, वाहन जप्त। जुआ अधिनियम के तहत जुआ खेलते पाए जाने पर 03 प्रकरण दर्ज। आर्म्स एक्ट के अंतर्गत अवैध हथियार रखने पर 02 आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण पंजीबद्ध। धारा 170 बीएनएसएस- शांति भंग की आशंका पर 09 आरोपियों के विरुद्ध कार्यवाही। धारा 126/135 बीएनएसएस - शांति बनाए रखने हेतु 44 प्रकरणों में 47 व्यक्तियों पर कार्यवाही। धारा 129 बीएनएसएस- शांति व्यवस्था हेतु 56 व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही। कटनी पुलिस द्वारा यह अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा, ताकि जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात अनुशासन, तथा आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## डॉ स्वाति टोपनानी ने प्रदेश में हासिल किया दूसरा स्थान



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारतीय जनता पार्टी के पूर्व अध्यक्ष व कटनी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी की बिटिया डॉ स्वाति टोपनानी ने अपनी प्रतिभा और परिश्रम से अपने परिवार समाज और जिले का नाम गौरवान्वित किया हैं। उन्होंने कॉलेज ऑफ डेंटल साइंस राउ इंदौर से एमडीएस की डिग्री प्राप्त कर एवं अपने डिपार्टमेंट कंजरवेटिव डेंटिस्ट्री एन्ड इंडोडोंटिक्स में प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है साथ ही एमपीएमएसयू विश्विद्यालय में प्रदेश में भी द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। उनकी इस उपलब्धि पर सांसद वीडी शर्मा व भाजपा अध्यक्ष दीपक टंडन सोनी ने निवास स्थल पहुँचकर सम्मान किया एवं इंदौर में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने उन्हें मैडल प्रदान किया है। इससे पहले उन्होंने बीडीएस की डिग्री हितकारिणी डेंटल कॉलेज एन्ड हॉस्पिटल जबलपुर से प्राप्त की थी। उन्होंने इसके लिए सर्वप्रथम ईश्वर का आभार व्यक्त करते हुए माता पिता भाई एवं गुरुजनों का मार्गदर्शन, मित्रों, रिश्तेदारों का सहयोग बताया है जिसकी वजह से उन्होंने यह सफलता अर्जित की है।

# फ्रांस से आये विदेशी मेहमानों ने खेतों का भ्रमण कर जानी कैसे होती है प्राकृतिक खेती

### फांस से आये विदेशी मेहमानों ने भ्रमण के दौरान देखा प्राकृतिक खेती से रूबरू हुए

कटनी (स्वतंत्रमत)

मानव जीवन विकास समिति सचिव निर्भय सिंह के नेतृत्व में फांस से आये विदेशी मेहमान क्लाउड रैबर 71 वर्षीय पुरुष, जीन यवेस पोइरी 66 वर्षीय पुरुष, ऐनी फ्रैंकोइसआर 69 वर्षीय महिला, मैरिट कास्टे 80 वर्षीय महिला, ओडिले पोइरियर 61वर्षीय महिला, जोएलेल रेनॉड 67 वर्षीय महिला, कैथरीन बीटिस्च 67 वर्षीय महिला सहित सात फ्रांसीसी मेहमानों को ग्रामीण पर्यटन अंतर्गत मध्यप्रदेश के कटनी सहित अलग अलग जिलों में ट्रांस्लेटर यथार्थ तिवारी और गाईड भूपेश शर्मा की मदद से भ्रमण कराया जा रहा है। फ्रांसीसी मेहमानों ने मानव जीवन विकास समिति पहुंचकर यहाँ पर प्राकृतिक तरीके से की जा रही गेहूँ की खेती जिसमे रासायनिक खाद एवं दवाई के बिना उपयोग किये केवल जैविक खाद और दवाई के उपयोग से तैयार फसल को देखा और अवलोकन किया। यह भी बताया गया की यह प्राकृतिक खेती कम लागत और अधिक उत्पादन वाली खेती है जिससे किसानों की आय में बढ़ोत्तरी होती है। प्राकृतिक खेती में उपयोग की जाने वाली खाद एवं दवाई बनाने के लिए किसानों का प्रशिक्षण भी कराया जा जाता है। इसके अलावा गांव गांव में समिति के सहयोग से बीआरसी बायो रिसोर्स सेंटर भी खुलवाए गए है जहाँ से किसानों को उचित मूल्य पर जैविक खाद एवं दवाई उपलब्ध हो जाती है। खेत भ्रमण कर पूरी प्रक्रिया समझकर विदेशी फ्रांसीसी मेहमान। फ्रांसीसी मेहमानों ने मानव जीवन विकास समिति में आयुर्वेदिक जड़ी बूटी की नर्सरी, फलोद्यान एवं अन्य पेड़ पौधे की नर्सरी का भी विजिट कर भारतभूमि की छटा को नजदीकी से देखकर और जानकर बहुत ही आनंदित हुए।



## बाकल ने बहोरीबंद को हराकर ट्राफी पर किया कब्जा




**कटनी (स्वतंत्रमत)।** बाकल न्यू यंगश्एस क्रिकेट क्लब पटोरी द्वारा 21 जनवरी से आयोजित टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता मे 32, टीमो ने भाग लिया जिसमे फाइनल मुकाबला बाकल एवं बहोरीबंद टीम के बीच हुआ रोमांचक मुकावले मे बाकल ने 15 ओवर में 141 रन बनाये जवाब मे बहोरीबंद टीम 15 ओभरो मे मात्र 96 रन ही बना सकी विजेता टीम को आयोजक टीम द्वारा 30000 नगर एवं फील्ड प्रदान की गई वही उपविजेता टीम को 8000 रुपए नगद एवं शील्ड प्रदान की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक प्रणय प्रभात पाण्डे, जनपद सदस्य रोहित राजाभैया, थाना प्रभारी दिनेश तिवारी, आनंद जैन, नंदकिशोर पटेल, बिहारी विश्वकर्मा, राकेश लोधी, राजूराजाराम पटेल, संतोष लोधी, मनोज लोधी, रैपुरा बखत यादव, हाईजैक समिति द्वारा मैन ऑफ द मैच, मैन ऑफ द सीरीज, मैन आफ दा सीरीज, बैस्ट बालर, बैस्ट बैट्समेन सहित विभिन्न पुरस्कार वितरित किए गए आयोजक समिति द्वारा उपस्थित अतिथियों का साल श्रीफल से सम्मान किया गया।

# बस स्टैंड की चार दुकानों में लगा ताला

### नगर निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया बाकी होने पर सख्त कार्यवाही

कटनी (स्वतंत्रमत)

वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए निगम प्रशासन द्वारा जहां एक ओर वार्डो में विशेष शिविरों का आयोजन कर तथा अवकाश के दिनों में कार्यालय के कैश काउंटर खोलकर नागरिकों को निगम के बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। वहीं दूसरी ओर निगम के बकाया करों को जमा करने वालों के विरूद्ध सख्ती से कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई। राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों की किराया राशि बकाया रहने पर मंगलवार प्रातः सख्त रुख अपनाते हुए बस स्टैंड की चार दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। उक्त चारों दुकानदारों को पूर्व में भी बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करने हेतु कई बार सूचित किया गया था। राजस्व अधिकारी पाठक ने बताया कि बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 5 के आवंटी पर अप्रेल 2023 से 12 हजार 63 रूपयेए दुकान क्रमांक 30 के आबंटी पर 21 हजार 847 रूपये, दुकान क्रमांक 35 के आबंटी पर 47 हजार 850 रूपये तथा दंकान क्रमांक 41 के आवंटी पर 21 हजार 650 रूपये का दुकान किराया शेष था। संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी बकाया किराया जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए, किंतु निर्धारित समयावधि में भुगतान न किये जाने के कारण निगम प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। हालाकि कार्यवाही के पश्चात दुकान क्रमांक 35 के आवंटी को छोड़कर शेष तीन अन्य दुकानदारों द्वारा बकाया किराया राशि जमा करनें पर नियमानुसार दुकानों का ताला खोलनें की कार्यवाही भी की गई। नगर निगम प्रशासन द्वारा निगम स्वामित्व के समस्त दुकानदारों से अपील की गई है कि वे स्वेच्छा से निगम स्वामित्व की दुकानों का बकाया किराया समय से निगम कोष में जमा कर संभावित अप्रिय स्थिति से बचें तथा नगर विकास में सहयोग प्रदान करें।



## विद्यालय प्रबंधन समिति बैठक का आयोजन

कटनी (स्वतंत्रमत)




केंद्रीय विद्यालय झिंझरी में सत्र 2025-26 की विद्यालय प्रबंधन समिति आखिरी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मनोनीत अध्यक्ष प्रमोद कुमार चतुर्वेदी की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में विद्यालय के शैक्षणिक विकास, आधारभूत संरचना सुदृढ़ीकरण तथा आगामी सत्र की तैयारियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान विद्यार्थियों की शैक्षणिक उपलब्धियों की समीक्षा की गई तथा आगामी सत्र 2026-27 हेतु कक्षा 6 के संचालन के लिए आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता पर विशेष विचार-विमर्श हुआ। विद्यालय भवन, कक्षाओं के फर्नीचर, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छता व्यवस्था एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक सुझाव प्रस्तुत किए गए। चतुर्वेदी ने विद्यालय के समग्र विकास हेतु सभी सदस्यों से सक्रिय सहयोग का आह्वान किया तथा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य डॉ नवल किशोर पचौरी एवं सभी सम्मानित वीएमसी सदस्यों की उपस्थिति रही। अंत में विद्यालय के निरंतर उन्नयन और छात्रहित में कार्य करने का संकल्प लिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक में विद्यालय की शैक्षणिक एवं भौतिक स्थिति का ब्यौरा अमित कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया। मंच संचालन मणिका विश्नोई एवं धन्यवाद ज्ञापन मनीषा भगत द्वारा प्रस्तुत किया गया।

## नगर निगम के अतिक्रमण हटाओ अभियान से नागरिकों का आवागमन हो रहा सुगम



**कटनी (स्वतंत्रमत)।** शहरहित तथा नागरिकों को सुरक्षित एवं सुगम यातायात व्यवस्था प्रदान करने के उद्धेश्य से नगरनिगम प्रशासन द्वारा रोजाना निर्धारित कार्य योजना के अनुरूप नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों की सार्वजनिक सड़कों के किनारे जमा अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम प्रशासन की इस कार्यवाही से जहां एक ओर मार्ग व्यवस्थित हो रहा है वहीं दूसरी ओर नागरिकों का आवागमन भी सुगम हो रहा है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सुगम यातायात हेतु शुक्रवार प्रातः नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के बजार क्षेत्रों में अतिक्रमण टीम द्वारा मार्च की कार्यवाही के दौरान दुकानों के बाहर रखी सामग्री एवं टीन शैड, बोर्ड, अनाधिकृत रूप से रखे ठेले, टपरों को स्वेच्छा से हटानें की मुनादी की गई। वहीं दोपहर पश्चात उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के मुख्य मार्गो एवं नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों गर्ग चौराहा से दुर्गा चौक, सुभाष चौक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, पुरानी कचहरी, मिशन चौक, बस सटैंड, सिल्वर टॉकीज रोड़, कोतवाली तिराहा सहित नगर के अन्य स्थलों में की गई कार्यवाही के दौरान सब्जी विक्रेताओं एवं ठेला संचालकों को सार्वजनिक मार्ग से हटाने की कार्यवाही की गई। अभियान के दौरान दुकानों की सामग्री को निर्धारित स्थल दुकान के अंदर कराया जाकर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ किया गया।

# लोक कला के बिखरे अनोखे रंग

कटनी (स्वतंत्रमत)

संस्कार भारतीय राष्ट्रीय संगठन की जिला इकाई कटनी के द्वारा कलाकारों को प्रोत्साहन व उनकी कला के प्रस्तुतीकरण के लिए मंच देने के लिए लोक कला का आयोजन किया जिसमें एक से एक आकर्षक प्रस्तुतियां कलाकारों द्वारा दी गई संस्कार भारती कटनी की लोककला विधा प्रमुख आकांक्षा वरसैंया ने लोक संस्कृति को प्रस्तुत करने वाले लोक कलाकारों से संपर्क कर लोक कला की विभिन्न प्रतिभाओं को इस मंच पर प्रस्तुतीकरण का अवसर प्रदान किया। संस्कृति एवं कला का संवर्धन एवं प्रोत्साहन देना संस्कार भारतीय संस्था का उद्देश्य है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संदीप जयसवाल विधायक कटनी मुड़वारा और कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक टंडन जिला अध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी जिला कटनी अतिथि के तौर पर संस्कार भारती महाकौशल प्रांत की महामंत्री धनराज गुप्ता व अशोक शुक्ला रहे इस कार्यक्रम में कटनी जिले के अलावा सतना और उमरिया जिले से भी पदाधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का सुचारू संचालन नवीन गुप्ता ने किया मंच और पूजा की व्यवस्था तनु गुप्ता व आशु सुहाने ने संभाली सम्मान और पुरस्कार की प्रभारी हीरामणि बरसैंया, ध्येय गीत की प्रस्तुति अनीता सिजारिया, माया तिवारी, गीता पांडे, रंजना वर्मा, गीता बरसैंया, अलका अग्रवाल ने की संस्था अध्यक्ष अशोक तिवारी ने संस्था के उद्देश्यों की जानकारी प्रस्तुत की व स्वागत वंदन कर। उन्होंने कहा कि संस्कृति व कला के संवर्धन के लिए संस्कार भारती का गठन हुआ है कलाकारों को मंच प्रदान करना उनकी कला को बढ़ावा देना ही संस्कार भारती का उद्देश्य है, मुख्य अतिथि संदीप जयसवाल ने अपने उद्बोधन में यथा संभव सहयोग व प्रोत्साहन की बात कही कार्यक्रम अध्यक्ष दीपक टंडन ने कार्यक्रम के संयोजन और कलाकारों की प्रस्तुतियों की प्रशंसा की प्रांत महामंत्री धनराज गुप्ता ने बधाई देते हुए कला और कलाकारों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कटनी इकाई संस्कार भारती के उद्देश्यों के अनुसार अच्छा संयोजन कर रही है। कलाकारों की प्रस्तुतियों में सर्वप्रथम सरस्वती वंदना तोयजा गुप्ता के द्वारा प्रस्तुत की गई, बुंदेली लोक नृत्य नैना बंद लागे कहियो ना में संपूर्ण बुंदेलखंड की विरासत का वर्णन लोक नृत्य के माध्यम से किया गया, कालबेलिया राजस्थानी नृत्य अर्शिया गेलानी के द्वारा प्रस्तुत किया गया तो वहीं कत्थक नृत्य पूर्वी पटेल के द्वारा प्रस्तुत किया गया, नन्हे कवि अर्णव चौबे के द्वारा ओज पूर्ण कविता प्रस्तुत की गई, दिव्यांग कलाकार शिवानी पाल जिनका एक पैर नहीं है जो बैसाखी से चलती हैं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत कर सबको आश्चर्य में डाल दिया तो वही आदिवासी युवतियों द्वारा देवी देवताओं का मनौती का गीत जय जौहार की प्रस्तुति लोक नृत्य के माध्यम से दी गई विवेक विश्वकर्मा के द्वारा निर्देशित देशभक्ति गीत का प्रस्तुतीकरण भी किया गया, अलका अग्रवाल द्वारा सुंदर भजन प्रस्तुत किया और अंत में संस्कार भारती संस्था की सदस्यों के द्वारा वंदे मातरम गीत की आकर्षक प्रस्तुति दी गई जिसमें भारत माता के रुप में वंदना गेलानी, विनीता गुप्ता व शालिनी सोनी ने वंदे मातरम् गीत गाया तिरंगे के वेश में शशि दुवे, अनीता वैश्य, मीना खंडेलवाल, अल्का सरावगी, योगिता त्रिसोलिया, निकिता कोटक रहीं, वहीं उपस्थित जनों के स्वागत व स्वलपाहार की व्यवस्था कोषाध्यक्ष वीरेंद्र श्रीवास्तव ने संभाली आभार प्रदर्शन महामंत्री राजेश बरसैंया द्वारा किया गया मार्गदर्शन महिला प्रमुख मीरा दीदी के द्वारा किया जाता रहा। कटनी शहर के अधिकांश गणमान्य जन, महिला पुरुष व बच्चों तथा संस्कार भारती कटनी के सभी सदस्य एवं पदाधिकारियो की गरिमा मई उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ उपस्थित जनों में संस्था के दिनेश पांडे, आशा कोहली, अशोक तिवारी, गीता बरसैंया, गीता पांडे, रागनी मित्तल, पूनम गुप्ता, सुशील शर्मा, रमेश खंडेलवाल, गिरीश कोहली, रौनक खंडेलवाल, आदित्य तिवारी, कमलेश अग्रवाल, राजेन्द्र सिंह, अशोक शुक्ला, शिवशंकर तिवारी, किरण तिवारी आदि रहे।






टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर

# जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया को हराया

कोलम्बो (वार्ता)।

ब्लेसिंग मुजारबानी (17 रन पर चार विकेट) और ब्रेड इवांस (23 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर जिम्बाब्वे ने ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को शुक्रवार को 23 रन से हराकर टी-20 विश्व कप का सबसे बड़ा उलटफेर कर दिया। जिम्बाब्वे ने दो विकेट पर 169 रन का स्कोर बनाने के बाद ऑस्ट्रेलिया को 19.3 ओवर में 146 रन पर ढेर कर दिया। उन्होंने 2007 टी20 विश्व कप में ताकतवर ऑस्ट्रेलियाई टीम को हराया था और अब 2026 में उन्हें एक बार फिर हराया है।




ब्लेसिंग मुजारबानी को प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। कोलंबो का आर प्रेमदासा स्टेडियम ज़िम्बाब्वे के खुश चेहरों से भरा हुआ था, जबकि ऑस्ट्रेलियाई सपोर्टर्स समझ नहीं पा रहे हैं कि उनकी टीम यह गेम कैसे हार गई। उन्हें बैटिंग करने के लिए कहा गया, उन्होंने 2 विकेट पर 169 रन बनाए और यह स्कोर उन्हें 23 रन से जीतने के लिए काफी था। ब्लेसिंग मुजारबानी और ब्रैड इवांस ने नई बॉल से शानदार प्रदर्शन किया और ऑस्ट्रेलिया के टॉप-ऑर्डर को चकनाचूर कर दिया। इंगलिस डीप में कैच आउट हुए, ग्रीन और टिम डेविस डक आउट हुए और ट्रैविस हेड बोल्ड हुए, जिससे टीम का स्कोर 29 रन पर 4 विकेट रह गया। ग्लेन मैक्सवेल (31) और मैट रेनशॉ (65) ने 5वें विकेट के लिए 77 रन जोड़कर अपनी टीम को गेम में वापस ला दिया। ज़िम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रज़ा क्रैम्प्स के कारण आउट हो गए और ऐसा लगा कि यह पल हाथ से निकल गया। लेकिन रयान बर्ल एक ओवर करने आए और उन्होंने मैक्सवेल को आउट किया, स्टोइनिस जो दिन में पहले चोटिल हो गए थे, सस्ते में आउट हो गए और लोअर-ऑर्डर बिखर गया, जबकि ज़रूरी रन रेट बढ़ गया था। रेनशॉ लड़ते रहे, लेकिन इवांस और मुजारबानी ने वापसी करके मैच को फिनिशिंग टच दिया।

### जिम्बाब्वे के लिए मशहूर दिन

जिम्बाब्वे क्रिकेट के इतिहास में यह एक मशहूर दिन था, उन्होंने हालात को बेहतर ढंग से समझा, उन्होंने बेहतर क्रिकेट खेला और दो पॉइंट्स लेकर चले गए। इससे पहले जिम्बाब्वे की पारी में ब्रायन बेनेट ने सर्वाधिक नाबाद 64 रन बनाये। तड़िवनाशे मारुमानी ने 35, रयान बर्ल ने 35 और कप्तान सिकंदर रजा ने नाबाद 25 रन बनाये।

# एशियन चैंपियनशिप पदक तालिका में भारत शीर्ष पर



**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारत ने शानदार अंदाज में मेडल टेबल में टॉप किया, उसने कुल 94 मेडल जीते, जिसमें 51 गोल्ड, 23 सिल्वर और 20 ब्रॉन्ज शामिल हैं। यह चैंपियनशिप यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में खत्म हुई। मेज़बान टीम ने कॉम्पिटिशन के आखिरी दिन छह गोल्ड, तीन सिल्वर और चार ब्रॉन्ज मेडल जीते। आखिरी दिन, भारतीय शूटर्स ने 25मी सेंटर फायर पिस्टल और 25मी पिस्टल जूनियर इवेंट्स में पोडियम पर कब्ज़ा किया, साथ ही 50मी राइफल प्रोन विमेन सीनियर और जूनियर इवेंट्स में तीन मेडल भी जीते।

उन्होंने टीम इवेंट्स में भी चार गोल्ड मेडल जीतकर चैंपियनशिप को शानदार तरीके से खत्म किया। 25मी सेंटर फायर पिस्टल में, अमनप्रीत सिंह ने प्रिसिजन और रैपिड स्टेज पर 589-24× के फाइनल स्कोर के साथ गोल्ड मेडल जीता। ओलंपियन गुरप्रीत सिंह ने 584-20× के स्कोर के साथ सिल्वर और अंकुर गोयल ने 570-11× के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। तीनों ने मिलकर टीम गोल्ड भी जीता। सूरज शर्मा ने साल की अपनी शानदार शुरुआत जारी रखते हुए 25मी पिस्टल जूनियर इवेंट में 585-25× के स्कोर के साथ गोल्ड जीता, जबकि मुकेश नेलावल्ली ने चैंपियनशिप में एक और मेडल जीता, इस बार 582-21× की शूटिंग के बाद सिल्वर। डेफलिंपिक्स मेडलिस्ट अभिनव देशवाल ने 573-17× के स्कोर के साथ ब्रॉन्ज़ मेडल जीता। तीनों ने इवेंट में टीम गोल्ड भी जीता। 50मी राइफल प्रोन इवेंट में, ओलंपियन सिफ्ट कौर समरा ने 623.2 के स्कोर के साथ सिल्वर मेडल जीता, जबकि 2010 की वर्ल्ड चैंपियन, तेजस्विनी सावंत ने इंटरनेशनल मेडल जीतने के पांच साल बाद शानदार ब्रॉन्ज मेडल जीता। कजाकिस्तान की येलिजावेता बेज्रुकोवा ने गोल्ड मेडल जीता। सिफ्ट और तेजस्वनी ने मानिनी कौशिक के साथ मिलकर भारत के लिए टीम गोल्ड जीता।

# हनी बैसोया ने जीता डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप का खिताब




**नई दिल्ली (वार्ता)।** हनी बैसोया ने नई दिल्ली के कुतुब गोल्फ कोर्स में खेले गए 1.5 करोड़ रुपये की डीपी वर्ल्ड प्लेयर्स चैंपियनशिप 2026 में आखिरी दिन शुक्रवार को पांच-अंडर 65 के स्कोर के साथ तीन शॉट की जीत दर्ज करते हुए हफ्ता शानदार तरीके से खत्म किया। हनी बैसोया (63-65-64-65), जो रात भर पांच शॉट से आगे चल रहे थे, ने चौथे राउंड में एक बोगी के मुकाबले छह बर्डी बनाकर बढ़त हासिल की और हफ्ते का कुल स्कोर 23-अंडर 257 कर लिया और इस तरह टाइटल के लिए उनका पांच साल का इंतज़ार खत्म हो गया। यह 29 साल के हनी की आठवीं प्रोफेशनल जीत थी। बैसोया ने 22,50,000 रुपये का विनिंग चेक जीता, और 2026 डीपी वर्ल्ड पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ़ मेरिट में तीसरे स्थान से पहले स्थान पर पहुंच गए। क्षितिज नवीद कौल (62-71-65-62), जो रात भर तीसरे स्थान पर थे और लीड से छह शॉट पीछे थे, ने इस हफ्ते दूसरी बार 62 का स्कोर किया, जो पिछले दिन का सबसे कम स्कोर था, जिससे वे एक स्थान ऊपर उठे और टूर्नामेंट का अंत 20-अंडर 260 के साथ रनर-अप के तौर पर किया। वीर अहलावत (65-67-66-65) ने अपने चौथे राउंड में 65 के स्कोर के बाद 17-अंडर 263 के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। हनी ने जीत के बाद कहा, इतने लंबे समय के बाद विनर सर्कल में वापस आकर मैं बहुत खुश हूं। आज कोर्स पर मेरा दिन बहुत अच्छा रहा। भले ही, मैंने ओवरनाइट पांच शॉट की लीड ली थी, मुझे पता था कि मुझे फाइनल राउंड में बहुत अच्छा खेलना होगा, क्योंकि वीर और क्षितिज, जो मेरा पीछा कर रहे थे, अपने दिन बहुत कम स्कोर करने में सक्षम हैं और उन्हें कभी भी कम नहीं आंका जा सकता। दूसरे नंबर पर रहे क्षितिज नवीद कौल ने 62 का शानदार बिना गलती वाला फाइनल राउंड खेला।

### डी मिनौर ने की फेडरर के रिकॉर्ड की बराबरी

**रोटर्डम (वार्ता)।** टॉप-सीडेड ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी एलेक्स डी मिनौर ने गुरुवार को इनडोर हार्ड-कोर्ट इवेंट में 2015 के चैंपियन स्टेन वावरिंका को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार पांचवें साल क्वार्टर-फाइनल में जगह बनाई और तीन बार के चैंपियन रोजर फेडरर के उस स्टेज पर लगातार पहुंचने के रिकॉर्ड की बराबरी की। एटीपी 500 के पिछले दो एडिशन के फाइनलिस्ट, डी मिनौर ने इस साल के फील्ड में किसी से भी ज़्यादा जीत (15) हासिल की हैं। स्विस वाइल्ड कार्ड वावरिंका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए, एटीपी रैंकिंग में नंबर 8 खिलाड़ी ने अपनी लगातार बॉलस्ट्राइकिंग से 40 साल के खिलाड़ी को गलतियां करने पर मजबूर किया, जिससे दोनों की हेड2हेड सीरीज में स्कोर 2-0 हो गया। डी मिनौर ने 2023 की शुरुआत से अब तक एटीपी 500 इवेंट्स में 50 जीत दर्ज की हैं।

# 72 द लीग के लिए 170 प्रोफेशनल गोल्फर होंगे नीलाम

नई दिल्ली (वार्ता)।

प्रोफेशनल गोल्फ टूर ऑफ इंडिया के टॉप 170 प्रोफेशनल गोल्फर भारत में प्रोफेशनल गोल्फ में अपनी तरह के पहले ऑक्शन में हिस्सा लेने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, पीजीटीआई की 72 द लीग ने आज यह घोषणा की। 11 अलग-अलग देशों के जाने-माने प्रोफेशनल सोमवार, 16 फरवरी को राजधानी में नीलाम होंगे, जिसमें 72 द लीग के पहले एडिशन के लिए जबरदस्त एक्शन होने की उम्मीद है।



लीग में गोल्फ़र्स के लिए कुल 60 जगहें होंगी, क्योंकि छह फ्रेंचाइजी अपनी-अपनी टीमों के लिए 10-10 गोल्फर्स चुनेंगी, जिससे कुल 6 करोड़ रुपये की नीलामी होगी। भारत की पहली एक्सक्लूसिव नेशनल प्रोफ़ेशनल गोल्फ़ लीग - 72 द लीग - 21 फरवरी 2026 को शुरू होगी। इस लीग को पीजीटीआई ने गेम ऑफ़ लाइफ़ स्पोर्ट्स (जीओएलएस) के साथ पार्टनरशिप में लॉन्च किया है, जिसका फ़ाइनल 6 मार्च 2026 को होगा। नीलामी के लिए, जिन 170 गोल्फ़र्स ने अपना नाम दिया है, उन्हें तीन कैटेगरी- प्लैटिनम, गोल्ड और सिल्वर में बांटा जाएगा। पीजीटीआई के 2025 ऑर्डर ऑफ़ मेरिट के अनुसार, उनमें से टॉप 30 प्लैटिनम कैटेगरी में होंगे, जबकि गोल्ड में 31वें से 60वें स्थान तक के खिलाड़ी शामिल होंगे, और बाकी गोल्फ़र्स सिल्वर कैटेगरी में होंगे। 72 द लीग का पहला सीज़न दिल्ली एनसीआर के तीन सबसे मशहूर गोल्फ़ वेन्यू- क्लासिक गोल्फ एंड कंट्री क्लब, जेपी ग्रीन्स और कुतुब गोल्फ कोर्स में होगा। लीग में छह शहर-आधारित फ्रेंचाइजी होंगी, जिनमें से हर एक में 10 प्रोफ़ेशनल खिलाड़ी होंगे। पीजीटीआई सर्किट के जाने-माने गोल्फर इस लीग में हिस्सा लेंगे, जिससे भारतीय प्रोफ़ेशनल गोल्फ में अब तक का सबसे बड़ा कॉम्पिटिटिव प्लेटफ़ॉर्म बनेगा।

### रियान पराग राजस्थान रॉयल्स के कप्तान बने



**जयपुर (वार्ता)।** रियान पराग को आईपीएल 2026 से पहले राजस्थान रॉयल्स का कप्तान बनाया गया है, जो संजू सैमसन के चेन्नई सुपर किंग्स में जाने के बाद फ्रेंचाइजी के लिए एक नए युग की शुरुआत है। पराग, जिन्होंने 2019 में आईपीएल में डेब्यू किया था, ने अपने सभी सात सीजन रॉयल्स के साथ बिताए हैं। पिछले साल जब सैमसन चोट के कारण बाहर थे, तो उन्होंने आठ मैचों में टीम की कप्तानी की थी, जिसमें दो जीत और छह हार मिली थीं, जिससे टीम नौवें स्थान पर रही थी। हालांकि यह समय मुश्किल साबित हुआ, पराग ने बल्ले से प्रभावित किया, उन मैचों में 38.57 का औसत बनाया, जिसमें ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ करियर की सबसे अच्छी 95 रन की पारी भी शामिल है।



# जनगणना से ही हर व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की बनती है रणनीतिः डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को किया संबोधित

भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि जनगणना देश की सबसे बड़ी और महत्वपूर्ण डाटा प्रक्रिया है। जनगणना के आधार पर सरकार की योजनाएं बनती हैं, संसाधनों का वितरण तय होता है और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने की रणनीति तैयार होती है। आज भारत विश्व का सर्वाधिक आबादी वाला राष्ट्र है। यह जनगणना केवल राष्ट्रीय नहीं बल्कि वैश्विक महत्व की भी है। जनगणना का कार्य केवल प्रशासनिक प्रक्रिया तक सीमित नहीं है बल्कि यह भारत के भविष्य की दिशा तय करने वाला सबसे व्यापक और निर्णायक अभियान है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सम्मेलन में जनगणना-2027 की प्रक्रिया पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने डिजिटल जनगणना कराने का ऐतिहासिक फैसला



लिया है। देश में आखिरी बार वर्ष 1931 में सामाजिक स्तर की जनगणना की गई थी। उन्होंने जनगणना की प्रक्रिया में गांवों, मजरों-टोलों के साथ-साथ बेचिराग गांवों की स्थिति के आंकलन की व्यवस्था करने की भी आवश्यकता बताई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में सड़क, अस्पताल, स्कूल एवं अन्य कार्यों की योजनाएं जनगणना के आंकड़ों के आधार पर ही बनाई जाती हैं। जनगणना केवल संख्या गिनने की प्रक्रिया नहीं है, यह राज्य की संवेदनशीलता, प्रशासन की विश्वसनीयता, प्रतिबद्धता और शासन की पारदर्शिता की परीक्षा है। प्रदेश के अलग-अलग अंचलों की चुनौतियां भिन्न हैं। संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष रणनीति अपनाते हुए समयबद्ध रूप से जनगणना की जिम्मेदारियों का निर्वहन किया जाए। इस पूरी प्रक्रिया की सफलता का केन्द्र मैदानी प्रशासनिक अधिकारी हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कलेक्टर्स और कमिश्नर्स से जनगणना कार्य को रणनीतिक नेतृत्व प्रदान करते हुए जनगणना के सभी उद्देश्यों की समय सीमा में पूर्ति करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सम्मेलन में उपस्थित प्रदेश के सभी कमिश्नर-कलेक्टरों से कहा कि मध्यप्रदेश विधानसभा का बजट सत्र 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 6 मार्च तक चलेगा।

### त्यौहारों में कानून व्यवस्था दुरुस्त रखें

उन्होंने आगामी महाशिवरात्रि और होली जैसे त्यौहारों के दृष्टिगत शांति समितियों के साथ बैठक कर अन्य आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कानून व्यवस्था दुरुस्त रखने में जन भावनाओं का विशेष ध्यान रखा जाए। नागरिकों के स्वास्थ्य की दृष्टि से मिलावटी मिठाई, रंगों में मिलावट एवं अन्य खाद्य पदार्थों की जांच के लिए विशेष प्रबंध किए जाएं। होली के त्यौहार में सामाजिक समरसता सुनिश्चित हो। प्रदेश में जल संरचनाओं के निर्माण में मुआवजे के प्रकरणों का निराकरण संवेदनशीलता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि हमें विकास के साथ-साथ जनभावनाओं का ध्यान भी रखना है।

### दो चरणों में होगी जनगणना

आगामी जनगणना 2027 पूर्व की जनगणनाओं की भांति इस बार भी 2 चरण में संपादित की जाएगी, जिसके लिए जनगणना अधिनियम, 1948 की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचना 16 जून 2025 जारी की जा चुकी हैं। प्रथम चरण का कार्य 1 मई से 30 मई 2027 तक पूर्ण किया जायेगा। प्रथम चरण में मकानों की स्थिति, सुविधाओं एवं परिसंपत्तियों का विवरण प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर एकत्रित किया जायेगा। द्वितीय चरण में जनसंख्या की गणना का कार्य फरवरी, 2027 में कराया जाएगा। जनसंख्या की गणना के दौरान प्रत्येक व्यक्ति की गणना की जाएगी। साथ ही, व्यक्तियों के सम्बन्ध में अन्य विभिन्न बिन्दुओं जैसे-आयु, लिंग, वैवाहिक स्थिति, धर्म, दिव्यांगता, मातृभाषा, साक्षरता, शैक्षणिक योग्यता, आर्थिक क्रियाकलाप, प्रवास, प्रजननता विवरण इत्यादि पर जानकारी एकत्रित की जाएगी।

**उमरिया के डायल 112 हीरोज**

# संवेदनशीलता, सेवा और तत्परता की जीवंत मिसाल



भोपाल

डायल-112 केवल आपात सेवा नहीं, बल्कि संकट की घड़ी में जीवन रक्षक संबल है। एक पिकअप वाहन के दुर्घटनाग्रस्त होने से घायल हुए 12 लोगों को समय पर अस्पताल पहुंचाकर डायल-112 ने त्वरितप्रतिक्रिया, मानवीय संवेदनशीलता और जन-सुरक्षा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया है। दिनांक 13 फरवरी 2026 को प्रातः 08 बजे विलइत घाट स्थित नायरा पेट्रोल पंप के समीप एक पिकअप वाहन के अनियंत्रित होकर पलट जाने से महिला व बच्चों सहित कुल 12 व्यक्ति घायल हो गए। यह सभी लोग पतरहटा से बारहो कार्यक्रम में शामिल होकर अपने गांव अखड़ार लौट रहे थे।इस दुर्घटना की सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम, डायल-112 भोपाल को प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही तत्परता दिखाते हुए थाना चंदिया क्षेत्र में तैनात डायल-112 एफआरव्ही वाहन को तत्काल मौके के लिए रवाना किया गया। कुछ ही समय में डायल-112 स्टाफ आरक्षक सुनील सिकरवार एवं पायलट विजय कुमार यादव घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लेकर त्वरित राहत कार्य प्रारंभ किया। मौके पर पहुँचकर डायल-112 जवानों ने गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता प्रदान की और बिना समय गंवाए एफआरव्ही वाहन तथा चिकित्सा वाहन की सहायता से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चंदिया पहुंचाया। उनकी तत्परता, सूझबूझ और मानवीय संवेदनशीलता के चलते सभी घायलों को समय पर उपचार उपलब्ध हो सका, जिससे संभावित गंभीर परिणामों को टाला जा सका। डायल 112 हीरोज ने विषम परिस्थितियों में भी जिस समर्पण और तेजी से अपनी जिम्मेदारी निभाई, वह न केवल प्रशंसनीय है बल्कि समाज में पुलिस के प्रति विश्वास को और सुदृढ़ करता है।यही सच्चे अर्थों में हीरोज हैं - जो बिना किसी अपेक्षा के, केवल मानवता के नाते अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। इस सराहनीय कार्य के लिए डायल-112 जवानों को मुख्यालयस्तर से पुरस्कृत किया जा रहा है।

# शराब की अधिक कीमत वसूलने को लेकर विवाद

## युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या की, परिजनों ने लगाया जाम

हटा (स्वतंत्र मत)

रनेह थाना क्षेत्र में शराब की दुकान पर अधिक कीमत वसूलने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और कार्रवाई व मुआवजे की मांग की। जानकारी के अनुसार रनेह स्थित शराब दुकान के पास अंडे की दुकान चलाने वाले राजकुमार राय 45 वर्ष पिता टेकचंद राय गुरुवार शाम अपने परिचित के लिए शराब लेने दुकान पहुंचे थे। आरोप है कि 500 रुपये की बोतल उन्हें 700 रुपये में दी गई। इसका विरोध करने पर उनका दुकान संचालक से विवाद हो गया। बताया जा रहा है कि बाद में दुकान से जुड़े बृजेंद्र राय और जगदीश अंडे की दुकान पर पहुंचे और राजकुमार के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद राजकुमार घर पहुंचे और पत्नी को घटना की जानकारी देकर पुलिस थाने चलने के लिए कहा। पत्नी द्वारा खाना खाकर चलने की बात कही और रसोई में चली गई। युवक थाने चलने की जिद करने करने लगा और कमरे में जाकर और शायद आत्मग्लानि के कारण जंगले से कुर्ते का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें तुरंत हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन आक्रोशित होकर शव लेकर रनेह पहुंचे और पटेरा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों की मांग है कि तत्काल मुआवजा दिया जाए। मृतक के दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी प्रशासन ले तथा शराब दुकान संचालकों पर मामला दर्ज किया जाए। जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए। जिला पंचायत सदस्य मनीष तंतुवाय, जनपद सदस्य प्रतिनिधि मोती अहिरवार सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। पुलिस का कहना है कि थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन के अनुसार मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है। जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल रनेह में दोपहर 12 बजे से आरम्भ हुआ। सड़क जाम सायं 5 बजे तक जारी है और परिजन अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। प्रशासन की अगली कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हैं।

## माध्यमिक शाला अथाई में पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम संपन्न

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** प्रयास पर्यावरण संस्था ने अपने शालये जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक शाला अथाई में पर्यावरण संरक्षण कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें प्रयास के संगठक डॉ.एलसी जैन, अध्यक्ष प्रदीप कुमार अग्रवाल, वरिष्ठ सदस्य एमके खरे एवं कोषाध्यक्ष संतोष जैन हीरापुर ने अपनी उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम को एक प्रश्न मंच का रूप दिया गया प्रश्न मंच के प्रवेश राउंड का संचालन करते हुए प्रदीप अग्रवाल ने 20 विद्यार्थियों का चयन प्रश्नों के माध्यम से मुख्य प्रतियोगिता के लिए किया।

## एमपीएमआरए यूनियन ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापन

**दमोह (स्वतंत्र मत)।** चार लेबर कोड के विरोध में एमपीएमआरए दमोह यूनियन ने रैली निकालकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन द्वारा शहर में रैली निकालकर अपने अधिकारों की आवाज बुलंद की गई। प्रदर्शन के उपरांत लेबर इंस्पेक्टर को ज्ञापन सौंपकर इन लेबर कोड को लागून करने की मांग की। यूनियन पदाधिकारियों ने बताया कि इन चारलेबर कोड में श्रमिक हितों के खिलाफ कई प्रावधान हैं जिनसे श्रमिकों की जॉब सिक्योरिटी, वेतन, सामाजिक सुरक्षा तथा संगठनात्मक अधिकारोंपर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा।

# देवश्री गौरीशंकर मंदिर पहुंचे राज्यमंत्री पटेल

**हटा (स्वतंत्र मत)।** मप्र सरकार में राज्य मंत्री लखन पटेल हटा पहुंचे और देवश्री गौरीशंकर मंदिर में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम में शामिल हुए। दद्दा कला मंच पर आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में पहुंचे यंहा व्यास पीठ से राज्यमंत्री लखन पटेल का आयोजक मण्डल कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी की ओर से स्वागत किया गया। पं. अनिल प्रभाकर के मुखारविंद से श्रीमद्भागवत कथा में श्रीकृष्ण जन्म उत्सव में शामिल होकर राज्यमंत्री लखन पटेल ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप को गोद मे लेकर दुलार किया और सभी के साथ उत्सव मनाया और देवश्री गौरीशंकर जी महाराज के दर्शन कर पूजा अर्चना की और आशीर्वाद लिया। इस दौरान हटा विधायक उमादेवी खटीक, भाजपा उपाध्यक्ष अनुरागबर्धन सिंह हजारी सहित जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही। राज्यमंत्री लखन पटेल ने कहा कि आज भगवान भोलेनाथ के चरणों में आने का अवसर मिला। बहुत ही दिव्य और भव्य यज्ञ आयोजन हुआ। श्रीमद्भागवत कथा भी सुनने का मौका मिला में अपने आपको धन्य मानता हूं और कुंवर पुष्पेंद्र सिंह हजारी का धन्यवाद देता हूं।

## आज होगी भगवान जागेश्वरनाथ की हल्दी

दमोह (स्वतंत्र मत)

श्रीदेव जागेश्वर नाथ जी मंदिर बांदकपुर में 15 फरवरी शिवरात्रि को भगवान जागेश्वर नाथ पार्वती जी का विवाह होगा जिसकी 14 फरवरी को हल्दी रस्म होगी मंदिर ट्रस्ट के प्रवक्ता रवि शास्त्री महाराज ने बताया कि शिवरात्रि को संपूर्ण दिन एवं रात्रि भर धार्मिक आयोजन होंगे जिसमें सुबह 4 बजे मंदिर के पट खुलेगें रात्रि में लघुरूद्रात्मक रूद्राभिषेक होगा, गृंथि बंधन होगा। मंदिर ट्रस्ट द्वारा दर्शनार्थियों के लिए इस बार विशेष व्यवस्थाएं बनाई गई हैं जिससे दर्शनार्थियों को और भी सरलता से श्रीदेव जागेश्वरनाथ का जलाभिषेक दर्शन कर सकें पिछली बार की तरह इस बार गर्भ गृह प्रवेश निषेध रहेगा। समस्त श्रद्धालुओं से मंदिर ट्रस्ट की गाइडलाइन में दर्शन करने का आग्रह किया गया है।

# भारत माता की हुई महाआरती



## दद्दा कला मंच पर संपन्न हुआ विशाल हिंदू सम्मेलन

हटा (स्वतंत्र मत)

देव श्री गौरीशंकर मंदिर परिसर मे चल रहे अतिरुद्र यज्ञ, पार्थिव शिवलिंग निर्माण एवं श्रीमद भागवत कथा के दौरान ही हिंदू सम्मेलन आयोजित किया गया। दद्दा मंच पर आयोजित सम्मेलन में समिति अध्यक्ष अनुरागवर्धन सिंह हजारी के नेतृत्व में उपस्थित अतिथियों का पगड़ी बंधन कर स्वागत किया गया। सरस्वती पूजन एवं भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर सम्मेलन की शुरुआत की । जिसमें प्रांत संघ चालक प्रदीप, यज्ञाचार्य पं. मथुरा प्रसाद शुक्ल वाराणसी, सीतानगर शाला के महंत संतोष दास, रामगोपाल जी मन्दिर के महंत श्यामदास महाराज, महंत रामदास महाराज सहित अन्य अतिथियों द्वारा सम्मेलन में विचार व्यक्त किए गए। मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करते हुए प्रांत संघ चालक प्रदीप ने कहा कि पूरे भारत वर्ष में हिंदू सम्मेलन आयोजित किए जा रहे है। सम्मेलन का आशय यह है कि हमें अपने हिन्दू होने के गौरव को पुनः प्राप्त करना है, कई प्रांतों और देशों के भूगर्भ में मूर्तियां निकल रही है, यह हमारे गौरव को दर्शाता है, हमारा हिंदू क्यों पीछे हो रहा है, इसका कारण जात पात में बंटे हुए होना है। आज के 400 वर्ष पूर्व जिन्होंने 200 वर्ष तक शासन किया। उन्होंने यह धारणा फैलाई कि भारत एक कमजोर देश है। जबकि पश्चिमी देश कहते थे कि सूर्य पृथ्वी का चक्कर लगाता है लेकिन भारत ने पहले कहा था कि पृथ्वी और सभी ग्रह सूर्य का चक्कर लगाते है। हमारे पूर्वजो ने ग्रहण, मकर संक्रांति, तिथि, नक्षता, दिशा आदि का ज्ञान दुनिया को पहले ही दे दिया था जबकि पश्चिमी देशों ने इसे बाद में माना। आज हम अमेरिका तरफ भाग रहे है जबकि पूर्व में अमेरिका के दो यात्री भारत को खोजते हुए आए थे, आज हम क्यों पिछड़ रहे हैं हम क्यों दूसरे के पीछे भाग रहे है। हमें अपनी संस्कृति गौरव को ध्यान में रखकर अपने खोए हुए गौरव को पुनः प्राप्त करना है। जात पात से परे होकर सकल हिंदुओं को जागना होगा। हमारा सनातन धर्म पूरी दुनिया में फैला हुआ था, इंडोनेशिया देश में भगवान गरुण के नाम से एयरलाइंस चलती है।

# किसान की सुख समृद्धि के लिए सरकार संकल्पित

## नालेश्वर महोत्सव में किसान सम्मेलन में बोले मुख्यमंत्री

दमोह (स्वतंत्र मत)

हमारा किसान आर्थिक रूप से मजबूत हो उसके हाथों में सुख समृद्धि आए तब हमारे देश की तस्वीर अलग होगी। किसान की समृद्धि के लिए हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसी भी देश से चर्चा पर कृषि को सर्वोच्चता दी है। कृषि का उत्पादन बड़े दूध का उत्पादन बड़े इसके लिए प्रदेश की सरकार किसानों को हर संभव मदद करने के लिए संकल्पित है। यह बात प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने नोहलेश्वर महोत्सव नोहटा में आयोजित किसान सम्मेलन में कही। इस अवसर पर उन्होंने केन बेतवा नदी को जोड़कर सिंचाई परियोजना और सागर दमोह मार्ग को फोर लाइन के निर्माण कार्य को प्रारंभ करने की बात की



रासायनिक खाद की जगह जैविक खेती को बढ़ावा देते हुए जैविक खेती पर बल दिया रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व पर्यटन को बढ़ावा की दृष्टि से उन्होंने कहा कि 1 साल पहले 30 चीतल लाए थे आज 35 है। उन्होंने नोहलेश्वर मंदिर की प्राचीनता एवं कलाकृति की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें अपनी परंपराओं से जुड़े रहने में नई गति मिलती है। इस अवसर पर उन्होंने जबेरा विधानसभा में नोहटा पंचायत को सरकार के मापदंडों के अनुरूप परीक्षण उपरांत नगर परिषद बनाए जाने की घोषणा की तेंदूखेड़ा में स्टेडियम में बेहतर सुविधाओं और निर्माण के लिए स्वीकृति दी सांस्कृतिक मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी की प्रशंसा करते हुए कहा कि तुम अपने क्षेत्र के लिए जो भी चाहो हम देंगे। इसके अलावा दमोह विधानसभा हटा विधानसभा एवं पथरिया विधानसभा के लिए भी की गई मांगों को तत्काल मानते हुए स्वीकृत करने की घोषणा की किसानों के अलावा उन्होंने लाडली लक्ष्मी योजना के संदर्भ में स्मरण कराया की 127000 बहनों को वह 1500 रूपये प्रतिमाह दे रहे हैं लेकिन कांग्रेस के लोग कहते हैं कि कर्ज ले लेकर पैसा बांट रहे हैं और महिलाएं शराब पी जाती है। इस तरह के आरोप लगाकर कांग्रेस अपनी कुंठित मानसिकता प्रदर्शित कर रही है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास आलोचना करने के अलावा कोई काम नहीं है। इस अवसर पर जबेरा विधायक राज्यमंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह, जिला भाजपाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने भी मंच से अपनी बात रखते हुए क्षेत्र के विकास एवं निर्माण से संबंधित मांग रखी। जिसे मुख्यमंत्री ने साह्रदय स्वीकार करते हुए मंच से घोषणा कर दी। मंच पर उपस्थित पशुपालन मंत्री लखन पटेल, दमोह विधायक जयंत मलैया, हटा विधायक उमादेवी खटीक, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, पूर्व विधायक दशरथ सिंह लोधी, पूर्व विधायक चंद्रभान सिंह, पूर्व विधायक सोनबाई जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीत गौरव पटेल के अलावा अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।


**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.3241/6/2025-26
जबलपुर दिनांक 10.02.2026

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमति तारुलता कोष्टा पिता गुरुदत्त कोष्टा निवासी शुभंकर अपार्टमेंट राइट टाऊन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर स्थित भूमि खसरा नंबर. में से रकवा 448 वुर्गफुट भूमि पर ए.पी. भसीन अलोक उपाध्याय की विक्रय दिनांक 02.01.1997 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नामें दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25/2/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर वितार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.02.2026
पेशी दिनांक 25.02.2026

सील **तहसीलदार आधारताल जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार तहसील आधारताल, जबलपुर**

रा.प्र.क्र.3243/6/2025-26
जबलपुर दिनांक 10.02.2026

**आम इश्तहार**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक तारुलता कोष्टा पिता गुरुदत्त कोष्टा निवासी शुभंकर अपार्टमेंट राइट टाऊन जबलपुर के द्वारा मौजा सुभाष नगर प्लाट नंबर 559/1 स्थित भूमि खसरा नंबर. में से रकवा 583 वुर्गफुट भूमि पर पीयूष भट्ट की विक्रय दिनांक 12/12/2005 को हो जाने के कारण वर्तमान राजस्व अभिलेखों में नामें दर्ज किये जाने हेतु विक्रय पत्र / फौती / वसीयतनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र सहित अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 25/2/26 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकती है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर वितार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

जारी दिनांक 10.02.2026
पेशी दिनांक 25.02.2026

सील **तहसीलदार आधारताल जबलपुर**

**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**भेड़ाघाट रोड, धनवंतरी नगर, जबलपुर म.प्र. पिन-482003**

**भूखंड लीज नामांतरण हेतु जाहिर सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शिवनगर दमोहनाका कालोनी जबलपुर में भूखंड क्रमांक 127 श्री संतोष कुमार जैन पिता स्व. श्री धन्नालाल जैन के नाम आवंटित है जिसका विक्रय विलेख दिनांक 7.5.2003 को आवंटी के पक्ष में निष्पादित हो चुका है। आवंटी श्री संतोष कुमार जैन की मृत्यु दिनांक 26/6/2023 को हो गई है। आवंटी द्वारा संपत्ति पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 10/2/2016 में श्रीमती रागिनी जैन पति स्व.श्री प्रशांत कुमार जैन एवं प्रतीक जैन पिता स्व. श्री प्रशांत कुमार जैन को नामिनी नियुक्त किया था। अतः आवंटी के नामिनी श्रीमती रागिनी जैन पति स्व. श्री प्रशांत कुमार जैन एवं श्री प्रतीक जैन पिता स्व. श्री प्रशांत कुमार जैन ने उक्त संपत्ति को नामिनेशन के आधार पर लीज नामांतरण स्वयं के नाम करने हेतु आवेदन संगत दस्तावेजों के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत किये हैं। उसके आधार पर संपत्ति के नामांतरण की कार्यवाही इस कार्यालय में प्रचलन में है। यदि किसी व्यक्ति / वैद्य उत्तराधिकारी / संस्था आदि को उपरोक्त लीज नामांतरण बाबत कोई वैधानिक आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित में वैध आपत्ति स्वयं उपस्थित होकर सप्रमाण प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के पश्चात् लीज नामांतरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। जिस पर किसी की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**संपदा अधिकारी म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, जबलपुर**

**बेदखलीनामा / सार्वजनिक सूचना**

यह सर्वसाधारण, समस्त रिश्तेदारों, बैंकों, वित्तीय संस्थानों एवं आम जनता को विधिवत सूचित किया जाता है कि मैं, श्री बिठ्ठल राम उबनरे पिता एन. आर. उबनरे निवासी बी - 105, विवेकानंद वार्ड एम. आर. 4 रोड, पेट्रोल पम्प के सामने, रामेश्वमरम कालोनी बड़ी उखरी, बल्देविबाग, जिला जबलपुर आधार नं. 4720-5954-7052, अपनी समस्त स्व- अर्जित चल एवं अचल संपत्ति का एकमात्र वैध स्वामी एवं अधिकारधारी हूँ । मेरा पुत्र अभिषेक राव उम्र 31 वर्ष श्री बिठ्ठल राम उबनरे निवासी बी - 105, विवेकानंद वार्ड एम. आर. 4 रोड, पेट्रोल पम्पा के सामने, रामेश्वसरम कालोनी बड़ी उखरी, बल्देवबाग, जिला जबलपुर आधार नं. 3898-7153-4620 द्वारा निरंतर दुर्व्यवहार, अवज्ञा, पारिवारिक कर्तव्यों की अवहेलना एवं मेरे हितों के प्रतिकूल आचरण किये जाने के कारण, मैं आज दिनांक 14/02/2026 से उसे अपनी समस्त चल एवं अचल संपत्ति, धन-संपत्ति, बैंक जमा, निवेश, व्यवसाय, उत्तराधिकार एवं अन्य किसी भी प्रकार के अधिकार, हित एवं दावे से पूर्णतः बेदखल एवं त्याग करती हूँ। अतः उक्त पुत्र का मेरी किसी भी संपत्ति में वर्तमान अथवा भविष्य में कोई अधिकार, हिस्सा, दावा, उत्तराधिकार या स्वामित्व नहीं रहेगा तथा उसका कोई भी दावा विधि अनुसार अमान्य एवं शून्य माना जाएगा। साथ ही स्पष्ट किया जाता है कि यदि उक्त व्यक्ति किसी भी प्रकार का ऋण, उधार, लेन-देन, गारंटी, समझौता, अनुबंध या वित्तीय / कानूनी दायित्व लेता / लेती है, तो उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी स्वयं की होगी। उसके किसी भी कृत्य, कर्ज, देनदारी या दायित्व के लिए मैं या मेरा परिवार किसी भी प्रकार से उत्तरदायी या बाध्य नहीं होंगे। अतः सभी बैंक, वित्तीय संस्थान एवं आम जनता को चेतावनी दी जाती है कि उक्त व्यक्ति से किसी भी प्रकार का लेन-देन पूर्णत अपने जोखिम पर करें। यह सूचना भविष्य में किसी भी प्रकार के विवाद / दावे से बचाव हेतु जारी की जा रही है।

दिनांक-14/02/2026 स्थान- जबलपुर

**आदित्य शर्मा (अधिवक्ता)**
मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय जबलपुर (म.प्र.)
कार्यालय-26, नगर निगम मार्केट, पुलिस कण्ट्रोल रूम के सामने, घंटाघर, जिला जबलपुर (म.प्र.) - 482001
मो.नं. 9589466948, 9821072162




# आनापानसति ध्यान का प्रतिभागियों ने जाना महत्व

## हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन एवं जिनसार के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय कार्यशाला का आयोजन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी वुमेन्स कॉलेज ऑफ़ एजूकेशन एवं जबलपुर इंस्टिट्यूट ऑफ़ नर्सिंग साइंस एंड रिसर्च (जिनसार) के सयुंक्त तत्वाधान से पिरामिड स्पिरिचुअल सोसाइटीज मूवमेंट द्वारा महाविद्यालय की प्राचार्य, डॉ. सुलक्षणा त्रिपाठी के निर्देशन में आनापानसति ध्यान कराया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा अपने उद्बोधन में आनापानसति ध्यान के महत्व को बताते हुए कहा कि किस प्रकार हम अपने विचारों का शुद्धिकरण कर सकते हैं और अपने आसपास सकारात्मकता ला सकते हैं। कार्यक्रम में पिरामिड स्पिरिचुअल समिति मूवमेंट, दिल्ली से पधारी स्पीकर अलेख्या शास्त्री (सीईओपीएमसी हिंदी ओएमएन फाउंडर) ने सभी को 30 मिनट तक आनापानसति ध्यान कराया।

***विचारों का होता है शुद्धिकरण***- उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि हम किस प्रकार सफलता को पा सकते हैं यानी कि जो कार्य करने से हमें खुशी मिले वह सफलता है । उन्होंने चार प्रकार के विचार बताएं। जिसमें पहला विनाशकारी विचार, दूसरा नकारात्मक विचार, तीसरा सकारात्मक विचार और चौथा चमत्कारी विचार जिसके द्वारा हम जो सोचते हैं वैसा ही हमारे जीवन में होता है। उन्होंने बताया कि योग एवं ध्यान के द्वारा हम अपने आप से अंदर से ही जोड़ जाते हैं और हमारे विचारों का शुद्धिकरण होता है तथा इस ध्यान को करने की विधा हमको अपनी आती हुई सांस और बाहर जाती हुई सांसों पर ध्यान लगाना है।

### दर्जनों प्रतिभागी हुए सम्मिलित

इस कार्यक्रम में 200 से अधिक प्रतिभागी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम में महेश कुमार सिंह, कोषाध्यक्ष, पिरामिड स्पिरिचुअल सोसायटी, जबलपुर, सुमन सिंह, अध्यक्ष, जबलपुर, माधुरी मनवानी, जबलपुर, संगीता डोडानी, सदस्य, जबलपुर एवं पूजा लांबा, सदस्य, जबलपुर उपस्थिति रही। कार्यक्रम में रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की सहायक अध्यापिका, डॉ. रानी वैध उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नर्सिंग महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य, प्रिंसी शाजी एवं समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का संचालन एवं आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय कार्यशाला की कोऑर्डिनेटर, डॉ. निरुपमा पाठक द्वारा किया गया। आयोजन को सफल बनाने में डॉ. रश्मि शुक्ला, जया सामदेकर, डॉ. निधि माथुर, कार्यालयीन कर्मचारी, नितिन साहू, शाश्वत गुप्ता, अविनाश लखेरा, प्रेमलता चौबे, सुधा चौधरी एवं विजय दहायत का योगदान रहा।

## न्यायपथ कार्यशाला का आयोजन आज

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शीघ्र एवं प्रभावी न्याय का मार्ग प्रशस्त करने हेतु अखिल भारतीय अधिवक्ता परिषद द्वारा आज 14 फरवरी शनिवार को होटल आईटीसी वेलकम, तिलवारा रोड में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीपति जस्टिस जेके माहेश्वरी कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। विशिष्ट अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस संजीव सचदेवा उपस्थित होंगे। मध्यस्थता एवं अन्य वैकल्पिक समाधान विषय पर आयोजित कार्यशाला का सुबह 10 बजे से प्रारंभ होकर 3 सत्रों में सम्पन्न होगी। कार्यशाला को न्यायाधिपति विवेक रूसिया, आनंद पाठक एवं छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के वरिष्ठ न्यायाधिपति संजय एस अग्रवाल भारत सरकार के अतिरिक्त महान्यायवादी सुनील जैन, महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, अधिवक्ता परिषद के महासचिव विक्रम दुबे भी संबोधित करेंगे।

# तेज रफ्तार ट्रक के ब्रेक लगाते ही पीछे से जा घुसी कार, 2 युवकों की मौत

## भेड़ाघाट थाना क्षेत्र में दर्दनाक हादसा, जांच में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

शादी समारोह से कार में लौट रहे एक दर्दनाक हादसे का शिकार हो गए। बताया जा रहा है कि कार के आगे चल रहे एक ट्रक चालक अनियंत्रित होकर अचानक ब्रेक लगा दिया। जिससे पीछे चल रही कार ट्रक में जा घुसी। इस हादसे में 2 युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि अन्य की हालत गंभीर है। इस मामले में भेड़ाघाट थाने में लक्ष्मी प्रसाद पटेल उम्र 42 वर्ष निवासी कठौंदा ग्रीन सिटी माढोताल ने सूचना देकर बताया कि उसका भतीजा यशवंत पटेल उर्फ साहिल, अभिनव पटेल एवं हर्ष पटेल अपने साथी सौरभ पटेल एवं नमन तिवारी के साथ स्विफ्ट कार से रात में भेड़ाधाट रिसॉर्ट से शादी में शामिल होकर अपने घर कठौंदा माढ़ोताल जा रहे थे। कार भतीजा यशवंत उर्फ साहिल चला रहा था। कार के आगे आगे ट्रक चल रहा था।

***सिर में आई गंभीर चोटें***- जैसे ही यह लोग कार सहित ग्राम बहदन जेसीबी कम्पनी के सामने हाईवे रोड पर पहुंचे तभी ट्रक का चालक अपने ट्रक को तेज गति लापरवाही से चलाते हुये अचानक ट्रक का ब्रेक लगा दिया जिससे भतीजे यशवंत पटेल उर्फ साहिल की कार पीछे से ट्रक के पीछे जाकर घुस गई। कार चला रहे यशवंत उर्फ साहिल एवं कार में चालक सीट के बाजू वाली सीट में बैठे सौरभ पटैल को चेहरे एवं सीना सिर में चोट आने पर मौके पर मृत्यु हो गई। वहीं कार में पीछे बैठे हर्ष पटेल, अभिनव पटेल एवं नमन तिवारी को चेरहे सिर एवं शरीर में चोटें आई हैं। घटना की जानकारी लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## जारी रहेगा रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन संचालन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** यात्रियों की सुविधा और यात्रा मांग को पूरा करने के उद्देश्य से पश्चिम मध्य रेल से प्रारम्भ/टर्मिनेट होने वाली रीवा-सीएसएमटी-रीवा के मध्य दिंनाक 27 फरवरी तक संचालित होने वाली साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन के फेरे दोनों दिशाओं में 17-17 ट्रिप बढाये गये है। अब यह स्पेशल ट्रेन रीवा से प्रत्येक गुरूवार 25 जून तक तथा छत्रपति शिवाजी महराज टर्मिनस (सीएसएमटी) से प्रत्येक शुक्रवार 26 जून तक चलेगी गाड़ी संख्या 02187 रीवा-सीएसएमटी स्पेशल ट्रेन प्रत्येक गुरूवार रीवा से दोपहर 15.50 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शुक्रवार दोपहर 12.20 बजे छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस पहुंचेगी। इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 02188 सीएसएमटी-रीवा स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शुक्रवार छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से दोपहर 13.30 बजे प्रस्थान कर और दूसरे दिन शनिवार सुबह 09.45 बजे रीवा पहंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर, गाडरवारा, पिपरिया, इटारसी, हरदा, खंडवा, भुसावल, जलगांव, मनमाड, नासिक रोड, इगतपुरी, कल्याण, दादर रूकेगी।



## पुलिस ने खोज निकाली घर से गायब हुई किशोरी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** लार्डगंज थाना प्रभारी नवल सिंह आर्य ने बताया कि एक 36 वर्षिय महिला ने रिपोर्ट दर्ज कर बताया था कि उसकी 17 वर्षीय बेटी बिना बताये कही चली गयी है। जो तलाश करने पर नहीं मिली। पुलिस ने तुरंत इस मामले में किशोरी की तलाश शुरू की। पतासाजी के दौरान पुलिस ने किशोरी को दस्तयाब किया। जिसने पूछताछ करने पर माता पिता का आपस में विवाद होने के कारण घर से चली गयी थी एवं ग्वारीघाट में अकेले रह रही थी। पुलिस ने सकुशल किशोरी को माता-पिता के सुपुर्द करते हुए उन्हें समझाइश दी।

# सेवावृति प्रभुलाल करेचा की जयंती पर विविध आयोजन




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

हितकारिणी उच्चतर माध्यमिक शाला, गोरखपुर में शुक्रवार को संस्थापक स्व. सेवाव्रती प्रभुलाल करेचा की जयंती का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शिवदत्त मिश्रा रहे। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा वाद विवाद प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता एवं संस्कृत के श्लोक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्या परिषद की संयोजक नरेश तिवारी, शाला की प्राचार्य चित्रा परिहार, एचएम अर्चना बक्शी, उप प्राचार्य आरएस चौबे, श्रद्धा पटेरिया, सौरभ सेन, मुकेश तिवारी एवं सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा।

# शादी समारोह में चली तड़ातड़ गोलियां, 2 घायल

## सिविल थाने का मामला, जांच में जुटी पुलिस



जबलपुर (स्वतंत्र मत)

गुरुवार की रात रोटरी क्लब सिविल लाइन में आयोजित शादी समारोह के दौरान गोली चलने से इलाके में दहशत का माहौल निर्मित हो गया। फायरिंग में 2 युवकों के घायल हो गए, जिन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पूरा घटनाक्रम गैंगवॉर से जुड़ा बताया जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं पर जांच कर रही है। निजी अस्पताल में भर्ती दुर्गेश पाण्डे उर्फ पंड़ा निवासी शिवनगर भवानी फ्लावर के पास ने पुलिस को बताया कि वह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करता है। वह अपने दोस्तों हर्ष यादव और श्रीकांत राय के साथ मोहल्ले के दोस्त गोलू सोंधिया की शादी में शामिल होने रोटरी क्लब गया था। शादी समारोह में शामिल होकर रात करीब 11.30 बजे रोटरी क्लब से बाहर निकले। जैसे ही वे गेट के पास सामने रोड पर पहुंचे, तभी दो एक्सिस वाहन वहां आए। एक एक्सिस में तीन युवक बैठे थे, जिनके बीच में मुक्कू पटेल बैठा था। दूसरी एक्सिस देवू पटेल चला रहा था, बीच में लकी पटेल तथा पीछे गुल्ली उर्फ अभिषेक गोस्वामी बैठा था। इसी दौरान लकी पटेल और गुल्ली उर्फ अभिषेक गोस्वामी ने अपने पास रखे पिस्टल से जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। गोली दुर्गेश पाण्डे के बाएं पैर की जांघ में लगी, जबकि उनके साथी श्रीकांत राय के दाहिने हाथ की भुजा और पसली के पास गोली लगी। इस मामले में सिविल लाइन थाने की पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

## ट्रांजिट विजिट पर डुमना एयरपोर्ट पहुंचे सीएम यादव

जबलपुर (स्वतंत्र मत)

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का शुक्रवार को भोपाल से वायुयान द्वारा दोपहर 1.31 बजे जबलपुर एयरपोर्ट आगमन हुआ। मुख्यमंत्री डॉ यादव एयरपोर्ट से ही दोपहर 1.40 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा दमोह जिले के ग्राम देवरी हरदुआ के लिए प्रस्थान किया। इस दौरान एयरपोर्ट पर विधायक अशोक रोहाणी, डॉ अभिलाष पांडे, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, नगर भाजपा अध्यक्ष रत्नेश सोनकर आदि उपस्थित रहे।

# संगठन को सशक्त बनाने के साथ-साथ नए कार्यकर्ताओं को मिलेगी जिम्मेदारियां

## कांग्रेस ने आयोजित की संगठन समिति की बैठक




जबलपुर (स्वतंत्र मत)

कांग्रेस पार्टी द्वारा शुक्रवार को संगठन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसका उद्देश्य संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत और सक्रिय बनाना था। बैठक में प्रदेश से लेकर पंचायत स्तर तक संगठन की विभिन्न इकाइयों के गठन और उनकी सक्रियता की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के संबंध में नगर कांग्रेस अध्यक्ष सौरभ शर्मा ने बताया कि वर्तमान में संगठन सृजनात्मक अभियान चल रहा है। इसके तहत हर स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने, रिक्त पदों को भरने और निष्क्रिय पदाधिकारियों को सक्रिय करने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि जिला एडहॉक कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडलम अध्यक्ष समितियों के गठन की प्रक्रिया लगभग पूरी हो चुकी है। अब पंचायत कांग्रेस कमेटियों के गठन पर तेजी से काम किया जा रहा है।

***नए कार्यकर्ताओं को मिलेगी जिम्मेदारी*** - बैठक में जिला कांग्रेस कमेटी के गठन को लेकर भी विस्तार से चर्चा हुई। इसमें अब तक की प्रगति, शेष कार्यों और निर्धारित समयसीमा पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही संगठन में नई ऊर्जा लाने, नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने और संगठन का विस्तार करने की रणनीति पर भी मंथन किया गया।

***एसआईआर की हुई समीक्षा***- एजेंडे में एसआईआर (विशेष मुद्दे) की समीक्षा भी शामिल थी। इस विषय पर अब तक की कार्यवाही और भविष्य की रणनीति पर चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त, जिन पदों पर बैठे पदाधिकारी सक्रिय नहीं हैं, वहां नए और सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की प्रक्रिया पर भी विचार किया गया।

ग्रामीण क्षेत्रों में मनरेगा से जुड़े मुद्दों को लेकर चल रहे मनरेगा बचाव संघर्ष अभियान की भी समीक्षा की गई। प्रदेश स्तर से जुड़ी महिला कार्यकर्ताओं द्वारा किए जा रहे कार्यक्रमों और जनसंपर्क गतिविधियों पर भी चर्चा हुई।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि संगठन समिति की बैठकें प्रत्येक माह नियमित रूप से आयोजित की जाएंगी। इससे संगठन की गतिविधियों की निरंतर समीक्षा हो सकेगी और आवश्यक निर्णय समय पर लिए जा सकेंगे। बैठक के अंत में उपस्थित पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के सुझाव भी लिए गए, जिन पर आगे की कार्यवाही का आश्वासन दिया गया।

# पड़रिया केंद्र पर बना नकल का प्रकरण
## बोर्ड परीक्षा में अनुपस्थित रहे कई विद्यार्थी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** माध्यमिक शिक्षा मंडल, भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षाओं के अंतर्गत शुक्रवार को कक्षा 12वीं की परीक्षा में भौतिकी, अर्थशास्त्र, विज्ञान के तत्व, इतिहास एवं एनिमल हस्बेंडरी विषयों के प्रश्नपत्र आयोजित किए गए। साथ ही कक्षा 10वीं की परीक्षा का शुभारंभ उर्दू विषय के प्रश्नपत्र से हुआ। जिले के समस्त परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं अनुशासित वातावरण में संपन्न कराई गई। जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने बताया कि जिले में कुल 99 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की गई। कक्षा 12वीं के विभिन्न संकायों में कुल 15,809 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 15,633 उपस्थित रहे तथा 176 परीक्षार्थी अनुपस्थित पाए गए। शहरी क्षेत्र के 47 परीक्षा केंद्रों में 9,429 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 9,283 उपस्थित एवं 146 अनुपस्थित रहे। ग्रामीण क्षेत्र के 52 परीक्षा केंद्रों में 6,380 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 6,350 उपस्थित एवं 30 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर कक्षा 12वीं में कुल 176 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। कक्षा 10वीं के उर्दू विषय हेतु जिले में 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे, जिनमें 871 परीक्षार्थी पंजीकृत थे। इनमें से 861 उपस्थित एवं 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। इस दौरान श्रीनिवास राव, उपाध्यक्ष, माध्यमिक शिक्षा मंडल, मध्यप्रदेश एवं जिला शिक्षा अधिकारी श्री घनश्याम सोनी द्वारा संयुक्त रूप से शहर के विभिन्न परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी।
ई-मेल-**smatjbp1@ gmail.com,** फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, **RNI No. 64561/96.**